वर्ष- 12 अंक - 29
लखनऊ, शनिवार 14 सितंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं : एके शर्मा 03

भारत को कोई सुई भी चुभेगी, तो 140 करोड़ लोगों को होगा दर्द : धनखड़ 12


## संक्षिप्त समाचार

### 7वें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां सातवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन–2024 का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन में उभर रही राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों के समाधान पर राज्यों और सशस्त्र बलों के शीर्ष पुलिस अधिकारी मंथन करेंगे। इस दौरान वार्षिक डीजी और आईजी सम्मेलन दौरान लिए गए निर्णय को जमीन पर उतराने के लिए राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की ओर से बनाए गए डैशबोर्ड लॉन्च किया गया। सम्मेलन से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन गुमनाम शहीदों की याद में बनाए गए शहीद स्तंभ पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

### सोना एक दिन में 1,243 रुपए महंगा, 73,044 प्रति दस ग्राम

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमतों में आज (13 सितंबर) तेजी देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, शुक्रवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,243 रुपए बढ़कर 73,044 रुपए पर आ गया। गुरुवार को इसके दाम 71,801 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, एक किलो चांदी 2,912 रुपए बढ़कर 86,100 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले गुरुवार को चांदी 83,188 रुपए किलो प्रति पर थी। इस साल सोना अप्रैल में 73,302 प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच चुका है। वहीं, चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी। इस साल सोने में अब तक 9 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी आईबीजेए के अनुसार इस साल अब तक सोने के दाम 9,692 रुपए बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,352 रुपए पर था, जो अब 73,044 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी के दाम 73,395 रुपए से बढ़कर 86,100 रुपए पर पहुंच गए हैं।

### चित्तूर में भीषण सड़क हादसा आठ की मौत व 30 घायल

**चित्तूर।** जिले में चित्तौड़ और पालमनेर के बीच मोगिली घाट के पास शुक्रवार दोपहर को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक रोडवेज बस और लोहे की सरिया लदी लॉरी की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई और जबकि अन्य 30 तक यात्री घायल हुए हैं। घायलों को नजदीकी वेल्लोर और चित्तूर के अस्पतालों में ले जाया गया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवारों को सहायता देने का भरोसा दिया। पुलिस ने बताया कि आंध्र प्रदेश राज्य परिवहन निगम की एक बस तिरुपति से बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी।

### मेश्वो नदी में डूबने से आठ लोगों की मौत, दो लापता

**गांधीनगर।** देहगाम तहसील के वासणा सोगठी गांव के पास मेश्वो नदी में शुक्रवार को गणपति विसर्जन के दौरान 10 लोग डूब गए। इनमें 8 लोगों का शव बरामद किया गया है। बाकी 2 लोगों की तलाश जारी है। प्रशासन ने यह जानकारी दी। 8 शवों को पोस्टमार्टम के लिए निकटवर्ती अस्पताल में ले जाया गया है। 6 दिन के दौरान गणपति विसर्जन के दौरान डूबने की यह चौथी घटना है, जिसमें अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी ने डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चौथे स्थापना दिवस समारोह के दौरान कहा

# दो वर्ष में इंसेफेलाइटिस पर पाया काबू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पांच वर्ष पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से ग्रस्त था। वहां 15 जुलाई से 15 नवंबर के बीच 1200 से 1500 मौतें होती थीं। अकेले गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 700 मौतें होती थीं। यह क्रम पिछले 40 वर्ष से चल रहा था। इस दौरान 50 हजार बच्चों की मौतें हुईं, लेकिन पिछली सरकारों का इससे कोई लेना-देना नहीं था। जब इसे रोकने के लिए सुविधा देनी होती थी तो वह भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाते थे। यह सिस्टम की नाकामी थी। उन्होंने सांसद रहते हुए सड़क से लेकर सदन तक मुद्?दा उठाया, जिसके बाद काम शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह के दौरान वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन और नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान योगी ने कई प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और प्रोफेसर जेआर को मेडल-सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफेसेलाइटिस पर लगाम लगाने के लिए गोरखपुर को एम्स दिया। वहीं 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर इसे खत्म करने की जिम्मेदारी मेरी हो गयी। इस पर काम शुरू किया गया और वर्ष 2019 में इस पर नियंत्रण पा लिया गया। उसी का परिणाम है कि आज पूर्वी उत्तर प्रदेश इंसेफेलाइटिस से मुक्त हुआ है। आज यहां पर मौत जीरो हो गयी हैं। यह दृढ़ संकल्प और आप सभी के सहयोग से हो पाया है, जबकि इसके खात्मे के बारे में पहले कोई सोच नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस को लेकर इस बार भी दो बार सर्वे कराया गया, जिसमें सामने आया कि एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है। आज पूर्वी उत्तर प्रदेश खुशहाल है। यह सब बेहतर समन्वय और संवाद से हो पाया। आज इंसेफेलाइटिस को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है, लेकिन अफसोस है कि अब तक इस पर कोई स्टडी पेपर नहीं लिखा गया, जबकि यह सफलता का मॉडल है। वहीं वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी आई तो टीम 11 का गठन कर काबू पाया गया। यह हमें इंसेफेलाइटिस के सफलतापूर्वक समाधान के बाद प्राप्त हुए अनुभव से संभव हुआ। कोविड-19 पर काबू पाने में इसी अनुभव का लाभ प्राप्त हुआ। योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की दिशा में तेजी के साथ बढ़ रहा है। पहली बार केंद्र और राज्य सरकार पीपीपी मोड पर भी मेडिकल कॉलेज बनाने की कार्रवाई को बढ़ा रही हैं। आने वाले अगले 5 से 7 वर्ष में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप हम एक जिला एक मेडिकल की कॉलेज की तरफ बढ़ चुके हैं। प्रदेश के सभी पीएचसी, सीएचसी को डॉक्टर मिलेंगे। इसके साथ ही आरएमएल, एसजीपीजीआई, केजीएमयू समेत अन्य संस्थानों को अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक मिलेंगे। इसके लिए हमें टीमवर्क के साथ काम करना होगा। आरएमएल उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत का गेटवे है। यह उपब्लधि ऐसे ही नहीं मिली है। इसके पीछे सकारात्मक सोच और टीमवर्क है।



### यूपी में पांच करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत के कार्ड बने

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अकेला ऐसा राज्य है, जहां 5 करोड़ 11 लाख से अधिक आयुष्मान भारत के गोल्डन कार्ड जारी किये जा चुके हैं। यूनियन कैबिनेट ने 70 वर्ष से ऊपर के हर एक व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से 7 वर्ष पहले इसके बारे में कोई सोच नहीं सकता था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से बिना भेदभाव के इलाज के लिए पैसे दिये जा रहे हैं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में केजरीवाल को मिली जमानत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने श्री केजरीवाल की याचिका पर उन्हें यह राहत दी। दोनों न्यायाधीशों ने मुख्यमंत्री को 10 लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानती बौंड पर रिहा करने का आदेश दिया।

सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हालांकि, दोनों न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति कांत ने सीबीआई की ओर से की गई श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी को न्यायोचित करार दिया, जबकि न्यायमूर्ति भुइयां ने गिरफ्तारी को गैर जरूरी बताया। न्यायमूर्ति भुइयां ने याचिकाकर्ता की इस दलील को स्वीकार किया कि धन शोधन मामले में उनकी जमानत को विफल करने के लिए सीबीआई ने एक प्रकार से पहले से तय गिरफ्तारी की थी।

### केजरीवाल को जमानत मिलना संविधान की जीत : अखिलेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिलने को संविधान की जीत बताया है। यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय व जन कल्याणकारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत 'संविधान की जीत है। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी ही संविधान का दुरुपयोग करते हैं और न्याय के दरवाजे पर दी गयी दस्तक हमेशा सुनी जाती है। दुनिया अब तक इसी परंपरा पर आगे बढ़ी है और भविष्य में भी बढ़ती रहेगी।

# केन्द्र सरकार ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर किया श्री विजयपुरम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्राचीन श्री विजय साम्राज्य से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा, 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है।

इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है। शाह ने कहा, यह द्वीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा सबसे पहले तिरंगा फहराने से लेकर सेलुलर जेल में वीर सावरकर व अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के द्वारा मां भारती की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का स्थान भी है।

### शेयर बाजार में निवेश के नाम पर व्यवसायी के 26.28 लाख रुपए उड़ाए

**मुरादाबाद ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के एक व्यवसायी ने थाना साइबर क्राइम में तहरीर दी। उसने बताया कि दो माह पहले एक युवती ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल की और शेयर बाजार में निवेश कराने के फायदे बताए। इसके बाद आरोपित युवती ने विभिन्न तिथियों में दो व्हाट्सएप ग्रुपों में 26.28 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित की तहरीर पर शुक्रवार को थाना साइबर क्राइम ने मामले में आरोपित युवती के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। सिविल लाइंस के कांठ रोड निवासी पीतल कारोबारी जियाउर्रहमान ने बताया कि बीते 02 जुलाई को उनके व्हाट्सएप नम्बर पर मल्लिका ज्योति नाम की युवती ने मैसेज और कॉल की।

### यूपी : चार पीपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ ।** शासन ने शुक्रवार को प्रांतीय पुलिस सेवा के चार अफसरों के तबादले कर दिए। इसमें दो अपर पुलिस अधीक्षक और दो पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

एसपी ग्रामीण अयोध्या अतुल कुमार सोनकर को गाजीपुर में एसपी ग्रामीण के पद पर भेजा गया है। वहीं गाजीपुर में तैनात एसपी ग्रामीण बलवंत कुमार चौधरी को इसी पद पर अयोध्या में तैनाती दी गई है। इसी तरह पुलिस उपाधीक्षक शिव ठाकुर को कानपुर देहात से बुलंदशहर और डीजीपी मुख्यालय पर तैनात जिलाजीत को सीबीसीआईडी में तैनाती दी गई है।

## अवमानना याचिका वाले सात अभ्यर्थियों को एक अंक देकर किया गया उत्तीर्ण

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** परीक्षा नियामक प्राधिकारी ने 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती में गलत आंसर की वाले सात अभ्यर्थियों को एक-एक अंक देकर उत्तीर्ण घोषित कर दिया है। यह जानकारी परीक्षा नियामक प्राधिकारी के सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में लम्बित अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दी।

इस पर कोर्ट ने सभी अवमानना याचिकाओं को पहले से लम्बित विजय कुमार भारती की अवमानना याचिका से सम्बद्ध करने का निर्देश दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने

**69,000 सहायक अध्यापक भर्ती मामला**

69,000 सहायक अध्यापक भर्ती में गलत आंसर की के लिए एक अंक देकर नियुक्ति की मांग में दाखिल चार अवमानना याचिकाओं पर दिया है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी उपस्थित हुए। स्थायी अधिवक्ता ने उनका व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर बताया कि प्रदेश शासन के संयुक्त सचिव ने सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी को शासनादेश भेजा है, जिसमें अवमानना याचिकाओं में शामिल सात याचियों को एक अंक देते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है।

# ईडी ने कोलकाता समेत सात स्थानों पर की छापेमारी

एजेंसी

**कोलकाता।** राशन घोटाले की जांच को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फिर से कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार सुबह कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के सात विभिन्न स्थानों पर ईडी ने छापेमारी की। इनमें शेक्सपियर सरणी, उलुबेरिया, जयनगर और कल्याणी शामिल हैं। खासकर, कल्याणी के एक आदिवासी क्षेत्र में ईडी की टीम ने छापेमारी की।

इस कार्रवाई में एक फूड इंस्पेक्टर के घर की भी तलाशी ली गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिलने की संभावना जताई जा रही है। ईडी लंबे समय से राशन घोटाले की जांच कर रहा है। जांच की शुरुआत में ही कई जगहों पर



छापेमारी की गई थी और संदिग्ध लोगों से पूछताछ हुई थी। इस मामले में राज्य के पूर्व मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक के करीबी सहयोगी बाकिबुर रहमान को गिरफ्तार किया गया था। बाद में खुद ज्योतिप्रिय मल्लिक को भी हिरासत में लिया गया था। गिरफ्तार लोगों की सूची में बनगांव नगर पालिका के पूर्व प्रमुख भी शामिल थे। हालांकि, हाल ही में बाकिबुर सहित कुछ लोगों को जमानत मिल गई, क्योंकि जांच में उनके घोटाले से सीधे तौर पर जुड़े होने के प्रमाण नहीं मिले थे। घोटाले की रकम को उनके व्यापार में इस्तेमाल किए जाने का कोई ठोस सबूत भी नहीं मिला। इसी बीच, शुक्रवार सुबह एक बार फिर ईडी ने अचानक छापेमारी शुरू कर दी। ईडी के अधिकारी कोलकाता के कार्यालय से सात टीमों में बंटकर शेक्सपियर सरणी, उलुबेरिया, जयनगर और कल्याणी समेत विभिन्न स्थानों पर पहुंचे। कल्याणी में आदिवासी इलाके में ईडी की टीम ने छापेमारी की।

### अमृतपाल के रिश्तेदारों के घरों पर एनआईए की छापेमारी



**चंडीगढ़।** एनआईए जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह को घेरने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार सुबह एनआईए की टीमों ने मोगा और अमृतसर में छापेमारी की है। यह छापेमारी अमृतसर के बाबा बकाला सब-डिवीजन में हुई है। तीन जगहों पर हुई छापेमारी का सीधा संबंध अमृतपाल सिंह से है। इसके साथ ही मोगा जिले के बाघापुराना के कस्बे स्मालसर में कवि मक्खन सिंह मुसाफिर के घर पर भी छापेमारी की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अमृतसर में राया के पास फेरुमान रोड पर अमृतपाल सिंह के चाचा परहत सिंह के घर पर छापेमारी की गई है जबकि दूसरी छापेमारी अमृतसर के सठियाला के पास बुटाला में अमृतपाल के साले के घर और तीसरी छापेमारी मेहता के बहनोई के घर पर की गई। तीनों छापे अमृतपाल से जुड़े हैं।

### ज्ञानवापी तहखाने की छत पर होती रहेगी नमाज

**वाराणसी ।** वाराणसी कोर्ट ने शुक्रवार (13 सितंबर) को ज्ञानवापी के व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने तहखाने की मरम्मत कराने का आदेश देने से भी इनकार कर दिया। हालांकि, व्यास तहखाने में चल रही पूजा जारी रहेगी। हिंदू पक्ष की याचिका पर सिविल जज सीनियर डिवीजन हितेश अग्रवाल ने यह आदेश दिया। हिंदू पक्ष ने याचिका में मांग की थी कि व्यास तहखाने की छत पर नमाजियों की एंट्री रोकी जाए। अब हिंदू पक्ष मरम्मत की मांग को लेकर जिला कोर्ट में अपील करेगा। अभी व्यास तहखाने की छत पर नमाज पढ़ी जाती है और नीचे तहखाने में पूजा होती है।

## राजस्व विभाग में खुलने वाला है भर्तियों का पिटारा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और नायब तहसीलदार के साथ-साथ लिपिकीय संवर्ग के सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए तत्काल प्रक्रिया प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक जैसे पदों के लिए जहां पदोन्नति लम्बित है, वहां तत्काल प्रक्रिया पूरी की जाए।

उन्होंने कहा है कि राजस्व विभाग सीधे तौर पर आम आदमी से जुड़ा हुआ है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों से लेकर पैमाइश, नामांकन, घरौनी, खतौनी, सर्वे, पट्टा सहित ढेरों महत्वपूर्ण प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके,



**मुख्यमंत्री का निर्देश- लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार के खाली पदों को तत्काल भरें**

इसके लिए न केवल विभाग के रिक्त पदों पर नई नियुक्ति की आवश्यकता है, बल्कि आवश्यकतानुसार नवीन पदों का सृजन किया जाए। यही नहीं, उन्होंने राजस्व परिषद के अंतर्गत बन्दोबस्त आयुक्त (ग्रामीण) बन्दोबस्त आयुक्त (नगरीय) तथा निदेशक प्रशिक्षण का नवीन पद सृजित करने की भी जरूरत बताई। शुक्रवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में राजस्व विभाग के कामकाज और उपलब्ध मानव संसाधन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राजस्व विभाग और राजस्व परिषद में काम के बदलते स्वरूप और अधिकता को देखते हुए दक्ष युवाओं की तैनाती की जानी चाहिए।

# एससी-एसटी कानून के तहत सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पद का दुरुपयोग, होगी जांच

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को उस मामले की जांच करने का निर्देश दिया है, जिसमें झांसी में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता के पद का दुरुपयोग अधिकारी द्वारा एससी-एसटी एक्ट 1989 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने और अधिनियम के तहत मुआवजे की मांग में किया जा रहा है।

याचिकाकर्ता नंबर एक ललिता यादव झांसी में जिला समाज कल्याण अधिकारी, झांसी के रूप में तैनात है और याचिकाकर्ता नंबर 2 पहले उसी पद पर तैनात था। दोनों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर शिकायतकर्ता के इशारे पर उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता और एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज



एफआईआर को चुनौती दी है। इन पर आरोप है कि याचिकाकर्ताओं ने अपनी आधिकारिक क्षमता में अधिनियम के तहत मुआवजे का केवल एक हिस्सा वितरित किया था, और बाकी को गैरकानूनी रूप से रोक दिया था।

याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट को बताया कि शिकायतकर्ता ने उक्त कानून के तहत कल्याण योजना से मुआवजा पाने के लिए नियमित रूप से झूठा आपराधिक मुकदमा दायर कर रहा था। यह दलील दी गई कि साक्ष्य के अनुसार शिकायत कर्ता ने लगभग 21 लाख रुपये लिए हैं। हालांकि, याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा कि विभिन्न व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए राशि 27 लाख रुपये लिया गया है। यह तर्क दिया गया कि याचिकाकर्ता भुगतान किए गए मुआवजे के लिए जिम्मेदार नहीं थी। क्योंकि वह उस समय झांसी में तैनात नहीं थी। इसके अलावा, यह तर्क दिया गया कि भले ही दूसरा याचिकाकर्ता झांसी में तैनात था, लेकिन मुआवजे को देने में चार सदस्यीय समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था। जस्टिस विवेक कुमार बिड़ला और जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने कहा कोर्ट पाती हैं कि प्रथम दृष्ट्या यह ए डी जी सी (आपराधिक) के आधिकारिक पद के दुरुपयोग का एक स्पष्ट उदाहरण प्रतीत होता है।

**सफलता**


**कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम**

# नौसेना ने दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल

### नौसेना के युद्धपोतों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया। दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने समुद्र से आने वाले हवाई खतरे की नकल करते हुए उच्च गति वाले कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी



गई इस मिसाइल को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है। डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह मैक 4.5 यानी 5556.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ती है। इसे किसी भी जंगी जहाज से दागा जा सकता है। इस मिसाइल की तैनाती इसी साल होनी संभावित है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि ये 360 डिग्री में घूमकर अपने दुश्मन को खत्म करके ही मानती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ ने उड़ान मार्ग और वाहन के प्रदर्शन मापदंडों की निगरानी उड़ान डेटा का उपयोग किया। परीक्षण के लिए विभिन्न रेंज उपकरणों राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री सिस्टम को आईटीआर, चांदीपुर ने तैनात किया गया था। डीआरडीओ और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रक्षेपण की निगरानी की। भारतीय नौसेना के जहाजों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे।

### नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी प्रणाली

एक बार तैनात होने के बाद यह प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी। इस मिसाइल की टेस्टिंग इसलिए की जा रही है, ताकि भारतीय युद्धपोतों से बराक–1 मिसाइलों को हटाकर स्वदेशी हथियार लगाया जा सके। बराक–1 मिसाइल इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स ने मिलकर बनाई है। इस मिसाइल का वजन 98 किलोग्राम होता है। बराक–1 सरफेस–टू–एयर–मिसाइल 6.9 फीट लंबी होती है। इसका व्यास 6.7 इंच होता है। इसकी खासियत ये है कि इसकी नाक में यानी सबसे ऊपरी नुकीले हिस्से में 22 किलोग्राम वॉरहेड रखा जा सकता है।

# बारिश से गिरी कच्ची दीवार, पिता की मौत, पुत्र घायल

## उपजिलाधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अड़े परिजनों को थाना प्रभारी ने समझाया, पोस्टमार्टम कराने को हुए राजी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार से हो रही रुक रुक कर बारिश व तेज हवाओं के चलते रात में भरभरा कर गिरी कच्ची दीवार के नीचे पिता पुत्र दब गए। पत्नी के शोर मचाने से इक्ट्ठा हुए ग्रामीणों ने मिट्टी हटाकर दोनो को निकाला तब तक पिता की मौत हो चुकी थी पुत्र घायल हो गया।

मितौली थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में बीती गुरुवार की रात को तेज हवाओं व बारिश के बीच एक घर की कच्ची दीवार गिर गई। दीवार पर पड़ी टीन के नीचे चारपाई पर लेटे पिता पुत्र दब गए। पत्नी पूजा देवी के शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोगों ने इकट्ठा होकर मिट्टी हटाकर दोनो को बाहर निकाला। दीवार के नीचे दबे कल्लू उर्फ रमाकांत मिश्रा पुत्र कर्ताकृष्ण उम्र 44 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। साथ में लेटा कल्लू का 6 वर्षीय पुत्र अर्पित घायल हो गया।



सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव, उपनिरीक्षक प्रशांत श्रीवास्तव नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या, कानूनगो जितेन्द्र चंदेल, लेखपाल शिवकुमार सिंह व हल्का लेखपाल विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे। उपजिलाधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अड़े परिजनों को थाना प्रभारी के समझाने पर पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए। हल्का लेखपाल पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा ,ग्रामीणों के मुताबिक लगभग छः माह बाद दानपुर गांव पहुंचे हल्का लेखपाल विक्रम सिंह पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। परिजनों ने कल्लू की मौत की सूचना दिए जाने के बावजूद लेखपाल ने अपने प्राइवेट कर्मचारी योगेश वर्मा को मौके पर बयान व फोटो लेने के लिए भेजा। परिजन व ग्रामीणों ने लेखपाल के न आने पर ऐतराज जताया। योगेश ने मौके की स्थिति से लेखपाल को अवगत कराया। लेखपाल के पंहुचने पर परिजन सक्षम अधिकारी को मौके पर बुलाने के लिए अड़ गए। वहीं ग्रामीणों में लेखपाल विक्रम सिंह पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसी काम के लिए फोन करो तो कहते हैं, योगेश से मिल लेना।

लेखपाल का सारा कामकाज योगेश वर्मा ही देखता है, यहां तक कि लेखपाल के हस्ताक्षर बनाकर मोहर लगाने का भी अधिकार है। ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड आदि के फार्म के साथ सबूत भी सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। छः माह पहले रास्ते के विवाद का निस्तारण कराने गए लेखपाल के विवादित बयान कि हम जूते की नोंक से फैसला कराने वाले लेखपाल हैं, को लेकर भी खूब ग्रामीणों ने हंगामा काटा। वहीं कोई भी काम जरिए प्राइवेट कर्मचारी के बिना पैसे लिए नहीं किया जाता है। दीवार के नीचे दबकर मृत हुए कल्लू के परिजनों ने पूर्व में गिरी कच्ची दीवार की रिपोर्ट लगाने के एवज में पैसे की मांग की गई थी। परिजनों ने कहा अगर लेखपाल ने रिपोर्ट लगा दी होती,दैवीय आपदा में आवास मिल गया होता। तो कल्लू की जान नहीं गई होती। कुछ माह पूर्व में आए आंधी तूफान से डलुआपुर गांव के दो घरों में कमला देवी व छोटेलाल के ऊपर छप्पर गिर गया था। जिसमे दोनों लोग चोटिल हो गए थे। लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के बजाय उनके घरों को गैर आवासीय बता दिए थे। बीती रात दानपुर के राधे व डलुआपुर के बंशीलाल की दीवारें गिरीं हैं। थाना प्रभारी राजू राव ने परिजनों को समझा बुझा कर शव को पी एम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया । म्रतक अपने पीछे पत्नी व 3 लड़के व 2 लड़की छोड़ गया है।म्रतक के बच्चों को कमा कर खिलाने वाला अब कोई नही है।

# प्रणव सुलक्ष्य को मॉरीशस में मिला शोध पत्र अवार्ड

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल ऑफ इंडोलॉजिकल स्टडीज, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, मोका मॉरीशस और ग्लोबल संस्कृत फोरम, भारत के संयुक्त तत्वावधान में 5 और 6 सितंबर 2024 को मॉरीशस में भाषा और संस्कृति में संस्कृत की स्थाई विरासत विषय पर आधारित वैश्विक संस्कृत सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में अमेरिका, इंग्लैंड ,फ्रांस ,मॉरीशस तथा भारत आदि के 250 से अधिक विद्वानों और शोध छात्रों ने अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया । महत्वपूर्ण यह है कि इस वैश्विक सम्मेलन में सहभागिता हेतु ग्लोबल संस्कृत फोरम के महासचिव और इस वैश्विक सम्मेलन के संयोजक डॉ राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में भारत से गए हुए 24 विद्वानों के प्रतिनिधिमंडल में प्रणव सुलक्ष्य त्रिवेदी को भी चुना गया। प्रणव सुलक्ष्य के शोध पत्र को तथ्यात्मक व प्रामाणिक निष्कर्ष के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शोध पत्र के रूप में चुना गया और मॉरीशस की उप प्रधानमंत्री महोदया श्रीमती लीला देवी लुचुमुन, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ रामपरताब की उपस्थिति में विद्वानों के द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र और सम्मान प्रदान किया गया। मॉरीशस की उप प्रधानमंत्री श्रीमती लीला देवी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। मॉरीशस की उप प्रधानमंत्री ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए प्रणव सुलक्ष्य त्रिवेदी के शोध पत्र की सराहना की। इस वैश्विक सम्मेलन में ग्लोबल संस्कृत फोरम के संरक्षक प्रोफेसर सेन पाठक यू एस ए,डायरेक्टर जनरल महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट मॉरीशस , रामप्रताप यू एस ए तथा डॉक्टर कमल चंद्र राधा कृष्ण मॉरीशस का इस वैश्विक सम्मेलन के आयोजन में विशेष योगदान रहा।



# भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने डोर टू डोर चलाया सदस्यता अभियान

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा सदस्यता महाभियान के तहत शुक्रवार को कस्बे के शांति दास बाबा मंदिर परिसर में भाजपा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई।इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएं जाने पर बल दिया गया।

बैठक के पश्चात पूर्व जिलाध्यक्ष ने डोर टू डोर जाकर लोगों को मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की खूबियां गिनाई तथा सैकड़ों लोगों को भाजपा की सदस्यता भी दिलाई। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांव- गांव बूथ -बूथ तक जब तक सदस्य नही बना लिए जाते तब तक यह सदस्यता महाभियान चलता रहेगा। भारत विकास के साथ साथ विकसित देशों की सूची में शामिल होने जा रहा है।इस परिकल्पना को साकार करने के लिए हमें भाजपा का सदस्य बनकर प्रधानमंत्री मोदी के हांथो को मजबूत करना है।



सदस्यता अभियान के कुम्भी मंडल संयोजक आत्मानंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है। भाजपा से जुड़ कर विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा किया जा सकता है।इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष सच्चिदानन्द शुक्ला,महामंत्री रामनाथ राठौर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुचित प्रताप सिंह,युवा मोर्चा महामंत्री पपिल कुमार,पुनीत मिश्रा, राममूर्ति यादव,पवन शर्मा, रामगोपाल, स्वामी दयाल, रोहित शर्मा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वॉयस आफ लखीमपुर गायन प्रतियोगिता के समूहों में योनित, अनमोल, सक्षम व फैज़ बने विजेता



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसी जनसंपर्क सप्ताह के अन्तर्गत चतुर्थ दिवस वॉयस आफ लखीमपुर (एकल गायन प्रतियोगिता) आयोजित की गई। प्रतियोगिता चार वर्गों में सम्पन्न हुई। सबसे पहले प्रतियोगिता का ऑडीशन राउंड कराया गया जिसमें 36 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया।

ऑडीशन राउंड में निर्णायक की भूमिका का दायित्व गायन में अपनी अलग पहचान बना चुकीं निशी सिंह, शेखर म्यूज़िकिल ग्रुप के प्रमुख श्यामजी शेखर व बांकेगंज से पधारी गायिका गायत्री सिंह द्वारा निभाया गया। कार्यक्रम कुमार उत्कर्ष की अध्यक्षता, अमित अग्रवाल के संयोजन, राहुल माथुर व विश्वास सेठ के निर्देशन तथा आर्येन्द्र पाल सिंह व विशाल सेठ के मार्गदर्शन व कुशल संचालन में कराया गया। फाननल राउंड में प्रतिभागियों की गायकी को निर्णायक के रूप में संगीत की मर्मज्ञ जसविंदर कौर, असिस्टेंट प्रोफेसर पूजा शुक्ला, किशोर अवार्ड विनर प्रकाश आर्या व शिक्षिका नेहा पुरी द्वारा परखा गया। देर रात तक चले कड़े मुकाबले के बीच जूनियर के विशेष वर्ग में योनित पुरी विजेता व ईशान यादव उपविजेता बने।प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अनमोल मौर्या विजेता, जितेश बाजपेई उपविजेता बने और सार्थक राजपूत को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में सक्षम सिंह ने विजेता की ट्राफी अपने नाम की, वहीं विनायक श्रीवास्तव व तनिमा क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता के विशेष वर्ग में फैज़ खान ने अपनी विजय पताका फहराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुभम पाण्डेय इस वर्ग के उपविजेता व पूर्णिमा देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी चयनित प्रतिभागियों को शील्ड, मैडल व प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। टायर हाउस व माइक्रो टेक इन्वर्टर द्वारा इस प्रतियोगिता को स्पांसर किया गया। लखनऊ से पधारे माइक्रोटेक सहायक ब्रान्च मैनेजर समीर बाजपेई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व टायर हाउस के प्रोपराइटर

**सभी चयनित प्रतिभागियों को दिए गए शील्ड, मेडल व प्रमाणपत्र, टायर हाउस व माइक्रो टेक इन्वर्टर द्वारा इस प्रतियोगिता को स्पांसर किया गया**

डॉ0वासिफ खान बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। प्रतियोगिता में विशाल सेठ, आर्येन्द्र पाल सिंह, सौरभ वर्मा, कनिष्क बरनवाल, कुलदीप गुप्ता, अमर सिंह, कुमार उत्कर्ष, अमित अग्रवाल, राजेश पटेल, राहुल माथुर, विश्वास सेठ, कनिष्क बरनवाल, दिलीप बरनवाल, अर्चित महेन्द्र, सचिन अग्रवाल, ऋतिक साहू, अंकित मित्तल, रामजी पुरी, वेदांत गुप्ता, शुभम टण्डन, अजय कुमार महेन्द्र, सोनी गुप्ता, पूजा पुरी, शिप्रा श्रीवास्तव, आरती सिंह, पारूल पटेल के साथ अनेक संस्था सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही।

## बैंक लोन के बावजूद एआरटीओ के ट्रक ट्रांसफर कराने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी।** एआरटीओ एवं बैक की मिलीभगत से भ्रष्टाचार कर उत्पीडन किए जाने का आरोप लगाते हुए पीडित लालबहादुर निवासी सिसांवाकला पोस्ट कोटवा ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीडित लालबहादुर ने बताया कि उसने एक ट्रक अपने भाई महेन्द्र वर्मा से खरीदा था। जिसका एआरटीओ आफिस से उसके नाम पर ट्रांसफर भी करा दिया गया। जब वह एआरटीओ आफिस परमिट लेने पहुंचा। तो उसे गाडी पर लोन बातकर वाहन को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया। तथा परमिट देने से मना कर दिया। पीडित का आरोप है कि यदि वाहन पर लोन था तो आरसी पर अंकित क्यों नहीं किया गया। तथा एआरटीओ द्वारा उसके नाम पर ट्रांसफर क्यों कर दिया गया। जिससे स्पष्ट है कि जनपद के दोनो विभाग सांठ गांठ कर लोगों का उत्पीडन कर रहे है। यहीं नहीं इसके बाद बैक कर्मचारी पुलिस के साथ उसके घर पहुंचे और वाहन को जबरन खींच ले गए। तथा सादे कागज पर उसके हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद पीडित लालबहादुर ने अपने थाना फरधान क्षेत्र की पुलिस से शिकायत कर रिपोर्ट लिखने के लिए दी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के बजाए उसे कोर्ट जाने की नसीहत दी। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक को आनलाइन प्रार्थना पत्र भेजा। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीडित ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव को पत्र भेजकर एआरटीओ व बैक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि दोनो की मिलीभगत से उसके साथ अन्याय किया जा रहा है। यदि वाहन पर लोन था तो वाहन ट्रासंफर क्यो किया गया। तथा एआरटीओ विभाग द्वारा आरसी पर लोन अंकित क्यों नहीं किया गया।

# बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन अलर्ट डीएम ने की सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ की संभावित विभीषिका, नदियों में बढ़ने वाले जलस्तर को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बेहद संजीदा हैं। बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियो को न केवल विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं, बल्कि एसडीएम से नियमित बातचीत भी कर रही हैं।

डीएम ने सभी बाढ़ चौकियों को भी अलर्ट कर दिया है। सभी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार, तहसीलदार और एसडीएम को भी नदी किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए ताकीद किया गया है। डीएम ने जनता से अपील की है कि घबराएं न अपने को सुरक्षित कर लें।

**बढ़ रहा शारदा का जलस्तर, प्रशासन ने कराई गांव-गांव यह मुनादी**

प्रशासन हर स्थिति से निपटने को तैयार है। जनता को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। शारदा नदी के निकटवर्ती गांव जहां जलस्तर बढ़ने से प्रभावित होने की थोड़ी भी आशंका है, वहा के ग्रामवासियो से सुरक्षित स्थान पर जाने की अपील की। डीएम के निर्देश पर एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शारदा के निकट बसे गांव में मुनादी कराकर ऊंचे स्थानों पर स्थानों पर शरण लेंने, नदी किनारे पर न जाने की अपील कर रहे। प्रशासन द्वारा नदी किनारे बसे ग्रामीणों को अलर्ट जारी करते हुए उन्हें सावधान किया जा रहा हैं।

### बढ़ रहा शारदा का जलस्तर, प्रशासन ने कराई गांव-गांव यह मुनादी

**पलिया।** एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने बताया कि बनबसा बैराज से 4.61 लाख क्यूसेक पानी रिलीज किए जाने विषयक संज्ञानित कराया गया है। इस कारण तहसील पलिया के ग्राम गोविन्दनगर, भानपुरी खजुरिया के क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होने की सम्भावना है। गोविन्दनगर तथा भानपुरी खजुरिया के स्थानीय लोगों से अपील की जाती है कि वे अपेक्षाकृत ऊंचे स्थानों पर शरण लें तथा नदी किनारे पर न जाए, न ही नदी में नाव इत्यादि ले जाए।

### बनबसा से डाउनस्ट्रीम में छोड़ा गया 4.61लाख क्यूसेक पानी

अधिशाषी अभियंता (बाढ़खंड) शारदा नगर अजय कुमार ने बताया कि नेपाल राष्ट्र और उत्तराखंड राज्य में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बनबसा बैराज से डाउनस्ट्रीम में आज दिन में 03 बजे 4.61लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया,लगातार बारिश होने के कारण अभी और डिस्चार्ज बढ़ने की संभावना है। शारदा बैराज पर लगभग 30-35 घंटे में इसका असर आने की संभावना है, जिसके कारण शारदा बैराज से लगभग 03 लाख क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। चूकि घाघरा नदी में भी डिस्चार्ज क्रमश बढ़ रहा है, जिससे निचले हिस्सो में कई दिनों तक जलभराव बने रहने की संभावना है। इसलिए सतर्कता और सावधानी बरतने की जरूरत है।

## इनरव्हील क्लब ऑफ नवदिशा ने मनाया गणेश उत्सव

**लखीमपुर खीरी।** इनरव्हील क्लब ऑफ नवदिशा ने शिक्षा दिवस और गणेश उत्सव को बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया। यह भव्य कार्यक्रम कुंवर खुश्रवत राय विद्यालय में आयोजित किया गया, जहां क्लब के सदस्यों के बच्चों ने भगवान गणेश और कार्तिकेय के रूप में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया और रूपाली शेखर जी ने अत्यंत मधुर और मनमोहक भजन गाकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षा दिवस पर क्लब की ओर से शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, क्योंकि शिक्षक ही हमारे राष्ट्र के वास्तविक निर्माता होते हैं। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्याओं ने एक साथ मिलकर भजन और कीर्तन का आनंद उठाया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी पवित्र और उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट कुमकुम गुप्ता, आईएसओ कनक बरनवाल और अन्य सदस्याएं भी उपस्थित रहीं।

# नेशनल हाईवे गोला-खुटार रोड पर जंगल में पलटी बस, बाल- बाल बच्चे सभी यात्री

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना मैलानी के क्षेत्र मे नेशनल हाईवे 730 गोला -खुटार जंगल पर टेडवा पिकेट के पास जंगल मे एक बस शुक्रवार सुबह लगभग 4:30 बजे रोड किनारे पलट गई जिसकी बस जो जालंधर से नेपाल देश जा रही थी।

सूचना पर चौकी प्रभारी मोहित पुण्डीर, मय हमराह कांस्टेबल विकास कुमार, कांस्टेबल योगेन्द्र सैनी, मौके पर पहुंच कर सभी यात्री को सुरक्षित निकलवाया, चौकी प्रभारी संसारपुर मोहित पुंडीर ने बताया बस में कुल 36 सवारीयां बैठी थी, बस का चालक इन्दर



खण्डका निवासी पनौठा (वढौनी बार्डर) नेपाल का रहने वाला है, बस में एक महिला और बच्चे को हलकी-फुलकी चोट आई थी, जिनका प्राथमिक इलाज करवाया गया। बाकी सभी यात्री सुरक्षित बस से निकल गए और दूसरी बस बुलवाकर नेपाल देश भिजवा दिए गए।

# प्लांट पर निर्मित होने वाले पुष्टाहार की नियमित करें मॉनिटरिंग: डीएम

## प्लांट संचालक ने दीदीओ से की वार्ता, ली प्लान्ट संचालन उत्पादन की जानकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत मीरपुर में स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित आस्था प्रेरणा लघु उद्योग टीएचआर प्लांट (टेक टू होम राशन) का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीएम ने प्लान्ट संचालन और उत्पादन के सम्बन्ध में प्लांट की संचालक दीदीओ से वार्ता की। टीएचआर निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन कर राशन गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने पोषण बनाने वाली मशीन और उसकी प्रक्रिया, अनाज आदि की जानकारी ली। पोषण के



मानकों को पूरा रखने का निर्देश दिया। साफ-सफाई व मानकों का ध्यान देने का निर्देश दिया। स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पोषण आहार बनाकर स्वावलंबन की नई इबारत लिख रही हैं। निरीक्षण के दौरान डीएम को प्लांट के आसपास चीटियां दिखी तो साफ सफाई के प्रति सचेत करते हुए अपने सम्मुख साफ-सफाई कराई। निर्देश दिए कि मशीनों के आसपास साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बरती जाए। इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। डीएम ने वजन मशीन से प्रोडक्ट का वजन करवाया और तैयार पुष्टाहार की गुणवत्ता भी परखी। निर्देश दिए कि प्लांट पर निर्मित होने वाले पुष्टाहार की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। निरीक्षण में प्लांट संचालित और क्रियाशील मिला। इस दौरान उपायुक्त स्वत रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्र, एडीएसटीओ सूर्य प्रकाश, एडीओ आईएसबी विजय अवस्थी, सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी, ग्राम प्रधान विकास वर्मा मौजूद रहे।

# छह किलोवाट वाले कनेक्शनों पर लगे स्मार्ट मीटर



**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला ईकाई गोला के जिलाध्यक्ष अरुण अवस्थी की अगुआई में दर्जनों व्यापारी विजली दफतर पहुंचे। जहां व्यापारियों ने बिजली उपखंड के अधीनस्थ क्षेत्रों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रक्रिया का विरोध व्यक्त करते हुए अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन दिया।

व्यापारी नेता अरुण अवस्थी ने ज्ञापन में कहा कि बिजली उपखंड कार्यालय के अधीन क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने व सर्वे का कार्य चल रहा है। इसे लेकर आम जनमानस में गहरा रोष है। उन्होने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तभी सतोषजनक हो सकती है। जबकि इस प्रकार के मीटर सर्वप्रथम तमाम सरकारी कार्यालयों, ब्लाक, बैंक, थाना, तहसील आदि के पश्चात छहः

**ब्लैक लिस्टेड कंपनी से स्मार्ट मीटर लगवाने का आरोप**

किलोवाट से अधिक लोड वाले उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाए। ज्ञापन के साथ ही उन्होने मांग की है कि यदि उनके द्वारा ज्ञापन में वर्णित स्थानों पर प्रथम वरीयता के आधार पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए। तो व्यापारी संगठन धरना प्रदर्शन, अनशन, आमरण अनशन करने के लिए विवश होगा। इस मौके पर शिवम गुप्ता, गुल मोहम्मद इराकी, अशोक तिवारी, प्रवीण गुप्ता नगर महामंत्री, लियाकत हुसैन, आमिर खान सइदी, मोहन लाल वर्मा, ब्रजेश राजपूत बबलू, अली हुसैन, नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

# रुक रुक कर हो रही बारिश से किसानों की फसलें हुई चौपट



**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बुधवार से तेज हवाओं के साथ रुक रुक कर हो रही भारी बारिश के चलते किसानों की कई फसलें बर्बाद हुई हैं।साथ ही कई गरीबो के आशियाने भी तेज हवाओं का शिकार हुए हैं। फसलो में मुख्य रूप से धान व तिल तथा गन्ने की फसलें छति ग्रस्त हुई हैं। वैसे भी इस बार किसान कुदरत की लगातार मार झेल रहा है। जून, जुलाई ,माह में बारिस न होने के कारण धान,गन्ना तथा तिल की फसलें प्रभावित हुई हैं। किसानों ने बढ़ती हुई डीजल तथा खाद की कीमतों की मार को झेलते हुए अपनी फसलों को जिंदा रखा था अचानक किसी की नजर लगने से उनकी फसलों को काफी छति हुई है। बुधवार से रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश होने के कारण क्षेत्र की बहुतायत धान व तिल की फसलों को जमीदोस कर दिया।

# मूड़ा अस्सी में बाघ को पुनः किया लोकलाइज

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र मूड़ा अस्सी में बाघ को पुनः लोकलाइज कर लिया गया है। बाघ को पकड़ने हेतु उक्त स्थल पर पिंजरे लगाये गये हैं। डॉ. दया, पशुचिकित्सक एवं डॉ. नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक कानपुर चिड़ियाघर वनकर्मियों के साथ क्षेत्र को आइसोलेट करते हुये बाघ को ट्रैंक्युलाइज करने का प्रयास कर रहे हैं। बाघ को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया के दौरान लोगों को उक्त क्षेत्र में जाने से रोका गया है। वनकर्मी इमलिया, अजान, मूड़ा जवाहर, घरथनियां एवं बांसगाव सहित समीपवर्ती ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के दृष्टिगत संवाद स्थापित कर रहे हैं। क्षेत्र में हुयी बारिष



के कारण क्षेत्र में कुछ घंटे कांम्बिंग प्रभावित हुयी किन्तु 13.09.2024 की जल्द सुबह बाघ को पकड़ने हेतु बांधे गये पड्डु पर बाघ द्वारा किये गये हमले के बाद बाघ को लोकलाइज कर लिया गया। मोहम्मदी एवं गोला के बाघ प्रभावित क्षेत्रों में मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में बाघ मित्र ग्रामीणवासियों को वन्यजीव एवं जनमानस सुरक्षा के उपाय सुझायेंगे। ग्राम के चौराहों, नुक्कड़ों एवं पंचायत भवनों में गोष्ठियां आयोजित की जा रही हैं। जनजागरूकता कार्यक्रम में प्रशासन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के साथ डब्लूडब्लूएफ-इण्डिया संस्था का सहयोग लिया जा रहा हैं। जनमानस से अपील की जाती है कि उक्त क्षेत्र में कहीं भी वन्यजीव देखे जाने अथवा पगमार्क मिलने पर तत्काल वनकर्मियों को सूचित करें। वनकर्मियों के पहुंचे तक क्षेत्र में न जायें। सूर्यास्त के बाद खेत खलियान में न जायें। खुले में शौच के लिए कदापि न जायें।

# श्रृंगवेरपुर में कराया जाएगा पार्किंग व अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में भगवान श्रीराम से जुड़े सभी स्थलों का प्राथमिकता के आधार पर विकास किया जाएगा। देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। रामायण सर्किट के महत्वपूर्ण स्थल श्रृंगवेरपुर में चार करोड़ रुपए से पार्किंग निर्माण होगा।

यहां पहले से भव्य निषादराज पार्क का निर्माण हो रहा है। इसी के समीप पार्किंग का निर्माण होना है। इससे पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह

**▸ श्रृंगवेरपुर में चार करोड़ रुपए से पार्किंग होगा निर्माण**

ने बताया कि पर्यटन विभाग इस पावन स्थल को प्राथमिकता के आधार पर विकास कर रहा है। पार्किंग में 08 बसें, 36 कार पार्किंग में खड़ी करने की व्यवस्था रहेगी। पेयजल की सुविधा के साथ शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा। श्रृंगवेरपुर धाम मां गंगा के तट पर प्रयागराज मुख्यालय से लगभग 40 किमी की दूरी पर स्थित परम पावन भूमि है। श्रृंगवेरपुर धाम वह भूमि है जहां पर मां गंगा के तट पर माता शांता एवं श्रृंग ऋषि की तपोभूमि एवं आश्रम था, जो वर्तमान में भी पूरी भव्यता के साथ स्थापित है। श्रृंगवेरपुर धाम जहां से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने भगवती सीता, अनुज लक्ष्मण के साथ वन गमन के समय रात्रि वास करते हुए द्वितीय दिवस में नौका द्वारा गंगा पार किया था। निषादराज किला पुरातात्विक स्थल श्री रामघाट, निषादराज पार्क समेत अनेक दर्शनीय स्थल है। श्रृंगवेरपुर में प्रत्येक माह अमावस्या और पूर्णिमा को मेला लगता है। कार्तिक माह में एकादशी से पूर्णिमा तक मेले का आयोजन होता है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

# शिक्षा ही सिर्फ एक ऐसा माध्यम जो जाति में बंटने से बचाएगा

## राज्यपाल आनंदीबेन ने शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 130 मेधावियों को दिए मेडल

**▸ भारत ने सदियों से विश्व को ज्ञान सिखाया अब भी सिखा रहा**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने लखनऊ में कहा- जाति में बंटिए मत, फंसिए मत। बिचौलिए जहां भी हों, दूर कीजिए। शिक्षा ही सिर्फ एक ऐसा माध्यम है, जो आपको जाति में बंटने से बचाएगा। संस्कार और हमारी परंपराएं ही हमारे लिए सब कुछ हैं। इसलिए बंटिए मत। राज्यपाल ने कहा- आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी ताकत होती है। हिम्मत से सबकुछ हासिल किया जा सकता है।

राज्यपाल लखनऊ के शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं। राज्यपाल ने 130 मेधावियों को मेडल भी दिए। राज्यपाल ने पीएम मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा- कल प्रधानमंत्री ने पैरा ओलिंपिक में मेडल पाने वाले सभी 29 खिलाड़ियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री खुद झुक गए और दिव्यांग खिलाड़ियों के हाथ से मेडल पहना। उन्होंने कहा सालों तक नालंदा विश्वविद्यालय टूटा-फूटा पड़ा था। किसी ने ध्यान नहीं दिया। हमारे प्रधानमंत्री ने ही इसे फिर से बनाया। बहुत सारे ऐसे काम उन्होंने किए, जिसे किसी ने नहीं किया। भारत ने सदियों से विश्व को ज्ञान सिखाया है। अब भी सिखा रहा है।

विनय पत्रिका लेने के लिए चीन के फाह्यान भारत आए। 3 साल का समय उन्हें आने में लगा। हिमालय पर्वत पार किया और बिहार पहुंचे। तब उन्हें वह पुस्तक मिली। पुस्तक संस्कृति में थी। फिर 3 साल वहीं रुककर संस्कृति पढ़ी, फिर उसे चीन ले गए। राज्यपाल ने कहा मुख्य अतिथि मुरलीकांत पेटकर जी को नमन करती हूं। उन्हें भारत का पहला पैरालिंपिक में स्वर्ण पदक मिला। जब ये सेना में थे, तो 9 गोलियां लगी थीं। फिर भी जीवित हैं। इनके जीवन पर फिल्म चंदू चैंपियन बनी है। हम सभी को इस फिल्म को देखना चाहिए।

अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कहा युवाओं से मुझे कहना हैं कि आपको जाति में नहीं फंसना है। शिक्षा से ही जाति के नाम पर लोगों को बंटने से बचाया जा सकता है। भारत ने सदियों से विश्व को ज्ञान सिखाया है। विनय पत्रिका लेने के लिए चीन के फाह्यान भारत आए।

## खबरें एक नजर में

### एसीएफ के तहत ढूंढे गए चार टीबी मरीजों को लिया गोद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत जनपद में नौ से 20 सितम्बर तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल के नेतृत्व तथा जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए.के.सिंघल के निर्देशन में सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान (एसीएफ) चल रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि अभियान शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं। इसी क्रम में सदर क्षेत्र में ढूंढे गये चार टीबी मरीजों को संस्था इनरव्हील द्वारा लिया गया है। इन चार दिनों में अभी तक मलिन बस्तियों, दूरस्थ क्षेत्रों सहित जनपद के अन्य क्षेत्रों में कुल 3. 5 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गयी जिनमें संभावित लक्षणों के आधार पर 3499 लोगों के स्पुटम की जाँच की गयी और 145 लोगों में टीबी की पुष्टि हुयी। इन सभी टीबी रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया है और इनकी आवश्यक जांचें करायी गयी हैं और इनकी जांचों का विवरण तथा अन्य सारी जानकारियों निक्षय पोर्टल पर अपलोड कर दी गयी हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि लोग स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सहयोग करें वह जब भी घर आयें तो उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दें। घर में यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण हैं तो स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जानकारी दें जिससे कि उनकी जाँच कर इलाज शुरू किया जा सके।

### हिन्दू महासभा त्रिदंडी उ.प्र. के पदाधिकारियों की बैठक आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी उत्तर प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी, नगर, जिला व मण्डल अध्यक्षों और प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक कल 14 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कुर्सी रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में बुलायी गयी है। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे की मजबूती और अन्य कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। इन चर्चाओं में उत्तर प्रदेश उपचुनाव तैयारी तथा अवैध रूप से बनी मस्जिदों, लक्ष्मण टीला का मामला भी शामिल है।

### श्रीनगर लाल चौक पर 30 सितंबर को विशाल धरना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा लखनऊ में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोपाल राय का भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री राय ने बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार,मंदिरों का तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएं अत्यंत दुखद और निंदनीय हैं। बांग्लादेश में पाकिस्तान के इशारे पर हिंदुओं का कत्लेआम किया जा रहा है उनके संपति पर कब्जा भी जा रहा है जो कि अपने आप में एक गंभीर विषय है। श्री गोपाल राय ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि 1990 में जिन कश्मीरी पंडितों को घाटी से निकाला गया था उन्हें जल्द से जल्द वहां बसाया जाए तथा उनके जान माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।श्री राय ने आगे कहा कि इन तमाम गंभीर मुद्दों को लेकर विश्व हिंदू रक्षा परिषद 30 सितंबर को श्रीनगर के लाल चौक पर एक विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन करेगी।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में योग तरंग का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफयोग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत योग सभागार में योग तरंग नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मंच पर राम देखे सिया को, नामक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त आदियोगी कार्यक्रम के साथ ही साथ कथक नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया। फैकल्टी के को-आर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि संगीतमय योग कार्यक्रमों से शरीर का नर्वस सिस्टम तरंगित होता है। जिसके परिणाम स्वरुप उच्च रक्तचाप, तनाव, अवसाद जैसी बीमारियों में अभ्यासी को लाभ प्राप्त होता है। और शरीर में आनंद उत्पन्न करने वाले हार्मोन्स का स्तर बढ़ता है। परिणाम स्वरुप आनंद एवं संतुष्टि का भाव उत्पन्न होता है। विभिन्न वैज्ञानिक अनुसंधानों से यह भी प्रमाणित हुआ है कि संगीतमय योग के अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर योगाचार्य राजेश कुमार द्विवेदी का योग एवं जीवन पर व्याख्यान हुआ उपरोक्त कार्यक्रम अनुष्का सिंह, मधु त्रिपाठी, सपना कुशवाहा, व्याख्या सिंह, अवनी रावत, पीयूष तिवारी, अनंत अवस्थी, तन्मय श्रीवास्तव, सिद्धार्थ आनंद ने प्रस्तुत किया।

### 60 लाख का नकली घी बरामद, विभाग ने की कार्रवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में फूड सेफ्टी डिपोर्टमेंट की टीम ने 60 लाख का नकली घी बरामद किया है। शुक्रवार को छापेमारी के दौरान कार्रवाई की गई। कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जांच टीम ने कहा कि कई दिन से नकली घी बेचने की शिकायत मिल रही थी। आलमबाग में बालाजी ट्रेडिंग कंपनी है। यह कंपनी तेल और देशी घी सप्लाई का काम करती है। शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम कंपनी के गोदाम में पहुंची। 10 क्विंटल से ज्यादा नकली घी जब्त कर लिया। बरामद की गई घी की कीमत 60 लाख 26 हजार रुपये है। निरीक्षण के दौरान कंपनी के मालिक कृष्ण गोपाल अग्रवाल के पास खाद्य लाइसेंस की वैधता 19 अप्रैल 2024 तक ही थी। इसके साथ ही 1905 लीटर कालातीत घी भी जब्त किया गया। मामले की जांच जारी है और खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लखनऊ विवि के पास धंसी 10 फीट सड़क

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ यूनिवर्सिटी के पास शुक्रवार सुबह को एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। बता दें कि एलयू के पास अचानक से करीब 10 फीट सड़क धंस गई। रोजाना यहां से हैवी ट्राफिक होकर गुजरता है, लेकिन सड़क के अचानक धंसने लोगों में भय व्याप्त हो गए। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क के नीचे से पानी का रिसाव हो रहा था, जिसकी वजह से सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इस हादसे के बाद रास्ते को डायवर्ट किया गया। गनीमत रही कि सड़क धंसने के समय वहां पर कोई वाहन नहीं गुजर रहा था, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। शहर में पिछले काफी समय से लगातार भारी बारिश हो रही है। बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इस बीच लखनऊ यूनिवर्सिटी से आईटी मार्ग पर नीचे से पानी का रिसाव हो रहा था। लगातार पानी का रिसाव होने के कारण सड़क धंस गई। सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया। यह गड्ढा इतना बडा है कि इसमें एक कार आराम से फिट हो सकती है। सड़क धंसने के बाद लोक निर्माण विभाग ने इलाके में बैरिकेडिंग करा दी है। साथ ही ट्रैफिक डायवर्जन भी किया गया है।

### मूल विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने नहीं पहुंचे शिक्षक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शहर के सरकारी विद्यालयों में नियम विरुद्ध संबंध शिक्षकों की संबद्धता समाप्त होने के बाद दूसरे दिन भी शिक्षक अपने मूल विद्यालय में कार्यभार संभालने नहीं पहुंचे। इनमें से कुछ बेसिक शिक्षा निदेशालय तो कुछ विभाग में अपना पक्ष रखने के लिए पहुंचे।

हालांकि शिक्षकों के पास तैनाती का कोई आदेश नहीं था ऐसे में उनको निराशा ही हाथ लगी। अधिकारियों ने साफलहजे में कह दिया कि उन्हें मूल विद्यालय में ही शिक्षण कार्य करना होगा। इस सबंध में बीएसए राम प्रवेश ने कहा कि जो शिक्षक आदेश की अवहेलना करेंगे उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। इस संबंध में कई शिक्षकों को चेतावनी दी गई है। वहीं शिक्षकों का कहना है 13 साल बाद उन्हें हटाया जाना उचित नहीं है। विभाग को हटाना था तो उसी समय हटा दिया जाता। संबद्ध शिक्षकों की वास्तविक संख्या कितनी है इसकी अभी जांच चल रही है। नाम सामने आते आएंगे उन सभी को मूल विद्यालय में भेजे जाने का आदेश क्रमवार जारी होते रहेंगे। शिक्षकों का समायोजन होना है। ऐसे में संबद्ध शिक्षकों की वजह से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नियम विरुद्ध संबद्ध शिक्षकों को मूल विद्यालय में भेजा जाना आवश्यक है, जो शिक्षक मनमानी करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नियमों की अनदेखी स्वीकार नहीं

## नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान करायें, किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। विद्युत संयोजन देने में हीला-हवाली करना या नियमों की अनदेखी करना अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं को समय से विद्युत कनेक्शन निर्गत किया जाए। विद्युतीकरण के दौरान विद्युत पोल की ग्राउंटिंग ठीक से कराई जाए, जहां कहीं पर भी विद्युत लोड ज्यादा हो, ऐसे फीडर और ट्रांसफार्मर को चिन्हित करके वहां लोड बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें। किसानों के लिए पृथक फीडर के लोड की भी जांच कराये, जिससे कि सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति बाधा न बने।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शुक्रवार को शक्ति भवन में 'सम्भव' के तहत वर्चुअल जनसुनवाई कर रहे थे। उन्होंने शिकायतकर्ता से सीधे संवाद कर तथा समस्या के संबंध में अधिकारियों से



जानकारी लेने के बाद मौके पर ही विभिन्न जनपदों से आई गंभीर समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने संयोजन न देने, ओवरलोडिंग, विद्युतीकरण कराने, संयोजन के स्थाई विच्छेदन, विद्युत पोल हटाने, विद्युत दुर्घटना में मुआवजा दिलाने, अनाधिकृत संयोजन, विद्युत मीटर न लगाने जैसी आदि गंभीर समस्याओं का समाधान कराया। उन्होंने विद्युत कर्मियों को सख्त हिदायत दी कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में लापरवाही ठीक नहीं है। समस्याओं का समय से समाधान कराया जाए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि वह अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं को विभाग के टोल फ्री नंबर 1912 पर अवश्य दर्ज करायें, जिससे समस्याओं का समय से फीडबैक लिया जा सके। आजमगढ़ निवासी किरनलता के पृथक परिसर में विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा उसके ससुर सूर्यबली के परिसर में बकाया 1,16,699 रूपये की वसूली सूर्यबली से करने के भी मुख्य अभियंता आजमगढ़ को सख्त निर्देश दिए। आजमगढ़ निवासी दिलीप सिंह चौहान के गांव ओझौली में 100 केवीए ट्रांसफार्मर के बार-बार जलने पर उन्होंने ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने के लिए अधीक्षण अभियंता आजमगढ़ को निर्देश दिए। इस 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में वर्तमान में 150 केवीए का लोड है। आजमगढ़ के कुरियांवा निवासी विवेक सिंह के गांव में विद्युतीकरण न होने के 10 वर्ष पुराने मामले का समाधान हुआ। आजमगढ़ के उदैना निवासी रामप्रीत निषाद के यहां निजी नलकूप का स्थाई विच्छेदन के साथ ही संयोजन पर बकाया 1,48,366 रुपए की वसूली का भी निर्देश दिया। लखनऊ में विनयखण्ड निवासी जयनती देवी के परिसर पर संयोजन हेतु प्राक्कलन राशि छः माह पूर्व जमा करने के बाद भी, स्टीमेट के अनुरूप विद्युत लाइन न बनाकर तथा बिना परिवर्तक एवं मीटर लगाये संयोजन निर्गत करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए ऊर्जा मंत्री ने सख्त हिदायत दी कि स्टोर में 25 केवीए का पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध रहे, जिससे कि उपभोक्ताओं को समय पर विद्युत कनेक्शन मिल सके।

### जनसुनवाई में कई अधिकारियों ने लिया भाग

उन्होंने मुख्य अभियंता गोमतीनगर को निर्देशित किया कि उपभोक्ता के परिसर पर तत्काल मीटर और परिवर्तक लगाकर संयोजन निर्गत करें। लखनऊ के पार्श्वनाथ सिटी निवासी अजय शर्मा के 400 फ्लैट की कालोनी में विद्युतीकरण के लिए तत्काल स्टीमेट बनाकर नियमानुसार विद्युत संयोजन देने के निर्देश एमडी मध्यांचल को दिये। लखनऊ के काकोरी निवासी शिवम के प्लाट में विद्युत पोल लगने से भवन निर्माण न होने की शिकायत को समाधान कराया। जनसुनवाई के दौरान चेयरमैन यूपीपीसीएल डा अशीष कुमार गोयल, एमडी उत्पादन एवं पारेषण, एमडी पावर कारपोरेशन पंकज कुमार मौजूद रहे तथा डिस्काम के एमडी, जोन के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता एसडीओ ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

# सेप्सिस के खिलाफ लड़ाई में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे की मजबूती जरूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग की ओर से विश्व सेप्सिस दिवस के अवसर पर आयोजित सेमिनार का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करना सेप्सिस के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर किया गया हर प्रयास जीवन बचा सकता है।

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. दिगंबर बेहरा ने सेप्सिस की समय पर पहचान में विभिन्न जाचों के महत्व पर चर्चा की। एसजीपीजीआई लखनऊ में पल्मोनरी मेडिसिन के प्रोफेसर और प्रमुख डॉ. आलोक नाथ ने सेप्टिक शॉक में इनोट्रोप्स और वेसो प्रेसर्स के उपयोग को प्रस्तुत किया और उनका उपयोग कब और कैसे करना है, इस पर ध्यान केंद्रित किया। केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाना सेप्सिस के खिलाफ लड़ाई को बदलने और रोगी परिणामों में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण है।

### सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है सेप्सिस

केजीएमयू के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग सेप्सिस प्रबंधन में उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज इस विश्वास से प्रेरित है कि बचाया गया प्रत्येक जीवन मानवता की जीत है। डा. वेद प्रकाश ने बताया कि सेप्सिस सभी उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित कर सकता है। इसकी घटनाएं बढ़ रही हैं, पिछले कुछ दशकों में इसमें अत्यधिक वृद्धि देखी गई है। सेप्सिस से प्रति वर्ष लगभग 5 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं। इस अवसर पर एसजीपीजीआई लखनऊ में नेफ्रोलॉजी के प्रमुख प्रोफेसर नारायण प्रसाद, केजीएमयू में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा, लोहिया के पूर्व निदेशक डॉ. दीपक मालवीय और केजीएमयू यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. विश्वजीत सिंह ने यूरोसेप्सिस के निदान और प्रबंधन पर चर्चा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सूर्यकांत को सम्मानित किया।

# हाईस्कूल-इंटर के परीक्षा शुल्क व आवेदन भरने की तिथि में संशोधन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव भगवती सिंह ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए कक्षा-9 और कक्षा-11 के संस्थागत अभ्यर्थियों के पंजीकरण शुल्क और ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार अग्रिम पंजीकरण शुल्क जमा करने और ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। संस्था के प्रधान को कक्षा-9 और 11 में अध्ययनरत छात्रों के पंजीकरण शुल्क 50 रुपये प्रति छात्र की दर से एकमुश्त कोषागार में जमा करना होगा और शैक्षिक विवरण परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

चेकलिस्ट प्राप्त करने और विवरण की जांच करने की अवधि 21 से 23 सितम्बर है। इस अवधि के दौरान वेबसाइट पर अपडेशन नहीं किया जा सकेगा। संशोधन की अवधि 24 से 27 सितम्बर है। इस अवधि में यदि विवरण में कोई त्रुटि है तो उसे संशोधित किया जा सकता है, लेकिन नए छात्रों का विवरण अपलोड नहीं किया जाएगा। फेटोयुक्त नामावली और कोषपत्र की एक प्रति परिषद के क्षेत्रीय कार्यालयों में जमा करने की अंतिम तिथि 05 अक्टूबर है। मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वे नवीन तिथियों के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करें।माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने बताया कि परीक्षा वर्ष 2025 के कक्षा-10 और 12 के संस्थागत और व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा शुल्क और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथियों को संशोधित किया गया है। नवीन संशोधित तिथियाँ के अनुसार विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर है। 31 अगस्त के बाद प्रति छात्र 100 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क कोषागार में जमा करना होगा। परीक्षा शुल्क की सूचना और शैक्षिक विवरण ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 25 सितम्बर है। इस तिथि तक विवरण वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। विवरण की चेकलिस्ट और विवरणों की जांच की अवधि 26 से 30 सितम्बर है। इस दौरान वेबसाइट पर किसी भी प्रकार का अपडेशन प्रतिबंधित रहेगा। संशोधन की अवधि 01 से 05 अक्टूबर है।

### मधुमक्खी पालन में रोजगार व आमदनी की असीमित संभावनाएं : दिनेश प्रताप

**लखनऊ ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार और कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश के उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 90 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र 16 सितम्बर से 15 दिसम्बर तक सहारनपुर, बस्ती और प्रयागराज के औद्यानिक प्रयोग और प्रशिक्षण केन्द्रों पर चलाया जाएगा। प्रतिवर्ष विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से लगभग 5000 व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। मधुमक्खी पालन में रोजगार एवं आमदनी की असीमित संभावनाएं हैं। उद्यान मंत्री ने बताया कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए उद्यान और खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलायी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश में लगभग 22 से 23 हजार मिट्रिक टन का शहद उत्पादन होता है। सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, फैजाबाद, बाराबंकी, प्रयागराज, वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़ और अलीगढ़ जनपद प्रमुख शहद उत्पादक हैं।

# विदेशी ताकतें नहीं चाहतीं, भारत बने विकसित देश

**▸ भाजपा की मतदाता धन्यवाद यात्रा में पूर्व सांसद ने साधा सपा-कांग्रेस पर निशाना**

समृद्धि न्यूज



**मलिहाबाद।** दलित, पिछड़ा अगड़ा एकता तथा भाजपा मतदाता धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को पूर्व सांसद व भारत सरकार में राज्यमंत्री रहे कौशल किशोर के नेतृत्व में मलिहाबाद विधानसभा में निकली गयी। आईएएम रोड से शुरू हुयी यात्रा जेहटा, कसमण्डी, गौरैया, रहीमाबाद, भतोइया होते हुए काकोरी के शीतलन टोला में समाप्त हुयी।

भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया तथा उपस्थित जनसमूह पर पूर्व सांसद व मलिहाबाद विधायक जय देवी कौशल ने पुष्प वर्षा कर उनका धन्यवाद किया। यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद ने सपा-कांग्रेस को जमकर निशाना साधा। कांग्रेस को विदेशी ताकतों का समर्थन प्राप्त है। क्योंकि की विदेशी ताकते नही चाहती कि भारत विकसित देश बने। उन्होंने कहा कि क्या आपको मालूम है कि राहुल गांधी ने सांसद रहते हुए 257 गुप्त विदेशी यात्राएं की और भारत विरोधी लोगों से मुलाकात की। जबकि एक वर्ष में एक सांसद सिर्फ दो बार ही विदेश जा सकता है। इन लोगों ने जनता को गुमराह करने का काम किया इन्होंने झूठा प्रोपोगंडा फैलाया कि भाजपा सत्ता में रहेगी तो संविधान खत्म कर देगी। जबकि 2012 में सत्ता में आयी सपा सरकार ने एससी/एसटी के तीन लाख कर्मचारियों का प्रमोशन में आरक्षण खत्म करके उन्हें डिमोशन देने का काम किया। चुनाव के दौरान कुछ लोगों यह भी भ्रम फैलाया की दस वर्षों में कोई काम नहीं हुआ तो यह जो लखनऊ-हरदोई नेशनल हाइवे का निर्माण हो रहा है वह क्या सपा व कांग्रेस ने कराया है। माल में टेक्सलाइट पार्क बनने के साथ ही 28 किलोमीटर फोरलेन सड़क का निर्माण शुरू हो चुका है। माल-मलिहाबाद रेलवे ब्रिज का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने किया। जिसका 57 करोड़ रुपया भी विभाग को मिल गया है। अब जनता को इनके बहकावे में आने की जरूरत नही है। क्योंकि यह लोग उनके सहयोगी है जो देश की संसद में बाबरी जिंदाबाद के नारे लगाते है। अभी भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है। भाजपा के सदस्य बनकर दुनिया को दिखा दो की देश की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। इसके साथ ही उन्होंने अगले महीने होने वाले फूल पुरूष मैराथन का ज़िक्र किया और कहा कि इस मैराथन के विजेताओं को 25 लाख के पुरस्कार के रूप में वितरित किये जायेंगे। जिसमे क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा युवा प्रतिभाग करने का प्रयास करे। इस यात्रा में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति मोर्चा अवध क्षेत्र से विकाश किशोर ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा, प्रतिनिधि मीनू वर्मा माल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामकुमार व साथ ही पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अवस्थी प्रधान सर्वेश रावत, सिराज अहमद, नवीन यादव, संतोष पाल, रमेश चन्द्र रावत, अमरीश मौर्या सहित सैकड़ों की तादात में लोग उपस्थित रहे।

### यूपी संवाददाता समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मिला जीत का प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को शुक्रवार को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। लोक भवन में आयोजित प्रमाण पत्र वितरण समारोह में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद,निदेशक शिशिर व मुख्य मंत्री के मीडिया सलाहकार रहीस सिंह शामिल हुए।प्रमाण पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए प्रमुख सचिव सूचना संजय प्रसाद ने सभी निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों को बधाई दी।उन्होंने लंबे समय से लंबित पत्रकारों की विभिन्न समस्यों के निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रमुख सचिव सूचना ने कहा की समिति की जो भी अन्य मांगे है उसे सूचीबद्ध कर लिखित रूप से अवगत कराएं। पत्रकारों हितों के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**बैठक** | **लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की महत्वपूर्ण बैठक**

# नगर निगम का प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क निरस्त, व्यापारियों की जीत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में नगर निगम द्वारा प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क को रद्द करने के फैसले पर खुशी जताई है। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि यह लखनऊ व्यापार मंडल की जीत है जिसने पहले दिन से ही इस काले कानून का विरोध जताना शुरू किया था। इसके पूर्व अमरनाथ मिश्रा ने महापौर सुषमा खर्कवाल को ज्ञापन दिया था। ज्ञापन में उन्होंने नगर निगम और जलसंस्थान द्वारा लगाए गए टैक्स को लेकर गंभीर आपत्ति जताई थी।

लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्रीध्सभासद अनुराग मिश्रा और




सभासदों के प्रयास से इस काले कानून का अध्याय समाप्त हुआ। अमरनाथ मिश्र ने बताया कि वर्तमान में व्यापारी 15 प्रतिशत नगर निगम और 15.5 प्रतिशत जलसंस्थान को टैक्स का भुगतान कर रहा है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा लाइसेंस शुल्क लगाने का निर्णय व्यापारी वर्ग के लिए अत्यंत अनुचित है। उन्होंने कहा कि यह शुल्क व्यापारियों पर एक और आर्थिक दबाव डालने जैसा है। उन्होंने सुझाव दिया कि नगर निगम को अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए ऑनलाइन कारोबार और वस्तुओं के वितरण करने वाली कंपनियों से कर लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि ये कंपनियां शहर में बड़े पैमाने पर कारोबार कर रही हैं और स्थानीय निकाय को किसी भी प्रकार का कर नहीं दे रही हैं। इसके अलावा इन कंपनियों द्वारा वस्तुओं की पैकिंग 6 से 7 परतों में की जाती है जो शहर को गंदा करती हैं। इनके डिलीवरी मैन शहर की सड़कों एवं गलियों का प्रयोग करते हैं जिनसे नगर निगम को कोई लाभ नहीं हो रहा है।

अमरनाथ मिश्रा ने यह भी सुझाव दिया कि नगर निगम को ऑनलाइन कंपनियों के विज्ञापन पर शुल्क लेना चाहिए और वस्तुओं की बिक्री पर भी नगर निगम को 5 से 10 प्रतिशत शुल्क प्राप्त करना चाहिए। इससे नगर निगम की आमदनी में वृद्धि होगी और व्यापारियों पर अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। सदन में चर्चा के बाद प्रस्तावित लाइसेंस शुल्क को सर्वसम्मति से निरस्त कर दिया गया। इस निर्णय पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त के साथ सभी सभासदों का धन्यवाद किया। व्यापारियों के हित में लिए गए इस निर्णय पर वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, महामंत्री विनोद अग्रवाल, अनुराग मिश्र, देवेंद्र कुमार गुप्ता, अभिषेक खरे, उमेश शर्मा, सुहैल हैदर अल्वी, जितेंद्र सिंह चौहान, सुशील तिवारी, सौरभ तिवारी, शशि शुक्ला, मनीष वर्मा, सतीश अडवाड़ी, युवा अध्यक्ष मनीष गुप्ता, वरिष्ठ महामंत्री अरविंद पाठक और सुमित गुप्ता ने भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सीडीओ ने विकास भवन के कार्यालयों का किया निरीक्षण



गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

जिले में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी जिलाधिकारी अंकिता जैन ने विकास भवन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। सीडीओ के निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालय और अधिकारियों में हड़कंप मचा रहा। सभी कार्यालय का निरीक्षण कर सीडीओ ने एक-एक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों से पटल पर काम कर रहे लोगों के बारे में जानकारी ली। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने कई कार्यालय के आसपास गंदगी मिलने पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई।सभी कार्यालय में साफ-सफाई करने के साथ फाइलों को सही से रख-रखाव करने की भी निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि सभी फाइलों को एक सुरक्षित स्थानों पर साफ-सफाई करके सही ढंग से नाम लिख करके रखा जाए।घ्यद्दृद्ध उसे ढूंढने में किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो।

वहीं विकास भवन में बनाए गए शौचालय में गंदगी और साफ-सफाई न होने के चलते भी जिला पंचायत राज अधिकारी को फटकार लगाते हुए साफ-सफाई करने के नि र्देश दिए हैं।सीडीओ ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है।कि जो भी फरियादी अपनी फरियाद लेकर अधिकारियों के पास आ रहे हैं।उनकी समस्याओं को सुनकर के उनका समाधान किया जाए ताकि बार-बार फरियादी एक ही समस्या को लेकर के वि कास भवन का चक्कर ना लगाएं।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बताया कि विकास भवन के सभी कार्यालय का आश्चक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को साफ-सफाई करने के साथ फाइलों के सही से रखने की निर्देश दिए गए हैं।शौचालय में कई जगह गंदगी मिली है। उसको भी साफ करने की निर्देश दिए गए हैं।फरियादियों की समस्याएं सुनने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

# वासना को समाप्त करती है भागवत कथा : चंद्रदत्त

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में पोखरमल रंगलाल परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आखिरी दिन में कथा प्रारम्भ करते हुए कथा वाचक आचार्य चन्द्र दत्त सुवेदी ने कहा भागवत की कथा वासना को समाप्त कर देती है उन्होंने मुक्ति को परिभाषित करते हुए कहा जब वासना समाप्त होती है तभी जीवात्मा मुक्ति को प्राप्त होता है। क्यों कि पुनर्जन्म तभी होता है जब हृदय में वासना अवशेष रहती है भागवत कथा उस वासना के बीज को जला देती है इसलिए जीव का पुनर्जन्म नहीं होता,भगवान की आप्त पटरानियों की कथा भगवान के सन्तति की कथा कृष्ण सुदामा मिलन यदुकुल के क्षय की कथा एवं महाराज परीक्षित की मुक्ति की कथा के साथ कथा की समाप्ति हुई ।भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की लीला को देख भक्त भावविभोर हो गये।कथा के दौरान राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एडवोकेट ,अंशुमान अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल,संजय अग्रवाल,सुशील जालान, सचिन सिंघल, चिंटू अग्रवाल, मनीष केडिया,शोभा अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, अंजनाअग्रवाल ,स्वाति अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।



भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की लीला देख भक्त हुए भावविभोर

# रास्ता बना तालाब, आवागमन बाधित बच्चों का स्कूल जाना हुआ दूभर



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

यहाँ जिस पानी में लोगों को खड़े देख रहे हैं वह कोई तालाब नहीं है यह गल्ला मंडी के बगल मोहिनी कृषि यंत्र से होते हुए बरियारपुरवा और जानकी नगर के चमन परवा को जाती है यह सड़क जैसे ही हल्की बारिश भी हो जाती है तो सड़क तालाब का रूप ले लेती है और इस रास्ते पर गुजरने वाले कभी गिरते हैं कभी चोट खाते हैं बच्चे तो स्कूल जा ही नहीं पाते यहां यह भी कहना है कि अगर कोई महिला अकेली हो और रात में उधर से आना हो तो कैसे आए यह बहुत बड़ी विडंबना है शुक्रवार को इस रास्ते पर जानकी नगर के चमन पुरवा निवासी लकी शुक्ल पूर्व प्रधान पड़री कृपाल ,सूरज मिश्रा प्रोपराइटर मोहिनी कृषि यंत्र सहित दर्जनों लोग उस पानी में खड़े होकर जिला प्रशासन का विरोध प्रदर्शन किया लोगों का कहना है यहां जल निकासी है नहीं ऐसे में लोगों का आना-जाना दूभर हो गया है आए दिन लोग अपनी गाड़ी लेकर पलट जाते हैं पूर्व प्रधान लकी शुक्ला का कहना है यदि जिला प्रशासन हम लोगों के इस परेशानी को हल नहीं करता है तो हम लोगों को धरने पर बैठना होगा।

# पप्पू राजभर पर पीड़ित को धमाने का आरोप


## जो करना है कर लो, मेरी पहुंच ऊपर तक है, तुम मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पाओगे : राधेश्याम

▸ पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर मनकापुर पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की लगाई गुहार

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।

कहते हैं की सत्ता और पद का नशा शराब के नशे से भी तेज़ चढ़ता है,जब कोई पार्टी सत्ता में विराजमान हो तो सफेद पोश छुटभैया नेता भी खुद को आलाकमान समझने लगते हैं। जिन्हें न तो कानून का डर रहता है और न ही पार्टी के नियमों का कोई खौफ़। उनके सामने खड़ी हर चीज़ भुनगे के समान दिखाई देने लगती है। तभी तो वो नशे में हर चीज़ को रौंदने पर उतारू हो जाते हैं। कुछ ऐसा ही एक मामला गोंडा ज़िले के मनकापुर का सामने आया है। जहाँ आरोप है की सत्ता के शिखर पर विराजमान पार्टी के समर्थित पार्टी नेता ने अपनी स्कार्पियो गाड़ी से शराब के नशे में पहले खड़ी कार में ठोकर मार दी।सत्ता की हनक में सफेद पोश छूट भैया नेता अब पीड़ित को ही धमका रहा है की जो करना है कर लो, मेरी पहुँच ऊपर तक है, तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे।

ऐसे में अब सवाल ये है की राजनीतिक पार्टीयां बिना सोचे-समझे ऐसे लोगों को पद क्यूं बाँट देती हैं। जिन्हें पार्टी के अनुशासन,नियमों का पता ही नहीं होता। ऐसे लोग पार्टी का ही नाम बदनाम करते हैं। फ़िलहाल पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत कर मनकापुर पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।मनकापुर कोतवाली निवासी फैजान अहमद ने पुलिस को शिकायती पत्र भेजा है।



भेजे गए शिकायती पत्र में लिखा है कि 23 अगस्त को उसके घर के सामने उसकी कार खड़ी थी।तभी सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का झंडा लगी काली रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी (जिसका नम्बर UP 32HA5051) है खड़ी गाड़ी में ठोकर मार दी।जिससे पीड़ित की कार क्षतिग्रस्त हो गई।आस पास मौजूद लोगों ने स्कॉर्पियो सवार को रोकने की कोशिश की,मगर वह गाड़ी तेज़ रफ्तार से लेकर भाग गया।यह घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।जिसका फूटेज उसके पास मौजूद है।

जानकारी की गई तो पता चला की गाड़ी सुहेल देव पार्टी के नेता राधेश्याम उर्फ पप्पू राजभर का है और वही गाड़ी चला रहा था।पीड़ित के अनुसार जब उससे बात की गई तो उसने कहा की गाड़ी में जो नुकसान हुआ है वह सही करा देगा। कोई कानूनी कारवाई न करें। जिसे लेकर लगातार कई दिनों तक उसने अपने लच्छेदार और झूठी बातों में उलझाए रखा। और अब वह यह कहते हुए मना कर रहा है की गाड़ी सही नहीं कराऊंगा।

यहीं नहीं खुद को वह सुहेल देव पार्टी का जिलाध्यक्ष बता कर कह रहा की उसकी पहुँच ऊपर तक है, जो करना है कर लो। ऐसे में अब देखना यह होगा की अनुशासन तोड़ने व पार्टी को बदनाम करने वाले पर पार्टी क्या कार्रवाई कर पाती है या नहीं।

# एक बार फिर लगा कोटेदार पुत्र पर बदनियती का आरोपी, एसपी से पीड़िता ने की शिकायत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जनपद के जिम्मेदार मुखिया पुलिस अधीक्षक को पत्र देने के बाद भी कोतवाली देहात पुलिस अपने दायित्व का निर्वहन नहीं करती है तभी आरोपियों का हौसला बुलंद हो जाता है और मनबढ़ होकर नये अपराध को अन्जम देने की सोच पनप जाती है।हाल ही में पुलिस अधीक्षक को फिर एक पीड़िता ने शिकायती पत्र देकर विशुनपुर बैरिया के कोटेदार पुत्र अमरलाल पर आरोप लगाया है कि सरकारी राशन देने के लिए महिलाओं को ऐसे समय में घर बुलाया जाता है जिस समय महिलाओं को जाने असुविधा होती है कोटेदार की नियत भी संदिग्ध रहती है।यह कोई एक बार का आरोप नहीं है कुछ दिनों पूर्व में भी एक दलित महिला ने कोटेदार स्वामी नाथ तिवारी के पुत्र अमरलाल तिवारी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था जिसकी शिकायत थाने पर व एसपी से लिखित रूप में किया था,मीडिया में खबरे प्रकाशित हुई थी?। परन्तु पीड़ित दलित महिला ने पुलिस अधीक्षक से लेकर थाने तक दौड़ लगाती रही जांच के नाम पर सिर्फ महिला को ही परेशान करने की चर्चा जोरों पर थी। गरीब महिला के हौसले ने तब जवाब दे दिया था जब कोतवाल देहात आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही न करके सिर्फ जांच के नाम पर दौड़ा रहे थे, तब भी कोतवाली देहात पुलिस ने लगातार महिला को थाने दौड़ा कर अन्त में सुलह करवा दिया था।इस तरह की बार बार हो रही अलग अलग महिलाओं के संग घटनाऐं कहीं न कहीं पुलिस अधीक्षक के कार्यशैली व इमानदारी पर बट्टा लगा रही है।

जन चर्चा है कि पुनः कोतवाल देहात वहीं रवैया अपने हुऐ हैं और आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही न करके सिर्फ जांच का हवाला देकर मामले में टालमटोल कर रहे हैं।जो कहीं न कहीं महिलाओं के सुरक्षा में सेंध और अपराधिक प्रवृत्ति के आरोपी को छूट दी जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाया गणेश चतुर्थी का कार्यक्रम



गोण्डा, समृद्धि न्यूज। प्राप्त विवरण के अनुसार नगर के कोने-कोने में रखी गई श्री गणेश की प्रतिमा के पंडाल में श्रद्धालु भजन कीर्तन आरती इत्यादि करते दिखे। इसी क्रम में उपरहितनपुरवा निकट जिला चिकित्सालय के सामने गली में स्थित आवास इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव के यहां भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई जहां प्रत्येक दिवस धूमधाम से भजन कीर्तन भोग इत्यादि होता रहा जबकि प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रतिमा शुक्ला, संध्या, मधु, मिथिलेश, तान्या ,पूनम, मोना ,बबिता, अंजू, किरण के साथ ही सुमन लता ने अपने-अपने भजन प्रस्तुत कर बैठे दर्शकों का मन मोह लिया श्री गणेश चतुर्थी के प्रथम दिवस पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुशोभित आरती थाल बनाकर किया श्री गणेश की आरती जिन्हें भी आयोजन व्यवस्थापक इंजीनियर दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया सम्मान पाकर बच्चे खुशियों से झूम उठे।

### अभिषेक सिंह का बीडीओ पद पर चयन



कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है, मंजिलें उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। कुछ इसी तरह हलधरमऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवारी निवासी डाक्टर सुनील सिंह के बड़े लड़के अभिषेक सिंह उर्फ शिवम ने कर दिखाया है। पढ़ाई के प्रति समर्पित अभिषेक का चयन बीडीओ के पद पर हुआ है। हलधरमऊ ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवारी निवासी क्षेत्र के प्रतिष्ठित किसान अशोक सिंह के घर मे सुपौत्र के रुप में जन्मे अभिषेक सिंह लखनऊ में रहकर तैयारी कर रहे थे। उन्होने अपनी कड़ी मेहनत की बदौलत परिवार सहित पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अभिषेक सिंह की इस कामयाबी पर परिजनों,इष्ट मित्रों और सगे संबंधियों द्वारा शुभकामनाएं मिल रही हैं। इसके पहले डाक्टर सुनील सिंह की बेटी शिवानी सिंह ने नीट परीक्षा में अहम स्थान लाकर जिले का नाम रोशन किया था। छह माह के अंदर परिवार में भाई-बहन के चयन से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। भाई - बहन की यह सफलता अन्य प्रतिभागी छात्रों के लिए सीख साबित हो सकती है।

### प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को दी सुखद जीवन की शुभकामनाएं



बहराइच, समृद्धि न्यूज। गायत्री विद्यापीठ पी जी कॉलेज रिसिया में बीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा विदाई समारोह का आयोजन महाविद्यालय सभागार में संपन्न हुआ। स्नातक अंतिम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने गुरुजनों का तिलक लगाकर स्वागत किया उसके बाद सरस्वती वंदना और रंगारंग कार्यक्रम करते हुए अपनी प्रतिभा को व्यक्त किया। मुख्य अतिथि प्रो दिव्य दर्शन तिवारी प्राचार्य महाविद्यालय के भावी योजना पर प्रकाश डालते हुए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को सुखद जीवन की शुभकामनाएं दिया। डॉ सुभाष चंद्र एवं डॉ मुकेश चंद्र श्रीवास्तव ने अपने आशीर्वचन छात्रों को देते हुए प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के टिप्स बताए तथा भविष्य में पूर्व छात्र सम्मेलन में सहयोग की अपेक्षा की। कार्यक्रम की संयोजक सुबी खान ने विद्यार्थियों को सफल आयोजन की बधाई दी। ईडीपी प्रमुख धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों की परीक्षा के चलते पहले नही हो पाया था। इस अवसर पर प्रो दयाराम यादव, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव, नन्दन श्रीवास्तव, योगा शिक्षक सत्यम सिंह, डेविड पाण्डेय, रवेन्द्र श्रीवास्तव, रिकेस्वर विश्वकर्मा, आशीष कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक ही रात में भेड़िए ने किए तीन जगह हमले, बालक सहित तीन लोग घायल

▸ रात में रतजगा कर रहे हैं लोग

**दो गांव में देखे गए भेड़िए**

महसी इलाके के ही ग्राम पंचायत भवानीपुर स्थित नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र के बगल रोड पर एक साथ तीन भेड़िए देखे गए उसी के थोड़ी दूर और आगे भवानीपुर में भी एक भेड़िया देखा गया रात लगभग 10 :00 भेड़ियों के दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले में हरदी थाना क्षेत्र के तीन अलग-अलग गांव में बृहस्पतिवार की देर रात भेड़ियों ने हमला कर एक बालक सहित तीन लोगों को घायल कर दिया सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी में भर्ती कराया गया प्राथमिक इलाज के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघिया नसीरपुर निवासिनी 26 वर्षीय गुड़िया पत्नी दीपू, इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत संबंध पूर्व निवासिनी मुकीमुन पत्नी हसमत अली तथा नरकोटवा गांव निवासी 6 वर्षीय ननकू पुत्र काशीराम पर बृहस्पतिवार की रात भेड़ियों ने हमला कर घायल कर दिया सूचना पर मौके पर पहुंची वन टीम ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी में भर्ती कराया प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने तीनों घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया एक ही रात में तीन लोगों पर हमला होने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है ग्रामीण रात रात भर पहरा दे रहे हैं।

# बाबा जय गुरुदेव का प्रवचन कार्यक्रम आयोजित

▸ कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत



विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।

प्रतिकूल मौसम में पानी में भीगते हुये जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सुविख्यात् परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज ने रानी की बगिया में सत्संग सन्देश सुनाने का कार्यक्रम आयोजित किया ।सत्संग समारोह में पूज्य पंकज जी महाराज ने अपने सम्बोधन में कहा कि महापुरुषों का सत्संग बड़े भाग्य से मिलता है और सत्संग से मनुष्य में विवेक जागृत होता है। तब मानव जीवन पाने का उद्देश्य का पता चलता है। मनुष्य जब बड़ा हुआ तो मन इन्द्रियों के घाट पर विषय विकारों में फंस गया और उस परम पिता परमात्मा को भूल गया। यह आत्मा जिसके कारण हमारा आपका शरीर चल रहा है, वह शब्द (नाम) के द्वारा यहां लाई गई और उसका साथ शब्द से टूट गया। उसे बोध नहीं रहा कि हम कहाँ से आये? मरने के बाद हम कहाँ जायेंगे? हमारे रिश्तेदार मरने के बाद कहाँ जा रहे हैं? ये मानव मात्र का जटिल प्रश्न है। ये प्रश्न तब तक हल नहीं होंगे जब तक कि प्रभु को प्राप्त करने वाले सन्त महात्मा न मिल जायें। इसलिये ऐसे गुरु की प्राप्ति से जीवन सफल हो जाता है। उन्होंने कहा इस कलयुग में महापुरुषों ने गृहस्थ आश्रम को सबसे अच्छा बताया क्योंकि कलयुग में अन्न में प्राण है। यदि भगवान के नाम पर घरबार छोड़ दिया तो जीने के लिये कुछ व्यवस्था करनी पड़ेगी। महाराज जी ने साधना की युक्ति बताया और समझाया। ''तिल भर मच्छी खाइ कै, कोटि गऊ दे दान, काशी करवट ले मरै तो भी नर्क निदान।'' को उद्धृत करते हुये कहा कि महात्माओं ने तो तिल भर मच्छी खाने पर भी नर्क में भोग भोगना पड़ता है। मनुष्य तो शाकाहारी प्राणी है। जिस शराब को पीने से मां, बहन, बेटी की पहचान तक खत्म हो जाती है, उसको पीने से अच्छे, बुरे का ज्ञान कैसे होगा। महात्माओं ने अहिंसा परमो धर्मः का उपदेश किया। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा। इस अवसर पर विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय, संगत बहराइच के जिलाध्यक्ष रमाकान्त चौहान ,राज कुमार पांडेय, बछाऊ बाबा ग्राम प्रधान, जगनारायण पाण्डेय, लखनऊ जिलाध्यक्ष बाबूलाल रावत, राजाराम तथा संस्था के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# भगवती जागरण में कलाकारों ने भक्ति गीतों का बांधा समां, श्रद्धालु भाव विभोर

▸ बहराइच के राजा के दरबार में मनमोहक झांकियों के साथ आयोजित हुआ देवी जागरण





बहराइच, समृद्धि न्यूज।

बहराइच के राजा के दरबार में गुरुवार की देर रात को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मौका था माँ भगवती के जगराते का। सर्वप्रथम प्रथम पूज्य भगवान गणेश की विशालकाय प्रतिमा का पूजन अर्चन एवं आरती उपरान्त इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अन्य जिले से आये झांकी ग्रुप ने ईश्वर के अनेकों रूप का सजीव चित्रण कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मध्यरात्रि को शुरू हुए जगराते में कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। भोर में तारा रानी की कथा के पश्चात आरती होते ही पूरा पंडाल मातारानी के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने देवी के चरणों में अपनी आस्था और श्रद्धा निवेदित कर सुख, शांति और आरोग्य की मंगलकामना की। वहीं श्रद्धा के बोल फूटे और घंटा, घड़ियाल व जयघोष की ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। माहौल भक्ति भाव से परिपूर्ण था। श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आ रहा था। बहराइच के राजा श्री गणपति पूजन महोत्सव समिति के तत्वाधान में देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गोरखपुर के विख्यात कलाकार कुमार कौशिक के सच्चा है मां का दरबार और अमृत की बरसे बदरिया भजन की प्रस्तुति पर सभी भाव विभोर भक्त लय ताल की धुन पर झूमने के लिए विवश हो गए। अयोध्या के राघव पण्डित ने जब गाया चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है तो सभी श्रदालु भावुक होकर माता के जयघोष लगाने लगे। शुक्रवार की भोर में तारा रानी की मार्मिक कथा सुनकर आदि शक्ति माँ दुर्गा की आरती के पश्चात कार्यक्रम को विराम दिया गया। समिति के अध्यक्ष विनय रस्तोगी व महामंत्री शिवाराज गुप्ता ने बताया कि बहराइच के राजा गणेश पूजा समिति हर वर्ष इस तरह के धार्मिक आयोजन कराती है। इस वर्ष भी समिति ने कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस आयोजन में संयोजक सचिन गुप्ता आलोक, कोषाध्यक्ष अनुराग गुप्ता, दुर्गेश सोनी, प्रदीप श्रीवास्तव, आलोक कोहली,अम्बिकेश सोनी, प्रखर श्रीवास्तव, शुभम सोनी राहुल गौड़ अनुभव सोनी दीपू, रमन गुप्ता, जतिन मलिक,निशंक अग्रवाल, सोनू गुप्ता सिंगर, अक्षय रस्तोगी,अभिषेक सिंह, हिमांशु रस्तोगी, अस्तित्व गुप्ता, विशाल रस्तोगी, देव गुप्ता, नितिन मलिक सहित अन्य पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अतिक्रमण पर चला रेलवे का बुलडोजर



▸ दुकान व अन्य निर्माण को गिराया

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जिले के नानपारा में स्थित रेलवे की जमीन पर कुछ लोगों ने आक्रमण कर रखा था। शुक्रवार सुबह रेलवे की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चला दिया। जिससे हड़कंप मच गया।नानपारा में रेलवे की काफी मात्रा में जमीन स्थित है। नानपारा से शंकरपुर मार्ग पर स्थित सड़क गेट संख्या 64/ए की जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया। उसे अपना मानते हुए सभी ने तार फेंसिंग कर पौधशाला एवं गुमटियों में दुकान का संचालन शुरू कर दिया। रेलवे की ओर से नोटिस भेज कर सभी को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई, इसके बाद भी लोगों ने आक्रमण नहीं हटाया। जिस पर शुक्रवार सुबह 11:00 रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक विष्णु सिंह, उपनिरीक्षक धनवंत यादव, सीनियर सेक्शन इंजीनियर और सीनियर सेक्शन इंजीनियर पूर्वोत्तर रेलवे की टीम बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच गई। टीम के अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण पर रेलवे का बुलडोजर चल गया। निरीक्षक ने बताया कि आठ दुकान की गुमटी और अस्थाई निर्माण पर बुलडोजर चलाकर गिरा दिया गया है। अब अगर पुनः अतिक्रमण हुआ तो केस दर्ज करवाया जायेगा।

# जनपदीय विद्यालयी ताइक्कांडो प्रतियोगिता आयोजित

▸ तारा महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी ताइक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को वैद भगवानदिन मिश्र गांधी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ जसवंत सिंह प्रधानाचार्य व लेखा वित्त अधिकारी नागेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें वेनिका रावत, नूर अली, अद्या सिंह, सुफियान, प्राची शुक्ला, एकता वर्मा, शिफा फातिमा, शिवानी कश्यप, जानवी जायसवाल, रमसा मिर्जा ने प्रतिभाग किया।जिसमे विजेता खिलड़ियों का चयन मण्डल ट्रायल के लिए किया गया। प्रतियोगिता में तारा महिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।

विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय प्रबंधक प्रफुल्ल चंद्र मिश्र तथा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। निर्णायक के रूप में इसरार अली व मनीष बघेल मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्था के क्रीड़ा अध्यक्ष विवेक रावत, क्रीड़ा सचिव अजय सिंह, खेल शिक्षिका तारा महिला इंटर कॉलेज वंदना रंजन,अरविंद कुमार, सहित लोग उपस्थित रहे।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान करंट लगने से दो युवक घायल

बहराइच समृद्धि न्यूज।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के सोनारी गांव निवासी दो युवक करंट लगने से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान घायल हुए हैं।ग्राम पंचायत सोनारी में गणेश प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसका विसर्जन जुलूस शुक्रवार को निकला।

विसर्जन जुलूस गांव से निकाला जा रहा था। जुलूस के दौरान बिजली आपूर्ति भी थी। जुलूस में गांव निवासी राहुल श्रीवास्तव (35) हाथ में झंडा लेकर चल रहे थे। राहुल और साथी हर्षवर्धन पटेल करंट की चपेट



में आ गए। दोनों करंट लगने से घायल हो गए। जुलूस में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि उसी समय बिजली आपूर्ति कट गई। जिसके चलते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। इलाज चल रहा है। इस मामले में सीओ अनिल कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जुलूस में शामिल दो लोगों को करंट लगा है।

# 17 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित, पानी को तरसे लोग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

विद्युत उपकेंद्र जरवल रोड की मुख्य केबल गुरुवार शाम को जल गई। केबल को बिजली कर्मी दुरुस्त करने में लगे थे। इसके बाद शाम को उपकेंद्र की लाइन पर तेज हवाओं के बीच पेड़ गिर गया। जिसके चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। 17 घंटे से पांच हजार से अधिक आबादी पानी को तरस गए हैं।

जरवल रोड विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली मुख्य लाइन की केबल गुरुवार शाम को जरवल व कैसरगंज के बीच शाम 5 बजे जल गया था। जिसे देर रात ठीक किया गया, बिजली आपूर्ति बहाल करने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच तेज बरसात हवा के झोंके से जरवल रोड



▸ पहले केबल जला फिर विद्युत पोल पर गिर गया पेड़

व जरवल कस्बा बाईपास मार्ग रुदाइन के बढ़ईनपुरवा के निकट ट्रांसफार्मर विद्युत पोल पर पेड़ गिरने से पूरी आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गई। जिसके चलते पूरी रात 17 घंटे से विद्युत सप्लाई ठप है। क्षेत्र के 5246 उपभोक्ता के कनेक्शन की एक लाख से अधिक आबादी विद्युत सप्लाई बाधित है।इस संबंध में उपखंड अधिकारी रजनीश मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि 33 केवी केबल बॉक्स जल गया था। रात में उसे ठीक किया गया, उसके बाद बरसात चालू हो गई। खंभे पर पेड़ गिर गया था। फॉल्ट नहीं मिल रहा था, रात को 12:45 पर बाराबंकी से फॉल्ट चेक करने की मशीन मेगर मशीन आई तो चेक किया गया। तार पर पेड़ गिरने से सप्लाई बाधित थी। शुक्रवार सुबह 5:00 बजे से कर्मचारी अवर अभियंता आशीष कुमार, सत्यम सिंह अरविंद, शकील मुख्तार, रिजवान, कफील आदि लोग लगे हुए हैं। विद्युत सप्लाई 5 बजे तक चालू होने की संभावना है। वहीं कटौती से गर्मी में सारी रात लोग परेशान रहे। पानी के लिए लोग तरस गए। हैंडपंप का सहारा लेना पड़ा।

# राहुल गांधी ने मिथुन को भेजा सरप्राइज गिफ्ट

- दाढ़ी-बाल काटने का मिला इनाम, भेजा सैलून का सामान
- सैलून का सामान पाकर गदगद हुआ मिथुन
- राहुल सर का उपहार, हमेशा रहेगा यादगार : मिथुन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में लोकसभा चुनाव के दौरान जिस सैलून वाले के यहां राहुल गांधी ने दाढ़ी-बाल कटवाए थे, अब उस नाई को उन्होंने खास तोहफा भेजा है। राहुल ने लालगंज निवासी मिथुन नाई को एक शैंपू चेयर, दो हेयर कटिंग चेयर और एक इनवर्टर बैटरी भेजी है। इसे पाकर मिथुन बेहद खुश है और उसने कांग्रेस नेता को धन्यवाद कहा है।

दरअसल, बीते दिन जिले के लालगंज कस्बे के बृजेंद्र नगर मोहल्ला स्थित सैलून संचालक मिथुन नाई को सांसद राहुल गांधी की ओर से सामान भेजा गया है. सैलून से संबंधित सामान पाकर मिथुन बेहद खुश है।

मालूम हो कि 13 मई को राहुल गांधी की लालगंज के बैसवारा इंटर कॉलेज खेल मैदान में एक जनसभा हुई थी, जहां से लौटते समय उन्होंने मिथुन की दुकान में रुककर दाढ़ी और बाल कटवाए थे.कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाल काटने से चारों ओर मिथुन की चर्चा होने लगी, वो सोशल मीडिया पर छा गया. राहुल गांधी के दाढ़ी व बाल कटवाने का वीडियो वायरल हुआ था. इस बीच गुरुवार (12 मई) को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की ओर से भेजे गए एक शैंपू चेयर, दो हेयर कटिंग चेयर व एक इनवर्टर बैटरी मिथुन को सौंपा। मिथुन ने सामान पाकर खुशी का इजहार किया राहुल का आभार व्यक्त किया।



### उपहार देखकर काफी खुश है मिथुन

मिथुन का कहना है कि देश के इतने बड़े नेता ने मेरे सैलून में दाढ़ी बनवाई और बाल कटवाए, यह मेरे लिए बड़ी बात है। कभी सोचा नहीं था कि जिंदगी में इतने बड़े नेता की दाढ़ी और बाल काट सकूंगा। अब राहुल जी के भेजे गए उपहार से बेहद खुशी हो रही है।

### राहुल गांधी के आने से धंधा तीन गुना बढ़ा

इस दौरान मिथुन ने कहा कि राहुल सर की वजह से आज हमारा धंधा तीन गुना बढ़ गया है। पहले रात होते-होते हम घर चले जाते लेकिन अब अभी भी दुकान पर बैठकर ग्राहकों के लिए काम कर रहे हैं। मिथुन कहते हैं कि जिस दिन राहुल गांधी आए थे उस दिन को हम कभी नहीं भूलेंगे। मेरे चार भाई हैं, तीन बहने हैं। मां-बाप भी हैं। 2021 से मैं इस दुकान को यहां से चला रहा हूं।

# शिक्षिका पर हमला करने वाले आरोपियों को सजा

- हमला करने वाले तीन आरोपियों को 5 साल की सजा और 13-13 हजार रुपये का अर्थदंड
- 16 साल से कोर्ट में चल रहा था मामला, कुदाल और फावड़े से किया था घायल




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाने वाली सहायक शिक्षिका पर जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपियों को 5-5 साल की सजा और 13-13 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। रायबरेली सत्र न्यायालय की कोर्ट संख्या एक के अपर सत्र न्यायाधीश कुशल पाल ने यह सजा सुनाई है।

### 2008 में हुई थी घटना

शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मुकेश सिंह राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना वर्ष 2008 की है। जब कटघर के प्राथमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं के संचालन के संबंध में सहायक शिक्षिका नीता सिंह स्कूल गई थीं। किसी बात को लेकर उनके ऊपर शिक्षामित्र देवेंद्र कुमार अवस्थी, प्रधान अध्यापक राममूर्ति सिंह और उनके पुत्र रामप्रकाश सिंह ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में कुदाल और फावड़े का भी इस्तेमाल किया गया, जिससे शिक्षिका को गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गईं।

### पांच साल की मिली सजा

घटना के बाद पीड़िता के पति की शिकायत पर थाना डलमऊ में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। 16 साल से यह मामला कोर्ट में चल रहा था। आज कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए उन्हें 5 साल की सजा और 13-13 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## खबरें एक नजर में

### कौशल विकास मिशन के तहत बालिका का मानया जन्मोत्सव



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर में बालिका शिक्षा के बढ़ते कदम को जन्म दिवस के रूप में केक काट कर मनाया गया।प्रवीण कौशल विकास मिशन के तहत स्कूल की छात्रा का जन्म दिवस केक काट कर मनाया गया स्कूल के प्रधानाध्यापक महताब खान ने सभी छात्रों को बताया की भविष्य के लिए शिक्षा अति आवश्यक है जो आपको बहुत आगे तक ले जायेगा और बताया की 18 तारीख से त्रिमासिक पेपर भी है आप लोग इसकी भी तैयारी में लग जाइए। क्लास टीचर सरिता सोनकर ने छात्राओं से कहा की आप लोगो को आगे बढ़ना है तो रोज स्कूल आइए शिक्षा आपके जीवन में बहुत जरूरी है आप सभी छात्रों का ऐसे ही प्रति वर्ष जन्म दिवस मनाया जायेगा बच्चे भी बहुत उत्साहित दिखे इससे स्कूलों की उपस्थिति में इजाफा भी होगा।

### खेलकूद प्रतियोगिता में आदर्श शिक्षा निकेतन के बच्चों ने मारी बाजी



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** माध्यमिक विद्यालय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज डलमऊ के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण एवं रजत पदक पर कब्जा जमाया। जिला स्तरीय खेलकूद ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कुल 52 बच्चों ने भागीदारी की ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 19 वर्ष आयु वर्ग में विद्यालय की छात्रा ऐमन मंसूरी स्वर्ण पर कब्जा जमाया तथा 14 वर्ष आयु वर्ग ताइक्वांडो प्रतियोगिता में ध्रुव रावत एवं दर्शन ने स्वर्ण पर कब्जा जमाया वहीं न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के वेश आशुतोष, अमन ने रजत पदक एवं रिद्धि गुप्ता आयेश, प्रियांशु ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों द्वारा अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करने पर प्रधानाचार्य राकेश यादव ,प्रशिक्षक महताब आलम ने खिलाड़ियों का मुंह मीठा कर एवं माला पहनाकर शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की बधाइयां दी। इस मौके पर अध्यापक आशीष जायसवाल, अंकित बाजपेई ,सुरेश यादव, जेपी, संतोष प्रजापति, आकाश यादव एवं विद्यालय परिवार के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### महिला ने लगाया रोजगार सेवक पर पैसा मांगने का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भ्रष्टाचार का दीमक जहां लगातार सरकारी विभागों को खोखला करता चला जा रहा है इसके प्रभाव से छोटे कर्मचारी भी बचे हुए नजर नहीं आते छापने वेतन से पेट न भरने के कारण गरीब जनता से वसूली करने में आगे नजर आते हैं। महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के कुशमहुरा ग्राम पंचायत में तैनात रोजगार सेवक अजय गुप्ता द्वारा ग्राम पंचायत निवासी ग्राम दुर्गापुर सुमन पत्नी अर्जुन ने बताया कि रोजगार सेवक अजय गुप्ता द्वारा एक हफ्ते से लगातार परिवार रजिस्टर की नकल के लिए दौड़ाया जा रहा है?500 मांगे जा रहे हैं मुझ गरीब महिला के पास अगर रु. 500 होते तो मैं रोजगार सेवक को कब का देकर अपना परिवार रजिस्टर ले लेती लेकिन मुझे जानकारी हुई है कि परिवार रजिस्टर की नकल में एक पैसा नहीं पड़ता उसके बावजूद भी रोजगार सेवक द्वारा लगातार पैसा मांगा जा रहा है। हमने अपनी शिकायत खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह को दे दी है खंड विकास अधिकारी ने समस्या को सुनकर कहा है कि आपकी समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा वही रोजगार सेवक को जब दूरभाष पर संपर्क किया जाता है तो वह कभी भी हमारे नंबर से किया गया फोन नहीं उठाते हैं।



### अंतरिक्ष दिवस पर क्विज कंपटीशन आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर क्विज कंपटीशन सी बी एस ई बोर्ड के आदेशानुसार कॉलेज में कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के बीच कराया गया इस प्रश्नोत्तरी में कक्षा 7 के अक्षांश सिंह ने सभी बच्चों में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई तथा सभी अध्यापकों ने कक्षा में प्रथम व द्वितीय तृतीय स्थान वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने अक्षांश सिंह जिसने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किया उस बच्चे को माला पहनकर आशीर्वाद दिया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को भावी अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने हेतु प्रेरणा दी इस तरह के कंपटीशन से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है तथा बच्चों का मनोबल ऊंचा होता है कॉलेज इस तरह की प्रतियोगिताएं करता रहता है। सभी अध्यापकों ने भी सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव सुरेंद्र प्रजापति मंजू सिंह सरिता मिश्रा अनुपम सिंह लक्ष्मी सिंह राज किशोर पाल आदर्श शुक्ला अभिषेक त्रिपाठी शालिनी सिंह जय सिंह ज्योति जयसवाल ज्योति सिंह फातिमा साधना सिंह रुचि सिंह गर्विता सिंह दिलीप गुप्ता आलोक यादव सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बंदरों के आतंक से परेशान सैकड़ों महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- बीडीओ ने ज्ञापन लेने से किया इनकार

**खीरों रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के खीरों कस्बा में बंदरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं।

शुक्रवार को सैकड़ों महिलाओं ने ब्लाक मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और अधिकारियों से बंदरों को पकड़वाने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया कि बंदर उनकी जिंदगी को मुश्किल बना रहे हैं। घरों में सुखाए गए कपड़े फाड़ दिए जाते हैं और सामान उठा लिया जाता है। कई लोगों को बंदरों द्वारा काटे जाने के कारण चोटें आई हैं और कुछ मौतें भी हुई हैं। महिलाओं ने बीडीओ से ज्ञापन देने की कोशिश की, लेकिन उनका ज्ञापन स्वीकार नहीं किया गया।



### ब्लाक मुख्यालय परिसर में नारेबाजी

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने ब्लाक मुख्यालय परिसर में नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। बीडीओ ने उन्हें जिला प्रशासन से शिकायत करने की सलाह दी, जिससे उनकी स्थिति और खराब हो गई। महिलाओं का कहना है कि इस समस्या का समाधान ब्लाक स्तर पर संभव नहीं है, इसलिए जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। कस्बा वासियों ने अधिकारियों से बंदरों के आतंक से राहत दिलाने की उम्मीद जताई है। वहीं, बंदरों के हमलों से स्कूलों में भी छात्र घायल हो रहे हैं और उनकी टिफिन भी छीन ली जाती है।

### क्या बोले अधिकारी?

रेंजर अशोक कुमार सिंह ने जानकारी दी कि बंदरों से संबंधित मामलों को वन विभाग से अलग कर दिया गया है और शासन ने इसके लिए अलग व्यवस्था की है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बंदरों को पकड़ने के प्रयास किए जाएंगे। हालांकि, इस व्यवस्था की शुरूआत की गति और प्रभावशीलता पर सवाल उठते हैं। कस्बा वासियों की समस्याओं के समाधान के लिए अब वन विभाग की सक्रियता और प्रभावी कदम उठाने की उम्मीद की जा रही है। इस बीच, स्थानीय लोग अपने जीवन की सुरक्षा और राहत की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

# क्षेत्र के साहित्यकार एवं अन्य अभिरुचियों के लोग उठा सकते हैं लाभ

- इस वर्ष विंध्य गौरव अवॉर्ड सीजन 4 के साथ अटल लाइफ टाईम अचीवमेंट विंध्य रत्न अवॉर्ड की भी हो रही शुरूआत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डाक्टर संतलाल ने बताया कि विंध्य गौरव अवार्ड सीजन 4 का आयोजन इंदौर में होगा सतना, विंध्य की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित और प्रतिष्ठित करने वाला विंध्य गौरव अवार्ड के सीजन 4 का आयोजन जल्द ही किया जाएगा। स्नेहा इवेंट्स के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले इस सम्मान समारोह में बॉलीवुड के साथ पूरे देश से कलाकार साहित्यकार समाजसेवी और उद्योगपति बड़ी संख्या में जुड़ते हैं। जिन्हें मोमेंटो शाल श्रीफल देकर संस्था स्वयं को गौरवान्वित महसूस करती है।

स्नेहा इवेंट्स के डायरेक्टर विष्णु मिश्रा द्वारा मीडिया में जानकारी देते हुए बताया गया कि विंध्य गौरव अवार्ड इस बार मिनी मुंबई कहे जाने वाले शहर इंदौर में आयोजित होगा जो कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और औद्योगिक राजधानी है।उन्होंने बताया कि इस समारोह में कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति, इंटरटेनमेंट, लोककला, फोटोग्राफी, साहित्य, संगीत, गुरु के साथ प्रदेश के एक वरिष्ठ गौरवपूर्ण डायरेक्टर को प्रतिष्ठित अवार्ड दिया जाना है। इस आयोजन में धर्म, समाजसेवा, एनजीओ, शिक्षासंस्थान और भारतीय सेनाओं के चयनित व्यक्तियों के सम्मान के साथ उद्योग एवं व्यापार के क्षेत्र में, उत्कृष्ट कार्य करते हुए विंध्य को गौरवान्वित करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए स्नेहा इवेंट कंपनी के डायरेक्टर विष्णु मिश्रा ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विंध्य गौरव अवार्ड सीजन 4 के तहत इंदौर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विंध्य की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। उन्होने बताया कि हमारे विंध्य क्षेत्र की उत्कृष्ट प्रतिभाओं से विंध्य का नाम पूरे देश में होता है उन्होंने बताया कि इस वर्ष विंध्य गौरव अवॉर्ड सीजन 4 के साथ अटल लाइफ टाईम अचीवमेंट विंध्य रत्न अवॉर्ड की भी शुरुआत हो रही है। जिसके चयन की प्रक्रिया आरंभ हो रही है। इसमें मरणोपरांत व्यक्ति के संपूर्ण जीवन काल का आकलन कर उन्हे सम्मानित किया जाएगा। ये सम्मान सही मायनों में विंध्य का सम्मान होगा।

विष्णु मिश्रा के अथक प्रयासों द्वारा अयोजित इस अवॉर्ड का चौथा वर्ष है जो विंध्य की धरती में जन्मे उन प्रतिभाओं को समर्पित हैं जिन्होंने उपरोक्त क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान, दिया है। स्नेहा इवेंट परिवार अपनी सहयोगी संस्थाओं सत्यार्थी फिल्म्स रीवा और अन्य के साथ इस आयोजन की निरंतरता बनाए हुए है। जिन्होंने ऐसी प्रतिष्ठा को शिरोधार्य करने का संकल्प लिया हैं।अतः लोग इस कार्यक्रम से जुड़कर अपनी प्रतिभा का मूल्यांकन कर सकते हैं।

### ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता के संबंध में किया गया मॉक ड्रिल

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को जिला जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में कोविड महामारी के प्रबंधन हेतु जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट के क्रियाशीलता के संबंध में मार्क ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पाया गया की ऑक्सीजन प्लांट अपनी पूरी क्षमता के साथ क्रियाशील है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ऑक्सीजन एक आवश्यक औषधि है जिसकी निर्बाध आपूर्ति की आवश्यकता अनेक परिस्थितियों में एक मूलभूत जीवन रक्षक औषधि के रूप में होती है। इसलिए इसलिए भारत सरकार से समय-समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स की क्रियाशीलता का आकलन पीएसए मॉनिटरिंग के माध्यम से किया जाता है। जनपद बलरामपुर में जनपद बलरामपुर में दो ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील है और दोनों ही ऑक्सीजन प्लांट जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर परिसर में स्थापित है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राज कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार चौधरी, एसएमओ डब्लूएचओ डॉ सिंथु, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डॉ श्याम जी श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# पंचवटी विकास समिति ने किया पौधरोपण



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र में पंचवटी विकास समिति के द्वारा प्राथमिक विद्यालय गोल्हा मऊ,विकास क्षेत्र लालगंज की शिक्षिकाओं के द्वारा विद्यालय में पंचवटी के पौधे रोपे गए ,इस अवसर पर प्रधानाचार्य ममता सिंह ने पंचवटी के सदस्यों का विद्यालय परिसर में स्वागत करते हुए कहा कि पंचवटी संस्था के द्वारा क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने का स्तुत्य प्रयास किया जा रहा है। इसके बारे में मैंने सुन रखा था, आज मुझे अतीव हर्ष की अनुभूति हो रही है कि पंचवटी के सदस्यों ने मेरे विद्यालय को वृक्षारोपण के लिए चुना है। पौधरोपण के साथ ही उनका संरक्षण अधिक जरूरी कार्य है, हम लोग अपनी संतानों की 14 वर्ष तक देखभाल करके सुयोग्य बनाते हैं, किंतु यदि हम केवल 3 वर्ष तक ही एक पौधे का संरक्षण करें तो वह वृक्ष बनकर समूची सृष्टि का संरक्षण करने में सक्षम हो जाता है। पंचवटी के अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण ईश्वरीय - पुनीत कार्य है, जिससे सभी जीव- जंतुओं का हित होता है। मनुष्य को प्राणदायिनी वायु के साथ ही फल-फूल, रेशे, चारा,औषधि, वर्षा, जलवायु नियंत्रण, प्रदूषण नियंत्रण, मृदा संरक्षण आदि के भी लाभ प्राप्त होते हैं।अतः, सभी को कम से कम 5 पौधे अवश्य लगा कर बचाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में वंदना यादव, नीतू सिंह, श्रीमती ,गुड्डी देवी, रामगुलाम सविता, हनुमंत सिंह, देवराज सिंह, संत बहादुर सिंह काकू, अमरपाल सिंह, डॉ.महादेव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# आयकरदाताओं के नाम पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से निरस्त




- कई निर्दोष लोग भी हुए प्रभावित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

उतरौला नगर में सरकारी गल्ले की दुकान से प्रति माह पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को सस्ते दर पर राशन वितरित किया जाता है। हाल ही में शासन द्वारा भेजी गई एक रिपोर्ट के आधार पर नगर क्षेत्र के 123 लोगों के नाम पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से निरस्त कर दिए गए हैं। इनमें से कुछ लोग आयकरदाता हैं, लेकिन रिपोर्ट में कई निर्दोष लोग भी शामिल हो गए हैं, जिन्होंने कभी आयकर अदा नहीं किया है, फिर भी उनके नाम राशन कार्ड से हटाए गए हैं।

### राशन कार्ड धारक महिलाएं हुईं परेशान

रानी, पूरिमा, संगीता, वेदप्रकाश, लालदेवी, सीता, पूजा गुप्ता और पूनम गुप्ता आदि महिलाओं ने बताया कि जब वे राशन लेने के लिए दुकान पर पहुंचीं, तो उन्हें पता चला कि उनके नाम राशन कार्ड से हटा दिए गए हैं। राशन वितरण स्थल पर सूचना मिलने पर इन महिलाओं ने तत्काल पूर्ति कार्यालय से संपर्क किया। वहां जाकर पता चला कि आयकरदाता होने के चलते उनके नाम सूची से हटा दिए गए हैं, जबकि इनमें से अधिकांश लोग आयकरदाता नहीं हैं। इस मामले को लेकर पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार से शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वे आयकरदाता नहीं हैं और इस गलती के चलते उनका नाम बिना किसी कारण राशन कार्ड से हटा दिया गया है, जिससे उनका राशन मिलना बंद हो गया है। पूर्ति निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शासन की रिपोर्ट के आधार पर नाम निरस्त किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे इस मामले की जांच कर रहे हैं और जिन निर्दोष लोगों के नाम गलती से हटाए गए हैं, उन्हें फिर से सूची में जोड़ा जाएगा। इस गलती से प्रभावित लोगों की शिकायतें दर्ज की जा रही हैं और जल्द ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। यह समस्या केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे नगर में देखा जा रहा है। कई ऐसे लोग जो न तो आयकरदाता हैं और न ही किसी अन्य तरह से अपात्र हैं, वे भी इस प्रक्रिया का शिकार हो गए हैं। शासन की इस कार्रवाई से प्रभावित लोग अब असमंजस में हैं कि उन्हें दोबारा राशन कैसे मिलेगा और कब तक यह समस्या हल होगी। इस मुद्दे पर स्थानीय प्रशासन द्वारा तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है ताकि निर्दोष लोग जो इस प्रणाली की वजह से प्रभावित हुए हैं, उन्हें उचित रूप से राहत मिल सके और राशन कार्ड में उनका नाम दोबारा जोड़ा जा सके।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु किया जा सकता है 15 सितंबर तक आवेदन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया की महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु कोई भी बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है जिसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक नहीं है और जिसने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया गया है उनको पुरस्कृत किये जाने हेतु ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in पर दिनांक 15.09.2024 तक भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वे बालक जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति तथा नवाचार के क्षेत्र में अपना योगदान दिया है वे सुसंगत अभिलेखों सहित https://awards.gov.in पर दिनांक 15.09.2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, कमरा नं0-105, विकास भवन, बलरामपुर से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

# सादुल्लानगर में गाजे-बाजे के निकली विसर्जन यात्रा, उड़ा अबीर-गुलाल



**सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से पूरा नगर व ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान हो गया। शुक्रवार को दोपहर बाद सादुल्ला नगर में हो रहे गणेश महोत्सव में स्थापित मूर्ति के विसर्जन के लिए शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम से मनौतियों के राजा श्री गणेश जी की भव्य शोभा यात्रा डीजे गाजे बाजे के साथ हनुमान गढी. चौराहा, गूमाफातमाजोत, मुबारमोढ. निकाली गई। नव युवक सेवा समिति सादुल्लानगर नगर द्वारा मूर्ति शुक्रवार दोपहर बाद बड़े ही धूमधाम से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा हनुमान गढ़ी तिराहा होते हुए मुबारक मोड़, गूमा तिराहा से नगर भ्रमण करते हुए श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर से होते हुए रामपुर ग्रांट के कुसमौर घाट पर पहुचकर पुरोहित पंडित विनोद कृष्ण शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना कर प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सादुल्ला नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह व पुलिस टीम शोभा यात्रा में शामिल रहे। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, जग प्रसाद गुप्ता, रमेश जायसवाल संतोष गुप्ता, अमन गुप्ता, सोनू गुप्ता, राहुल मराठा, मुलायम यादव, सनी गुप्ता,सुमित, राजेश, पिंटू व गुलाब गुप्ता सहित तमाम क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### गणेश पूजन महोत्सव : सोमनाथ मंदिर से निकाला गई शोभायात्रा



**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** श्री गणेश पूजन महोत्सव श्री सोमनाथ मंदिर से श्री गणेश जी महाराज की दिव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें पूरे बाजार में भारी संख्या में भक्तजनों ने नाचते झूमते गाते और भगवान गणेश की जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा और श्रद्धालु आनंद विभोर हो गए जिसमें मंहत जितेन्द्र वन की अगुवाई में पूरे कार्यक्रम की देखरेख की गई जिसमें योगेन्द्र वन, नीरज यदुवंशी,अमरेंद्र जायसवाल, छोटू पाण्डेय, आनंद जायसवाल,योगेन्द्र जायसवाल,रमेश कौशल,राजेश,रामजी,भोलेनाथ मोदनवाल,सन्तोष मोदनवाल, रवि अग्रहरी,सोनू,अभय मोदनवाल आदि भारी संख्या में इस आनंदमय पल के साक्षी बने।

# गेम्स फेडरेशन एवं शिक्षा विभाग के खेल कलेंडर के तहत जिला स्तरीय हॉकी टीम का चयन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**





बलरामपुर में स्कूल गेम्स फेडरेशन और मा शिक्षा विभाग के खेल केलेण्डर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद के निर्देश पर आज सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज ग़ालिब पुर के संयोजन मे स्पोर्ट्स स्टेडियम बलरामपुर मे जिला स्तरीय हाकी टीम का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया.

जिला क्रीड़ा सचिव मो सुहेल के अनुसार जनपद स्तरीय हाकी टीम का चयन होना था संख्या कम होने के कारण खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया। इसमें बलरामपुर मॉडर्न स्कूल से प्रज्जवल गुप्ता , एम पीपी इंटर कॉलेज से अजय मोहन, कामपोजिट स्कूल सुल्ताजोत से अभय वर्मा, और अंकित यादव, बाल शिक्षा निकेतन से कलीम, बाल भारती स्कूल से मुकेश कुमार, सुंदर दास राम लाल इंटर कॉलेज से विकास कुमार, सरदार बल्लभ भाई पटेल इ कालेज से गुफरान अली, अभिषेक सिंह और अनिकेत सिंह का चयन किया गया। चयन ट्रायल जिला हाकी सचिव कु रश्मि सिंह, उमेश चौधरी, उमेश तिवारी ने लिया। रीता चौधरी प्रधानाचार्य सरदार बल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज गालिबपुर ने कहा कि शासन के निर्देश पर यह ट्रायल के आधार पर कुशल शिक्षकों के द्वारा लिया गया अब यह बच्चे मंडल के लिए प्रतिभाग करेंगे।

### सर्पदंश से आठ वर्षीय बच्चे की मौत

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को रायबरेली जनपद के सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव में कंड़े रखे शौचालय में खेलने के लिए रखी गिट्टियां निकाल रहे बच्चे को जहरीले सांप ने काट लिया,इससे हड़कंप मच गया।परिजन उसे सीएचसी लालगंज ले गए जहां के चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया।थाना क्षेत्र के पूरे बाबा मजरे रासीगांव के रहने वाले शमशेर का 8 वर्षीय बेटा गौरव आज कंडे रखे शौचालय से खेलने के लिए गिट्टियां निकाल रहा था तभी जहरीले सांप ने उसे काट लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां के चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हसिनपारा में रामलीला मंच पर अभिनय से मोनिका ने दर्शकों का मन मोहा

**महुआ बाजार (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** हासिनपारा स्थित एल पी डी पब्लिक स्कूल में आयोजित श्री राम लीला मंचन के मुख्य कलाकार मोनिका ने धमाल मचा दिया। हर किसी अभिनय में निपुण मोनिका के मंच पर पहुंचते ही श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाते है।

मोनिका मूलतः सोनहा बस्ती की रहने वाली है, बचपन से ही नृत्य करना इनकी हावी थीं जो आज समय के साथ पंख लगा कर उड़ने लगी। कैकेई, सीता, सूर्पनखा, मंदोदरी, अनुसुया जैसे जबरदस्त प्रस्तुतिकरण करने मे महारत हासिल है। पूरे क्षेत्र के लोगो के दिलों में स्थान बना लेने वालीं मोनिका को किसी



अफसरा से कम नहीं आका जाता। आज रामलीला का अंतिम दिन होने से क्षेत्र के सभी नर नारी वृद्धा बच्चे मोनिका के अदाकारी के गुलाम बन चुके, कार्यक्रम समाप्त होने पर विदा होते समय सभी की आंखे नम हो गईं।

## महाकवि मूसल की नारी चेतना

**पूरन सरमा**

महाकवि मूसल का काव्य नारी सुलभ भावनाओं तथा उसकी समग्र चेतना से सराबोर रहा है। उनकी चेतना का आलम यह है कि नारी देखते ही कुलांचें मारने लगती है तथा घंटों तक उसमें डूबे उसी रंग से लबरेज रचनाएं लिखते रहते हैं। वे नारी को वंदनीया मानते हैं तथा खुशहाल जीवन के लिए उसका पूजन भी स्वीकार करते हैं। उनकी कविताओं में नारी का चेतना स्वर बहुत ही प्रखरता से आया है और वे उसी के संयोग तथा वियोग का वर्णन अपनी काव्य रचनाओं में सघनता से कर पाए हैं। उनके गीत नारी की कमर, कपोल, लटों, होंठों, चाल तथा शारीरिक सौष्ठव में डूबे नए से नए आयाम ढूंढते देखे जा सकते हैं। महाकवि मूसल की शारीरिक रचना उनके नामानुरूप मूसल के आकार की है तथा वे उसी के स्वभावगत साम्य के साथ अपना बौद्धिक कौशल भी रखते हैं। मूसल की उम्र इस समय करीब साठ वर्ष है, लेकिन नारी के मामले में वे सदैव बिलबिलाते मिलेंगे। वे अपनी पत्नी से उपेक्षा भाव बरतकर दूसरी नारियों में प्रेम के भाव तलाशते देखे जा सकते हैं। महाकवि मूसल सदैव किसी मनन-चिंतन में उलझे नारी स्तुति तथा सौंदर्योपासना में लगे रहते हैं।

महाकवि मूसल से मेरा परिचय घनघोर है तथा वे जब तब अपनी कोमल कविताएं मुझ पर पेलते रहे हैं। उनका दर्द एक है, लेकिन उसे उन्होंने गाया हजारों तरह से है। वे अपने जीवन में नारी को ऊर्जा के रूप में स्वीकार करते हैं तथा मानते हैं कि यदि उन्हें एक नारी की संगत मिल जाए तो वे कविता में क्रांति कर सकते हैं। लेकिन इस देश की नारियां उन्हें अभी क्रांति का मौका ही नहीं दे रही हैं। जब वे उनकी प्रशंसा में कविता लिखते हैं तो वे उस समय उनका सान्निध्य चाहते हैं। इसी कारण वे उनकी धर्मपत्नी से उपेक्षित हो गए तथा आज वे इसी दर्दे दिल को लिए विविध आयामी सृजन के प्रति समर्पित हैं। पत्नी को वे पूरे दिन में तीन हजार गालियां निकालते हैं तथा दूसरी अनाम प्रेमिका के लिए अपने जीवन की तमाम मिठास को उंडेल देते हैं। हालांकि उनकी कविता में उलाहना शैली ज्यादा सघनता से उभरी है। लेकिन वे अगली कविता में अपना बैलेंस बना लेते हैं और नारी चेतना का स्वर बराबर बनाए रखते हैं। यदि उन्हें नारी सुलभ हो जाए तो कविता लिखना भूल जाते हैं। यही वजह है कि उनकी कविताओं का स्वर वियोग पर ज्यादा केन्द्रित रहा है। नारी वियोग के कारण ही वे हजारों हजार कविताएं आज हिन्दी साहित्य संसार को सौंप चुके हैं। उनकी कविताएं नारी अंगों की सुंदरता तथा उनके लिए नायाब उपमाएं ढूंढने में नूतनता के साथ सामने आई हैं।

# राहुल गांधी की सत्ता के लिए व्यग्रता और नेहरु



**उत्तरी अमरीका के इन देनों देशों की सांस्कृतिक, मज़हबी और राजनीतक पूंछ इंग्लैंड से जुड़ी रहती है, क्योंकि ब्रिटिश उपनिवेशों को संगठित करके ही इन देशों का गठन हुआ था। अपने समय में इंग्लैंड सरकार भी, देश छोडऩे से पहले भारत को विभाजित करने वाली ताकतों को संगठित कर रही थी। इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना उसके मोहरे बने हुए थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार जानती थी कि कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना देश को विभाजित नहीं किया जा सकता। अन्ततः कांग्रेस इंग्लैंड के माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के चंगुल में फंस ही गई और उसने बाकायदा दिल्ली में पार्टी की विशेष बैठक बुला कर 14 जून 1947 को भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल के आसपास थी। बहुत से इतिहासकार आज भी इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं कि आखिर खान अब्दुल खान के सख्त विरोध के बावजूद नेहरु भारत विभाजन के पक्ष में कैसे खड़े हो गए?**

राहुल गांधी की उम्र पचपन को छू गई, लेकिन कांग्रेस सांसदों की संख्या सौ को नहीं छू पाई। इतिहास 1947 के मोड़ पर ही पहुंच गया है। उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल की थी और उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के लिए लार्ड माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के मोहरे बन कर देश विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था। अब उन्हीं के वंशज राहुल गांधी उम्र के उसी मोड़ पर पहुंच गए हैं। वर्ष 2029 को जब अगले लोकसभा चुनाव होंगे, तो उनकी उम्र साठ साल के आसपास हो जाएगी। राज परिवार में भूकम्प आ रहा है। कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी अमरीका जाकर सिखों को बता रहे हैं कि भारत में उनकी पगड़ी, कड़ा और गुरुद्वारा संकट में हैं।

इस बार राहुल गान्धी भारत के प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। इस वाक्य को एक दूसरे प्रकार से भी कहा जा सकता है कि इस बार कुछ देशी-विदेशी शक्तियां राहुल गान्धी को आगे करके, उनकी आड़ में अपनी व्यक्तिगत या अन्य प्रकार की स्वार्थ सिद्धि प्राप्त करना चाहती थीं। इसके लिए उन सब ने मिल कर पूरा जोर भी लगाया। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी योजना या इच्छा पूरी नहीं हुई। वैसे केवल स्पष्टीकरण के लिए राहुल गान्धी को प्रधानमंत्री बनाने के पीछे देशी और विदेशी ताकतों का उद्देश्य अलग भी होता है। देशी शक्तियां या फिर वे लोग जो राहुल गान्धी को घेरे हुए हैं, उनका स्वार्थ तो ज्यादा से ज्यादा उतना ही होता है कि राहुल प्रधानमंत्री होंगे तो सत्ता में कुछ हिस्सा उनको भी नसीब होगा। इसलिए इसको व्यक्तिगत स्वार्थ ही कहा जा सकता है। लेकिन विदेशी शक्तियों का मामला दूसरा है। उन्होंने भारत में सत्ता प्राप्त नहीं करनी, लेकिन उन्हें भारत को कमजोर करना है ताकि वह विश्व राजनीति और सभ्यताओं के संघर्ष में झांकने की भी हिम्मत न करे। इसके लिए अमरीका व कनाडा सरकार पिछले कुछ दशकों से कार्यरत हैं। इन दोनों देशों में पंजाब के कुछ लोगों को भारत के खिलाफ संगठित किया जा रहा है। भारतीय दूतावासों पर हमले होते हैं। इंदिरा गान्धी के हत्यारों को महिमामंडित करते हुए सार्वजनिक झांकियां निकाली जाती हैं। भारत को तोडऩे के संकल्प लिए जाते हैं। उत्तरी अमरीका की सरकारें इन सभी भारत विरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता देती हैं। उत्तरी अमरीका के इन देनों देशों की सांस्कृतिक, मज़हबी और राजनीतक पूंछ इंग्लैंड से जुड़ी रहती है, क्योंकि ब्रिटिश उपनिवेशों को संगठित करके ही इन देशों का गठन हुआ था। अपने समय में इंग्लैंड सरकार भी, देश छोडऩे से पहले भारत को विभाजित करने वाली ताकतों को संगठित कर रही थी। इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना उसके मोहरे बने हुए थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार जानती थी कि कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना देश को विभाजित नहीं किया जा सकता। अन्ततः कांग्रेस इंग्लैंड के माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के चंगुल में फंस ही गई और उसने बाकायदा दिल्ली में पार्टी की विशेष बैठक बुला कर 14 जून 1947 को भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल के आसपास थी। बहुत से इतिहासकार आज भी इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं कि आखिर खान अब्दुल खान के सख्त विरोध के बावजूद नेहरु भारत विभाजन के पक्ष में कैसे खड़े हो गए? इसका उत्तर नेहरु ने स्वयं ही परोक्ष रूप से दिया है। उनका कहना था कि यदि हम भारत विभाजन के लिए सहमत न होते तो बीस-पच्चीस साल तक और संघर्ष करना पड़ता, जेलों में जाना पड़ता, लेकिन हमारी उम्र इतनी हो गई थी कि इतने लम्बे काल तक संघर्ष करना सम्भव नहीं था। यानी तब तक नेहरु की उम्र लगभग 90 साल की हो जाती। देश बंटने से भी बच जाता और आजाद भी हो जाता, लेकिन 90 साल की उम्र में देश के प्रधानमंत्री नेहरु न हो पाते, कोई दूसरा कांग्रेसी होता, यह नेहरु को स्वीकार नहीं था। इसलिए उन्होंने सत्ता की खातिर देश विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। बाबा साहिब अंबेडकर कांग्रेस की या नेहरु की इस मंशा को शुरू में ही समझ गए थे, इसलिए उन्होंने दशकों पहले कह दिया था कि कांग्रेस देश की आजादी के लिए नहीं, बल्कि सत्ता के लिए लड़ रही है। लगता है इतिहास आज फिर अपने आपको दोहराता हुआ उसी मोड़ पर पहुंच गया है। 2004 के आम चुनाव में भाजपा की पराजय हुई और कांग्रेस ने डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सरकार बनाई। वे 2014 तक प्रधानमंत्री रहे। कहा जाता है, उनकी सरकार में सत्ता व नीति के सूत्र सोनिया माईनो गान्धी के पास रहते थे। जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने, उस समय राहुल गान्धी की उम्र 32-33 साल के आसपास थी। तब इस राज परिवार को स्वयं ही लगा होगा कि इतनी कम उम्र में भारत जैसे विशाल देश का प्रधानमंत्री बनना राहुल गान्धी के लिए सम्भव नहीं होगा। इटली होता तो अलग बात थी। उसके बाद मौका 2009 में आया। उस समय राहुल भी 37 साल के हो गए, लेकिन यह उम्र भी कम ही थी। इसलिए मनमोहन सिंह को ही प्रधानमंत्री बनाए रखना श्रेयस्कर माना गया। उस समय मनमोहन सिंह ने कहा भी था कि फिलहाल राहुल गान्धी मंत्रीपद ले लें ताकि उन्हें प्रशासन का अनुभव भी हो जाए। लेकिन मंत्री बनना शायद इस परिवार को अपमानजनक लगा होगा। मनमोहन सिंह जी ने तो यहां तक भी कह दिया था कि जब मुझे कहा जाएगा, मैं राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री का पद छोड़ दूंगा। लेकिन मात्र 37 साल की उम्र आड़े आ रही थी। इस राज परिवार का दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि जब राज परिवार को लगा कि 2014 में राहुल गान्धी 44 साल के वयस्क हो जाएंगे और प्रधानमंत्री पद पर उनकी ताजपोशी कर दी जाएगी (उनके पिता 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बने थे), तब भारत ने भाजपा को जिता ही नहीं दिया, कांग्रेस को 543 सीटों वाली लोकसभा में महज 44 सीटों पर पहुंचा दिया।

वर्ष 2019 में राहुल गान्धी की उम्र पचास के आसपास पहुंच गई, लेकिन लोकसभा में कांग्रेस के सदस्यों की संख्या 44 से बढ़ कर पचास-पचपन से ज्यादा नहीं बढ़ पाई। वर्ष 2024 तक आते-आते राज परिवार की सत्ता प्राप्ति के लिए व्याकुलता इतनी बढ़ी की मुस्लिम लीग तक से समझौता कर लिया। केजरीवाल तक को नमन किया। राहुल गान्धी की उम्र पचपन को छू गई, लेकिन कांग्रेस सांसदों की संख्या सौ को नहीं छू पाई। इतिहास 1947 के मोड़ पर ही पहुंच गया है। उस वक्त पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल की थी और उन्होंने प्रधानमंत्री बनने के लिए लार्ड माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के मोहरे बन कर देश विभाजन का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया था।

## विचार

# भारतीय पीएम ने मुख्य न्यायाधीश के सरकारी आवास पर की गणेश आरती

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**



**सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील आनंद पीएम के चीफ़ जस्टिस के घर जाने को अच्छी मिसाल मानते हुए कहती हैं, ऐसा नहीं है कि जो पहले नहीं हुआ, वह कभी नहीं हो सकता। पीएम का सीजेआई के आवास पर जाना एक अच्छी मिसाल है। इस पर भारी विवाद खड़ा हो गया है। कुछ लोग इसे न्यायपालिका की पवित्रता पर दाग की तरह देख रहे हैं तो एक वर्ग विरोधियों की बौखलाहट देख खुशी का इजहार कर रहा है।एक ओर सीजेआई न्यायपालिका का सर्वोच्च पद है।**

भा वैश्विक स्तरपर करीब दुनियां के हर देश में राजनीतिक क्षेत्र में दो पार्ट होते हैं,पक्ष व विपक्ष जिसमें एक सशक्त विपक्ष की भुमिका पक्ष यानें सत्ताधारी दल पर अत्यंत पैनी नजर रखना है। उनके नेता से लेकर छोटे से कार्यकर्ता के हर कार्यक्षण पर तीखी पैनी नजर रखना है, व शासन प्रशासन की कार्य प्रणाली व कार्यों का भी मूल्यांकन करते रहना है, ताकि किसी भी पॉइंट या कमजोर कड़ी पर आम जनता की भलाई के लिए उसेघेरा जा सके, ठीक उसी तरह पक्ष का भी काम रहता है कि वह विपक्ष की कार्यप्रणाली,दिनचर्या,बयानों पर नजर रखें कहीं सिर्फ टांग खींचने का कार्य तो नहीं कर रहे हैं? जिसका हम सटीक उदाहरण पिछले दो दिनों से देख रहे हैं, जिसमें पहले विपक्ष के नेता द्वारा अमेरिका में भारत विरोधी संसद सदस्य से मिलने व कुछ बयानों पर, पक्ष कटाक्ष कर शाब्दिक बाण दाग रहा है,तो विपक्ष पलटवार कर रहा है। ठीक उसी तरह दूसरा बुधवार दिनांक 11 सितंबर 2024 को भारत के मुख्य न्यायाधीश के आमंत्रण पर माननीय पीएम के गणेश पूजा व आरती करने उनके सरकारी आवास पर शामिल हुए व प्रसाद लेकर चले गए तथा एक्स ट्विटर पर पोस्ट पर, गणेश पूजा में जस्टिस चंद्रचूड़ के साथ अपनी तस्वीर पोस्ट कर लिखा के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा में शामिल हुआ भगवान गणेश हम सबको सुख समृद्धि और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें। बस! एक्स पर पोस्ट आते ही पूरी सोशल मीडिया पर तहलका मच गया! सियासी आलोचनाएं व वार पलटवार तेजी से शुरू हो गए जो 13 सितंबर 2024 तक यहआर्टिकल लिखने तक शुरू है विपक्षी पार्टी के बड़े-बड़े नेता व सुप्रीम कोर्ट के बड़े-बड़े वकील इस शाब्दिक सियासी जंग में उतरे हुए हैं। उधर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल शहर अनेक मंत्री व सताधारी पार्टी के अधिकृत वक्ताओं के भी बयानों की झड़ी लग गई है।चूंकि भारतीय पीएम ने भारत के सीजेआई के घर गणेश आरती पूजा अर्चना की तो आलोचनाओं व सियासी पारा, पलटवार तेज हुआ है।भारतीय संविधानके अनुच्छेद 50, न्यायपालिका व कार्यपालिका द्वारा आपसी निजी बातचीत या महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मिलने जुलने के खिलाफ नहीं देखा जा सकता। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारतीय संविधान का अनुच्छेद 50 कानून के शासन को बनाने,सत्ता के दुरुपयोग को रोकने के लिए न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने पर जोर देता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के सीजेआई के निमंत्रण पर सरकारी बंगले में गणेश आरती और पूजा अर्चना में शामिल होने से विवाद उठने पर पक्ष विपक्ष में शाब्दिक बाणों की करें तो,भारत के संविधान में कार्यपालिका विधायिका और न्यायपालिका के अलग अलग होने और उनकी स्वतंत्रता को लेकर भी कई लोग अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील दवे ने कहा है कि चीफ़ जस्टिस का पीएम को निमंत्रण देना और पीएम का उसे स्वीकार दोनों ही ग़लत हैं।लेकिन सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील आनंद पीएम के चीफ़ जस्टिस के घर जाने को अच्छी मिसाल मानते हुए कहती हैं, ऐसा नहीं है कि जो पहले नहीं हुआ, वह कभी नहीं हो सकता। पीएम का सीजेआई के आवास पर जाना एक अच्छी मिसाल है। इस पर भारी विवाद खड़ा हो गया है। कुछ लोग इसे न्यायपालिका की पवित्रता पर दाग की तरह देख रहे हैं तो एक वर्ग विरोधियों की बौखलाहट देख खुशी का इजहार कर रहा है।एक ओर सीजेआई न्यायपालिका का सर्वोच्च पद है। दूसरी तरफ पीएम कार्यपालिका के शीर्ष पदों में से एक पर विराजमान हैं। ऐसे में जब सीजेआई का न्योता पीएम को जाएगा तो उन्हें ठुकराने की कम ही गुंजाइश रहती है। संभवतः इसी वजह से पीएम ने सीजेआई के यहां जाना वाजिब समझा और गए भी। पीएम ने सोशल मीडिया के जरिए खुद इसकी जानकारी भी दी। सीजेआई इसी साल 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो रहे हैं। इस बीच उन्होंने कई अहम मामलों की सुनवाई भी की है।पीएम के सीजेआई के घर जाने पर कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटिबिलिटी एंड रिफॉर्म्स यानी (सीजेएआर) ने भी बयान जारी किया है।वकीलों के इस समूह ने कहा है,न्यायपालिका परसंविधान की रक्षा करने और बिना किसी भय या पक्षपात के न्याय सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी है।इसे कार्यपालिका से पूरी तरह से स्वतंत्र माना जाना चाहिए।बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन और बीजेपी के राज्यसभा सांसद ने भी इस विवाद पर बयान दिया है।उनका कहना है,जो लोग ऐसा बयान दे रहे हैं वो ख़ुद जान रहे हैं कि इससे किसी फ़ैसले पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ये एक धार्मिक कार्यक्रम था, वहां हमारे पीएम ने पूजा की अगर किसी दूसरे तरह की मीटिंग होती तो वो गुप्त मीटिंग होती।इस बीच बीजेपी नेता पात्रा ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस मुद्दे पर विपक्षी दलों को निशाने पर लिया।उन्होंने सवाल खड़े किए कि देश के पीएम अगर सीजेआई से मिलते हैं तो आपको आपत्ति होती है।

## कहां है पगड़ी पर पाबंदी?

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। भारतीय लोकतंत्र में विपक्ष का प्रथम चेहराा हम पहले भी लिख चुके हैं कि ऐसे राजनेता को 'छाया प्रधानमंत्री' माना जाता है, क्योंकि प्रधानमंत्री के बाद उसे ही सर्वाधिक समर्थन और बहुमत हासिल होता है। लिहाजा हम बार-बार उनके कथनों, गलत तथ्यों और भारत-विरोध के मद्देनजर सवाल नहीं उठाना चाहते। प्रधानमंत्री मोदी ने भी जब विदेशी जमीं पर या संसद के भीतर अथवा चुनाव प्रचार के दौरान आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणियां की हैं, तो मीडिया में उनकी पर्याप्त आलोचना की गई है, लेकिन यह नहीं हो सकता अथवा यह कुतर्क है कि प्रधानमंत्री ने विदेश में भारत का अपमान किया है, तो नेता प्रतिपक्ष भी देश की प्रतिष्ठा पर कालिख पोतने की कोशिश करेंगे। यह राहुल गांधी की राजनीति है अथवा वह वाकई भारत को बेइज्जत करने पर आमादा रहते हैं, लेकिन यह तय है कि वह अक्सर गलत, भ्रामक तथ्य पेश करते रहे हैं। ताजा संदर्भ सिखों का है। अमरीका प्रवास के दौरान उन्होंने मंच से एक सिख नौजवान का नाम पूछा और फिर आशंका जताई कि सिख भारत में पगड़ी और कड़ा पहन पाएंगे या नहीं! वे गुरुद्वारे में प्रवेश पा सकेंगे या नहीं! दरअसल राहुल की यह सवालिया आशंका ही निर्मूल है, क्योंकि भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। कहीं भी पगड़ी, कड़े पर पाबंदी नहीं है। राहुल ने दावा किया कि वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं। सवाल है कि किसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ऐसे हालात ही नहीं हैं। भारत में प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' के आतंकी नेता पन्नू ने राहुल गांधी के इस बयान को 'बोल्ड' करार दिया और उनका समर्थन भी किया। पन्नू अमरीका और कनाडा में सक्रिय है। यदि वह भारत आता है, तो फांसी तक की सजा दी सकती है, उसके खिलाफ इतने और ऐसे केस दर्ज हैं। यहां भी सवाल है कि क्या राहुल भारत में 'खालिस्तान' बनाने की मांग की पुष्टि करते हैं? क्या ऐसी ताकतों के समर्थन में ही वह जहर उगलते रहे हैं? देश का कैसा दुर्भाग्य है कि ऐसा नेता प्रतिपक्ष मिला है, जो 'खालिस्तानी खाडकुओं' के साथ खड़ा है और उनकी ही पैरोकारी करता है? शायद राहुल गांधी 1984 का वह दौर भूल गए हैं, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री एवं उनकी आदरणीय दादी इंदिरा गांधी की हत्या, प्रधानमंत्री आवास में ही, कर दी गई थी। प्रतिक्रिया में देश में सिख-विरोधी दंगे भडक़ाए गए थे। वास्तव में वे नरसंहार ही थे, जिनमें करीब 3000 सिखों की हत्या कर दी गई थी। कांग्रेस के तत्कालीन नेता सज्जन कुमार बीते कई सालों से जेल में हैं और पूर्व मंत्री जगदीश टायटलर पर केस चलेगा।

गांधी परिवार ने आज तक सिखों से सार्वजनिक माफी तक नहीं मांगी। उस दौर के कुछ अपवाद हमने अपनी आंखों से देखे हैं, जब सिखों के एक वर्ग को अपने केश कटवाने पड़े थे, लिहाजा पगड़ी भी नहीं पहनी गई थी। सिखों के केश पकड़ कर भीड़ उन्हें ऐसे झुलाती थी मानो किसी खिलौने से खेल रहे हों! सिखों ने ऐसी शारीरिक और मानसिक यंत्रणाएं झेली हैं कांग्रेस शासन के दौरान! इसके बावजूद सिख भारत के साथ एकजुट खड़े रहे, मुख्यधारा में रहे और यहां तक कि कांग्रेस को भी समर्थन दिया। अफगानिस्तान में जब तालिबान हुकूमत आई और चारों ओर अराजकता और बर्बरता थी, तब मोदी सरकार के सिख मंत्री हरदीप सिंह को भेजा गया। उन्होंने 'पवित्र ग्रंथ साहिब' को सिर पर धारण किया, कई सिखों का बचाव किया और उस पवित्र ग्रंथ को भारत लाकर स्थापित किया। सिख तब से हमारे साथ हैं, जब भारत में मुगल हुकूमत का 'कसाई राज' था। सिख गुरुओं ने हिंदुस्तान और सनातन धर्म की हिफाजत के लिए कुर्बानियां दीं। परिवार का सबसे ज्येष्ठ पुत्र 'सिक्खी' धारण करता था। राहुल गांधी को इस पवित्र इतिहास की कहां जानकारी होगी? वह अब भी दोहरा रहे हैं कि भारत में पिछले 10 सालों में लोकतंत्र को बहुत नुकसान हुआ है। संविधान पर आरएसएस-भाजपा लगातार हमले कर रही हैं। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष चुनाव नहीं कराया। यदि ऐसा है, तो वह रायबरेली सीट से 3.90 लाख वोट से कैसे जीत गए?



## राशिफल

**मेषः**-वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**बृषभः**- रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुनः**- नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**कर्कः**- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें।

**सिंहः**- नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः**- कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः**- निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिकः**- नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः**- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः**- मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणरखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभः**- महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः**- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

# नशे से दूरी के लिए फिटनेस है रामबाण

**भूपिंद्र सिंह**

**खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से पहले भी अनेकों बार अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को सचेत किया गया है कि अपने विद्यार्थी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अब तो सोच कर कुछ हल निकालो। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडिय़ों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है।**

पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडऩा तथा शरीर के जोड़ों की क्रियाएं भी होंज किसी भी सभ्यता या देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार स्कूलों व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विद्याओं में व्यस्त रखने के साथ साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक, दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से पहले भी अनेकों बार अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को सचेत किया गया है कि अपने विद्यार्थी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अब तो सोच कर कुछ हल निकालो। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडिय़ों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। नब्बे का दशक चलते ही हिमाचल प्रदेश में खेलों के लिए तत्कालीन खेल मंत्री रामलाल ठाकुर ने शुरुआती दौर में अच्छा कार्य किया था। प्रेम कुमार धूमल ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय खेल ढांचा, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा प्रशिक्षकों की नियुक्ति करके खेलों को गति दी। जयराम सरकार में पहले गोविंद ठाकुर व बाद में राकेश पठानिया ने खेल मंत्री रहते हुए नयी खेल नीति दी जिसमें काफी आकर्षक नगद ईनाम रखे हैं। अब सुक्खू सरकार ने कुछ ईनामों में और सम्मानजनक बढ़ोतरी कर दी है। अच्छा होता राज्य में प्रशिक्षक भी भर्ती होते क्योंकि खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा, मगर सरकार तो ठेके पर मजदूर की दिहाड़ी पर अब प्रशिक्षक व अन्य कर्मचारी नियुक्त कर रही है। जब लाखों बच्चों के लिए फिटनेस कार्यक्रम बनेगा, तो उसमें से ही फिट नागरिक प्रदेश को मिलेंगे। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हमीरपुर में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर

- इलाके में मचा हड़कंप, फसल जलमग्न
- बाढ़ से निपटने के लिये अधिकारियों की लगायी गयी ड्यूटी





**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

हमीरपुर जिले में माताटीला व लहचुरा बांध से छह लाख क्यूसिक पानी छोड़े जाने से यमुना नदी खतरे का निशान पार कर गयी है। बेतवा नदी खतरे के निशान के आधा मीटर दूर बतायी जा रही है। लगातार बाढ़ का पानी बढ़ने से नदी के किनारे बस्तियों में पानी भर गया है वही सैकड़ो एकड़ फसल जल मग्न हो गयी है।

सिचाई विभाग के सहायक अभियंता एसजे वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि दोनो बांधो से जो पानी छोड़ा गया था,उसका असर यमुना व बेतवा नदी में लगातार बढ़ता जा रहा है।

यमुना नदी के खतरे का निशान 103.63 मीटर है व बेतवा नदी का खतरे का निशान 104.54 मीटर है,यमुना नदी का जल स्तर 103.250 मीटर पहुच गयी है जो खतरे का निशान पार गयी है। बेतवा नदी का जल स्तर 103.330 मीटर है। एडीएम ने बताया कि फिल हाल पानी छोड़े जाने की कोई सूचना नही है। मगर शनिवार शाम तक धौल पुर से चार लाख क्यूसिक पानी यमुना नदी में छोड़े जाने की सूचना प्राप्त हुई है जो यमुना नदी का जल स्तर एक मीटर रविवार तक बढ़ सकता है। नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से नदी के किनारे बसे लोगो को एलर्ट कर दिया गया है वही आला अधिकारी बराबर दौरा कर रहे है डिग्री कालेज कुछेछा में राहत शिविर स्थापित किया गया है वहा पर सभी विभागो के लोगो को अपने विभाग से संबंधित प्रबंध करने को कहा गया है प्रभारी सीएमओ डा रामअवतार व डिप्टी सीएमओ डा संजय कुमार ने कुराह,राठ मौदहा सीएचसी जाकर बाढ़ में किसी भी बीमारी से निपटने के लिये आक्सीजन प्लांट चालू करने को कहा गयाहै दवाओ प्रबंध कर लिया गया है वही मेरापुर, भिलावा, डिग्गी, टिकरौली, कुछेछा गांवों की खरीफ की फसले जल मग्न हो गयी है।

बेतवा घाट मोहाल में करीब दस घरो में बाढ का पानी घुस गया है। जिससे लोग खासे परेशान है। तहसीलदार का कहना है कि जानवरो के चारे भूसे का प्रबंध कर लिया गया है। बिजली विभाग को बाढ के समय बिजली आपूर्ति करने के आवश्यक दिशा निर्देश दे दिये गये है। वही जिलाधिकारी ने कर्मचारियों के अवकाश लेने पर रोक लगा दी है। एडीएम विजयशंकर तिवारी का कहना है कि बाढ के सारे प्रबंध कर लिये गये है। फिलहाल अभी चिंता की कोई बात नही है। लेखपाल व कानूनगो व अन्य राजस्व कर्मियों को डियूटी पर लगा दिया गया है।

# राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिलाध्यक्ष बनाए गए अमित सोनी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल की अध्यक्षता में अम्बे गेस्ट हाउस महोबा में स्वर्णकार समाज की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में डॉ कौशल ने कहा कि स्वर्णकार समाज राजनीतिक रूप से सबसे पिछड़ा समाज है जिसे आज तक किसी राजनैतिक दल ने उचित भागीदारी नही दी।इसी उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतेन्द्र स्वर्णकार ने राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच का गठन किया।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्वर्णकार समाज की विशाल रैली लखनऊ में की जाएगी और 2027 का चुनाव पूरी दमखम के साथ लड़ा जाएगा। आई वी एफ के प्रदेश महामंत्री शिवकुमार सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज अनेक नामों में बटा है वर्मा,रस्तोगी, अयोध्यावासी, मैढ़, क्षत्रीय सभी स्वर्णकार होते है ,पर सभी के अपने अपने संगठन है जिससे हमारी वास्तविक संख्या किसी राजनैतिक पार्टी तक नही पहुँच पाती, इसलिये समाज को कोई भी पार्टी उचित स्थान नही देती,उन्होंने कहा कि अगर हिस्सेदारी चाहिए तो पहले एकता बनाइये। कार्यक्रम का संचालन कर रहे महामंत्री शशिकांत कौशल ने कहा कि स्वर्णकार समाज के उत्थान के लिए सभी को एक मंच पर आना होगा।तभी समाज का उत्पीड़न रुकेगा और सभी जगह उचित भागीदारी मिलेगी। राजेन्द्र सोनी ने डॉ कौशल को आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने की बात कही। आज के कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी ने अमित सोनी को महोबा जिलाध्यक्ष का मनोनयन पत्र दिया। जिलाध्यक्ष अमित सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवल सोनी, देवेंद्र सोनी, इंद्रपाल सोनी, कुलदीप सोनी, सन्दीप सोनी, भगवती सोनी, सचिन, जीतेन्द्र, हरिओम, राजेन्द्र स्वर्णकार एडवोकेट बलवीर सोनी, मिथलेश, भूपचन्द्र, पवन, पुष्पेन्द्र, डॉ गोविंद सोनी, शिवम, संतोष, अनुज सोनी, राजबहादुर सोनी, सन्दीपकुमार सोनी, संजय सहित स्वर्णकार समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को कबरई पुलिस ने पकड़ा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई नागेन्द्र कुमार नागर के द्वारा गठित की गई उप निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 162/24 धारा 363/366/376 भादवि व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सन्नू उर्फ सन्तराम पुत्र कामता प्रसाद कुशवाहा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा को कानपुर बाईपास कस्बा कबरई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### खरेला पुलिस ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ दो अभियुक्तों को दबोचा

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री सत्यदेव सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गई 20नि0 अवनीश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तगण राहुल वर्मा पुत्र उदयभान उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम चन्दीली थाना खरेला जनपद महोबा व उदयभान वर्मा पुत्र कल्लू उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम चन्दीली थाना खरेला जनपद महोबा जिनके कब्जे से 01 राइफल देशी 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 बन्दूक 12 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम चन्दीली के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 99/2024 व मु0अ0स0 100/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### अभियुक्त को 14 वर्ष का सश्रम कारावास

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान "Operation Conviction" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयास से न्यायालय में प्रभावी पैरवी के क्रम में आज ए.डी.जे/एफटीसी कोर्ट महोबा द्वारा प्रर्थिया के घर में घुसकर जबरन बलात्कार करना व धमकी देना के अभियोग में आरोपी अभियुक्त को दण्डित किया गया है। थाना पनवाड़ी में पंजीकृत मु.अ.सं. 105/2021 धारा 376/452/506 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त जवाहर पुत्र सीताराम लोधी निवासी ग्राम भरवारा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को 14 वर्ष के सश्रम कारावास व 60 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया है।

### पेड़ से गिरकर युवक की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** आम के पेड़ से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हुए युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जरिया थाने के गोहांड कस्बा निवासी 30 वर्षीय हरिकिशन पुत्र घनश्याम 3 जून को आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। जिसके बाद ग्वालियर में इलाज कराने के बाद उसकी अपने घर में मौत हो गई। मृतक के पिता घनश्याम ने बताया कि हरिकिशन को गांव के तीन लोग आम तोड़ने के लिए बगीचे में ले गया था। जहां वह आम के पेड़ से गिरकर घायल हो गया था।जिसके बाद हरिकिशन का ग्वालियर में इलाज कराया गया।बताया कि हरिकिशन की रीड की हड्डी में की हड्डी में फैक्चर था इलाज करने के बाद वह हरि किशन को वापस घर ले आए थे। जहां आज उसकी मौत हो गई।

### भाकपा महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर शोकसभा आयोजित

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के वरिष्ठ नेता और महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर उतरौला विकास मंच द्वारा गांधीपार्क में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह शोकसभा मंच के अध्यक्ष आदिल हुसैन के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा के दौरान आदिल हुसैन ने सीताराम येचुरी के जीवन और उनकी विचारधारा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि येचुरी न केवल एक राजनेता थे, बल्कि देश की राजनीति में समाजवाद और वामपंथी विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। उनके नेतृत्व ने समाजवादी आंदोलन को नया दिशा दी और उन्होंने हमेशा मजदूरों, किसानों और आम लोगों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके निधन से देश ने एक महान नेता खो दिया है, जो सदैव अपने आदर्शों पर अडिग रहे।
सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एकजुट होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि सीताराम येचुरी के विचारों को आगे बढ़ाते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलेंगे और समाज में समानता और न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे। इस शोकसभा में नगर के कई प्रमुख व्यक्तित्वों ने हिस्सा लिया, जिनमें स्थानीय कार्यकर्ता, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के लोग शामिल थे। सभा का समापन मौन के साथ किया गया, जहां सभी ने एकजुट होकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## बच्चे भी गजानन की भक्ति कर क्षेत्र की खुशहाली की कर रहे कामना



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** गणेश उत्सव में भक्तों पर गजानन की भक्ति सिर चढ़कर बोल रही है। गणेश पंडालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर तेज हो गया है। नन्हें भक्त भी गजानन की भक्ति कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना कर रहे है। शहर की बात करें तो सुभाष नगर, मार्केट, किदवई नगर में करीब 10 स्थानों पर गणेश प्रतिमाएं विराजमान कराई गई है। सुभाष नगर में छोटे छोटे बच्चों के द्वारा गणेश प्रतिमा रखकर पूजा अर्चना की जा रही है। विकास साहू, महेश, यश, राहुल कुशवाहा, अंशु,कमल, अनुरोध, किशन, अखिलेश, अरूण, विकास के द्वारा गजाजन की पूजा अर्चना की जा रही है । सुबह पूजा अर्चना करने के बाद यह नन्हें भक्त विद्यालय जाते है जबकि शाम को शिक्षण कार्य पूरा करने के बाद गणेश पंडाल पहुंच जाते है। बच्चों के द्वारा हर रोज गणेश पंडाल की डिजाइन बदलकर पंडाल को संवारनें का काम किया जा रहा है। नन्हें भक्तों की भक्ति देखकर लोग सराहना कर रहे है। शाम को गणेश पंडाल में आरती में महिलाओं की भीड़ जुट रही है।

# साईं कालेज आफ लॉ महाविद्यालय में विधिक जागरूगता शिविर आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**


राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के आदेशानुसार शुक्रवार को साईं कालेज आफ लॉ महाविद्यालय में विधिक जागरूगता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तेन्द्र पाल ने की। कार्यक्रम मे न्यायिक प्रशिक्षण अधिकारी सिद्धिनाथ सिंह सेंगर सहित विपिन चैहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विधि छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया ताकि कोई भी योजना से वंचित न रहे।



उन्होंने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 39ए के अन्तर्गत समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करने प्रावधन है। संविधान के अनुच्छेद 14 में भी राज्य के लिए कानून के समक्ष समानता सभी के लिए समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य है, अनुच्छेद 21 मे जीवन जीने का अधिकार सभी को दिया गया है। इसके साथ ही बताया कि सन् 1987 में संसद द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम बनाया था द्य 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ था।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिरकण द्वारा उपस्थित छात्राओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 एवं बच्चों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम पॉक्सो 2012 के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उपस्थित छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्हे समाज की मुख्य धारा में शामिल होने हेतु प्रेरित किया गया तथा विशेष रूप से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड ट्राफिकिंग, कन्या भ्रूण हत्या, महिलाओं के अधिकार व उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न कानूनी, सामाजिक प्रभावों एवं लाभों के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी। कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउसिंल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी चीफ रामनरेश यादव, व असिस्टेंट हरेन्द्र मिश्रा एवं योगेन्द्र सिंह सहित विद्यालय के प्राचार्य शिवनारायण, बालेन्द्र साहू सहित अन्य अध्यापक तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पराविधिक स्वयंसेवक विश्वनाथ त्रिपाठी ने किया।

# आगामी त्योहारों को लेकर अपर एसपी की अध्यक्षता में हुई पीस कमेटी की बैठक

**कुलपहाड़ (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**



आगामी त्यौहारों बारावफात एवं गणेश विसर्जन व जल बिहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक अपर एसपी वन्दना सिंह व उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता व कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गई। जिसमें एक साथ पड़ रहे त्यौहारों को आपसी भाईचारा के तहत अलग अलग निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से अपने अपने त्यौहार मनाने की अपील की गई।

बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि इस बार एक साथ त्यौहार पढ़ रहे हैं। 14 सितम्बर को गणेश विसर्जन किया जाएगा। और 16 सितम्बर को बारावफात का जुलूस व जल बिहार निकाले जाएंगे। इस लिए दोनों समुदायों के लोगों द्वारा अलग अलग समय निर्धारित कर रूपरेखा बनाई गई है। जिसमें लोगों ने आपसी सहमति जताते निर्धारित किया है कि बारावफात का जुलूस 16 सितम्बर की सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकाला जाएगा और जल बिहार का जुलूस सांय को निकाला जाएगा। इस पर दोनों समुदायों की सहमति के साथ आपसी भाईचारा से शांतिपूर्ण अपने अपने त्यौहार मनाने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में जुलूस में शामिल न हो और न ही विसर्जन के समय तालाब में जाए। अगर ऐसा कोई पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कहा हमारी पुलिस टीम सभी पर नजर बनाए रखेगी। इस मौके पर एस आई दिनेश तिवारी, एस आई एमपी सिंह, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, जामा मस्जिद पेश इमाम हाफिज हसन साहब, नजरबाग मस्जिद पेश इमाम हाफिज हमीद साहब, सगीर पहलवान, डॉ हरगोविंद सेनी, बृजेन्द्र द्विवेदी एडवोकेट, हाफिज आरिफ, पूर्व प्रधान वीरेन्द्र द्विवेदी, हाफिज शाहिद सुगिरा, अजीज मंसूरी व रवि सोनी लाड़पुर, राहुल अग्रवाल, संतोष मेड, रफीक अंसारी, अनुज तिवारी, अरूण पाठक, अकबर मंसूरी सुगिरा, ह्रदेश पटेरिया आदि लोग मौजूद रहे।

## एसपी ने जनसुनवाई के दौरान पीड़ितों की गम्भीरता पूर्वक सुनी समस्याएं



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत एवं समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया द्य जिससे फरियादियों के चेहरे में सम्बन्धित शिकायत के जल्द निस्तारण होने की उम्मीद दिखाई दे रही थी। सभी फरियादियों ने आश्वस्त होकर पुलिस अधीक्षक द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है।

# दो दिन से निरन्तर मूसलाधार बारिश से फसलें चौपट

- कृषकों के चेहेरे पर छायी मायूसी

**पनवाड़ी/महोवा, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खण्ड मे दो दिनो से निरन्तर हो रही मूसलाधार वारिस से खेतो पर मूग उरद तिली की फसले तैय्यार खडी थी कृषक उपरोक्त फसलो को एक हफ्ते वाद काटने की तैय्यारी मे वैठे थे।

कि अभी विगत दो दिनो से घनघोर वादलो से मूसलाधार वारिस ने किसानो की लागत एव मेहनत पर पानी फेर दिया खेतो पर खडी फसल पानी भरने से सड्ने लगी इसी कारण किसान मायूस एव हताशा की मुद्रा वैठ गया। वताते चले कि इस वर्ष क्षेत्र मे वर्षा कम हुयी थी और समय पर जव वर्षा होने की जरूरत थी वर्षा नही हुयी थी थोडी वहुत वर्षा होने से खेतो मे वुवी फसल सूखने से वचती रही और



फसल अच्छी दिखने लगी थी जिससे किसानो ने खरीव की अच्छी उपज की आस लगाये थे।किसानो ने वताया कि हाल के दो दिनो से मूसलाधार वारिस न होती तव सभी कृषक एक सप्ताह मे मूग उरद की फसलो को खेत से उखाड्ना आरम्भ कर देते परन्तु ईश्वरी कहर से कृषको को जहाँ एक ओर आर्थिक क्षति उठाना पड रही है वही अगली फसल रबी की बुबाई के लिए बीज खाद कहाँ से लेगे इसकी चिन्ता सताये जा रही है।

# शिक्षक खान सर सम्मानित

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।** स्वामी ब्रह्मानंद के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित पटना के शिक्षक खान सर को ब्रह्मानंद पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बीके एल व विशिष्ट अतिथि एवरेस्ट गर्ल मेघा परमार व पुरस्कार सम्मानित खान सर ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पांजलि अर्पित की।
स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय के अखंड मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी ब्रह्मानंद पुरस्कार दिया गया।
पुरस्कार समिति द्वारा सर्व सम्मति से बिहार के पटना के शिक्षक खान सर को पुरस्कार दिया गया। इस दौरान खान सर ने कहा कि अगर आप मोबाइल चलाने का शोक रखते हैं तो उसमें जरुरती चीजें ही देखे। अगर नशा करना हो तो शिक्षा का नशा करोए दिल लगाना है तो किताबों से लगाओ। स्कूल व महाविद्यालयों की पढ़ाई वह बुनियाद है। जितनी गहरी बुनियाद डालेंगे, उतनी ही ऊपर जाएगी। कहा कि युवाओं को समय खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। सर झुका के पढ़ लीजिए। आगे चलकर आपका सिर ऊंचा होंगा। कहा कि शिक्षा को मनोरंजन से जोड़ कर अगर बच्चों को पढ़ाया जाए तो बच्चे बड़े ही रोचकता से पढ़ते हैं और चीजों को याद भी रखते हैं।
उन्होंने स्वामी ब्रह्मानंद के बारे में कहा कि वह महान क्रांतिकारी थे। उनके नाम से मिलने वाले इस पुरस्कार को पाकर वह गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।
इस दौरान पनवाड़ी निवासी यूपीएससी की छात्रा श्वेता राजपूतए एग्रीकल्चर के छात्र आलोक कुमार सहित दर्जनों छात्र छात्राओं ने खान सर प्रश्न उत्तर पूछें। जिस शिक्षक खान ने प्रश्नों के उत्तर उन्हें अपनी ही भाषा में दिए। इस मौके पर पूर्व सांसद पुष्पेंद्र चंदेलए प्रबंधक डॉ. इंद्रपाल राजपूतए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगाराडांग में नारी शक्ति मिशन गोष्ठी आयोजित

**जैतपुर (महोबा), समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय हाई स्कूल इंद्रहटा अजनर विद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा एवं नारी शक्ति मिशन अभियान के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन बुंदेलखंड के समाजसेवी राष्ट्रीय आदर्श शिक्षा रत्न उपाधि से सम्मानित संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड के मुख्य अतिथि में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य के द्वारा की गई। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। नारी शक्ति मिशन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं का मंच पर पुष्पमाला से स्वागत एवं सम्मानित किया गया। पीएम पूर्व माध्यमिक



विद्यालय नगाराडांग विद्यालय में ग्राम के सबसे बुजुर्ग नागरिक एवं विद्यालय के छात्र रहे रिटायर्ड शिक्षक शंभू दयाल यादव जी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता भागीरथ नामदेव जी विद्यालय में उपस्थित रहे। दोनों नागरिक पचासी वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं और इस विद्यालय के छात्र रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार पाठक द्वारा बुजुर्गों को पुष्प श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कुमारी राधिका कुमारी निधि कुमारी अर्चना छात्रों को सम्मानित किया एवं भगत सिंह सचिन कुमार राहुल छात्रों को भी सम्मानित किया गया। समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छ भारत अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारी शक्ति मिशन तथा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा यातायात नियमों की जानकारी दी गई द्य कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं एवं विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर नैतिक शिक्षा व्यवहारिक जीवन तथा चरित्र निर्माण के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की सुंदरता साफ सफाई पर्यावरण संरक्षण विषय पर प्रश्नोत्तरी में भाग लिया उन्हें सम्मानित किया गया। मातृभूमि देश प्रेम के प्रति समर्पण के साथ शिक्षित होकर देश सेवा करने का संकल्प लिया। भारत में 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस के एक दिन पहले विद्यार्थियों को हिंदी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषा में लिखने पढ़ने में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया गया और हिंदी दिवस पर सभी भारतवासियों को बधाई शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के शिक्षक गणमान्य नागरिक समाजसेवी आप विद्यालय परिवार की ओर से आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक कृष्णकांत शर्मा, प्रीति खरे, शिव कुमार, जितेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

# हमीरपुर में बिना लाइसेंस के संचालित है एक दर्जन से अधिक मीट की दुकानें

- खाद्य सुरक्षा विभाग ने कहा नगर पालिका ने नहीं दी एनओसी, शासनादेश की उड़ायी जा रही धज्जियां

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** जिले में करीब एक दर्जन से अधिक मीट विक्री की दुकाने अवैध रुप से संचालित है। खाद्य सुरक्षा व जिला पंचायत विभाग से किसी के पास लाइसेंस नही है। यही नही किसी दुकानदार ने मीट दुकान खोलने का मानक पूरा कर रहा है। प्रशासन इस मामले में कोई ध्यान नही दे रहा है। जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि स्थलीय अनुमति नगर पालिका व नगर पंचायत से लेने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग से लाइसेंस लेकर मीट की दुकान का संचालन किया जाये यही नही शासन ने इसके लिये ढेर सारी शर्ते रखी है मगर कोई भी मीट की दुकान एक भी शर्त पूरी नही कर रही है लिहाजा न तो नगर पालिका ने अनुमति दी है न ही खाद्य सुरक्षा बिभाग ने किसी दुकान को लाइसेंस दियाहै.मगर जिले में एक दर्जन से अधिक मीट की दुकाने अवैध रुप से संचालित है इससे न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा है बल्कि शासनादेश की जमकर धज्जिया उडायी जा रही है। बताया जाता है कि मौदहा व सुमेरपुर में कई गोश्त की दुकाने रोड में ही संचालित है जिससे वहा से निकलना दूभर हो रहा है। खाद्य सुरक्षा बिभाग के खाद्य सुरक्षा आयुक्त दिवतीय डा.गौरीशंकर ने बताया कि विभाग से किसी भी दुकानदार को लाइसेंस जारी नही किया गया है जब लाइसेंस नही है तो जांच भी नही की जा रही है। लाइसेस में सबसे पहले नगर पालिका की रिपोर्ट लगती है पालिका से एनओसी मिल जाती है इसके बाद ही लाइसेंस जारी होते है। मगर न नगर पालिक ने एनओसी जारी की न ही किसीके लाइसेंस बने है। वही जिला पंचायत के कार्य अधिकारी शत्रुघ्न लाल वर्मा का कहना है कि विभाग से लाइसेंस लेना चाहिये मगर किसी ने लाइसेंस नही लिया है। कार्य अधिकारी का कहना है कि सभी दुकाने अवैध संचालित है। इन पर कार्यवाही होनी चाहिये।

### कटने के पहले आज तक किसी भी पशु का नहीं हुआ है डाक्टरी परीक्षण

ज्यादातर मीट की दुकानो में सड़ा गला मांस की विक्री की जाती है, दुकान में किसी भी पशु का बध करते समय उसकी डाक्टरी परीक्षण होना आवश्यक होता है। ताकि किसी बीमार पशु के मीट की विक्री न की जा सके। मगर आज तक किसी भी पशु का डाक्टरी परीक्षण नही किया गया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डा. अरविंद कुमार का कहना है कि नियमानुसार तो हर रोज कटने वाले पशु की डाक्टरी परीक्षण होना चाहिये यहा तक कि विक्री वाले मीट में मुहर लगायी जाती है। कि केवल यही मीट की विक्री की जाये मगर जब पशु चिकित्सा विभाग को परीक्षण के लिये़ आदेश मिलेगा तभी विभागीय डाक्टर परीक्षण करेगा, सीवीओ का कहना है कि मीट विक्री के बहुत सारे नियम है,उधर खाद्य सुरक्षा बिभाग के डीओ का कहना है कि हर विभाग को अपना अपना काम करना चाहिये किसी के आदेश की कोई जरुरत नहीं होती है। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग मामले को टाल रहा है : ईओ

नगरपालिका हमीरपुर के ईओ हेमराज सिंह का कहना है कि लाइसेंस देने में खाद्य सुरक्षा बिभाग पूरी तरह सक्षमं है नगर पालिका की एनओसी जारी करने का अर्थ है कि मामले को टालना,इसलिये खाद्य सुरक्षा बिभाग जानबूझ कर लाइसेंस जारी नही कर रहा है ईओ का कहना है कि उनके पास अभी तक कोई व्यक्ति एनओसी के मामले में नही आया है इसका मतलब है कि खाद्य विभाग मामले को टाल रहा है। मीट का मामला है इसे गंभीरता से लेना चाहिये।

# बीमारी से तंग मजदूर ने लगाई आग, मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

गांव के बाहर छोटी सी परचून की दुकान रखे मजदूर ने बीमारी से ग्रस्त होकर आग लगा ली। इस दौरान मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मझगवां थाने के गिरवर गांव निवासी हरिश्चंद्र अनुरागी ने बताया कि उसके पिता 55 वर्षीय घनश्याम पुत्र रामदास अनुरागी गांव के बाहर बर्फीली बाबा के सामने छोटी सी परचून की दुकान रखे हैं। उनके पास एक बीघा जमीन थी। खेती व मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करते थे। बताया कि 15 दिन पहले उसके पिता को लगवा मार गया था। जिनका उरई में इलाज रहा था। इलाज के दौरान आराम न लगने से वह परेशान रहने लगे थे। बताया कि बीमारी से ग्रस्त पिता ने दुकान पर पेट्रोल डाल आग लगा ली। जिससे पिता सहित झोपड़ी जलकर राख हो गई। मृतक के पुत्र ने बताया कि आठ वर्ष पहले मां प्रेमवती की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतक अपने पीछे चार पुत्र हरिश्चंद्र, लक्ष्मण, चरन सिंहए विनय कुमार को छोड़ गया है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदलाल प्रजापति ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिलाधिकारी ने की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा

**जहाँ पर कार्य ठप पड़ा है उन ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करते हुए उनपर कार्रवाई की जाए**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में रु0 50 लाख से अधिक लागत/ लोक निर्माण विभाग / ग्रामीण अभियन्त्रण योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। रु0 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, उन्हें जल्द से जल्द सम्बन्धित विभाग को हैण्डओवर किया जाए तथा जो परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं उन्हें तत्काल पूर्ण कराया जाए। तथा जहाँ पर कार्य ठप पड़ा है उन ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करते हुए उनपर कार्यवाही की जाए। विलंबित परियोजनाओं के मामले में ठेकेदारों पर पेनाल्टी लगाई जाए। आईटीआई जहांगीराबाद में निर्माण कार्य, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा, में प्रयोगशाला, पुस्तकालय, मल्टीपर्पज हाल के निर्माण का कार्य, आईटीआई नवाबगंज में वर्कशॉप के निर्माण का कार्य तथा 132/ केवीए विद्युत उपकेंद्र रामनगर आदि के कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।



राजकीय पालीटेक्निक बाराबंकी में सीटेड पुरुष छात्रावास का निर्माण कार्य, राज्यकर भवन की रिपेयरिंग का कार्य, राजकीय इंटर कॉलेज के पुनर्निर्माण का कार्य, प्रधानमंत्री आवासों के आवंटन आदि सभी कार्य समय से पूरे करने के निर्देश दिये। भविष्य में उच्चाधिकारियों के निरीक्षण में गुणवत्ता के सम्बन्ध में कोई त्रुटि पायी जाती है, तो सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि जो परियोजनायें पूर्ण हो गयी हैं एवं विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन किये जा चुके हैं उन स्थानों पर तत्काल विद्युत कनेक्शन कराना सुनिश्चित करें। सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं का निर्माण कार्य समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। सत्यापन में लगाये गये नोडल अधिकारियों द्वारा जो त्रुटियां अंकित की जा रही है, उसका समाधान कराकर अनुपालन आख्या अवश्य उपलब्ध करायें। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए मनीष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी मीनाक्षी श्रीवास्तव, उपनिदेशक कृषि श्रवण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पांडे, अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड-1/ निर्माण खण्ड-3, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के अधिशाषी अभियन्ता / परियोजना प्रबन्धक एवं समस्त सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी / नोडल अधिकारी / तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश के किसानों का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं: कुलदीप मिश्रा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान संगठन परशुराम अवस्थी गुट की बैठक खोरेश्वर महादेव मंदिर चौपुला के पास राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम अवस्थी की अध्यक्षता एंव प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा के संयोजन में हुआ।

जिसमे संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए अन्तिम पायदान के व्यक्ति को न्याय दिलाने की अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष परशुराम अवस्थी ने कहा कि हमारा संगठन निचले पायदान पर खडे किसानों के हितों को सरकार के मुखिया तक पंहुचा कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराना हमारी प्राथमिकता रहेगी। प्रदेश में कहीं भी किसानों का उत्पीड़न जुल्म अन्याय होता है तो उस पर कडी कार्यवाही करायी जायेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप मिश्रा ने कहा कि देश के किसानों का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किसानों को न्याय दिलाने के लिए हर प्रकार से प्रयास किया जायेगा।समय समय प्रदेश व केन्द्र सरकार से मिलकर समस्याओं का समाधान कराया जायेगा।इस मौके पर जिलाध्यक्ष सन्तोष तिवारी , अयोध्या मंण्डल अध्यक्ष कृष्ण कान्त शुक्ला, मायाराम गौतम रामकेदार रावत शिव प्रताप सिंह, महिला जिला अध्यक्ष प्रतापगढ सीमादेवी, वीरेन्द्र मौर्या,सुधा तिवारी,श्रीमती मीना सिंह, लक्ष्मी सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सर्प दंश का शिकार हुए किसान, गम्भीर हालत में ट्रामा सेंटर रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** खेत में खाद बो रहा एक 45 वर्षीय किसान सर्प दंश का शिकार हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाये गए किसान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मिश्रन पुरवा मजरे रौनी गांव निवासी राकेश दोपहर 12 बजे अपने गांव में ही बटाई पर लिए गए खेत में लगी धान की फसल में खाद की बुवाई कर रहा था कि तभी अचानक उसका पर खेत में मौजूद सांप पर पड़ गया जिससे वह सर्प दंश का शिकार हो गया। ग्रामीणों द्वारा आनन फानन में सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया।

# बोल बम के जयघोषों के संग कांवरियों ने किया डलमऊ कूच



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**अनंत चौदस 17 सितंबर को करेंगे बाबा औसानेश्वर का जलाभिषेक**

हर-हर महादेव व बोल बम का जयकारों के बीच आज सैकड़ों कांवरियों ने अगड़बम कांवरिया संघ की अगुवाई में गंगाजल लाने के लिए डलमऊ के लिए कूच कर दिया। इस दौरान भगवा रंग की पोशाकों में रंग-बिरंगी कांवरों को कांधे पर धरे कांवरियों का शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। कांवरिये 17 को श्री औसानेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान जय गंगा मैया कांवरिया संघ सहित अन्य कांवरिया संगठनों के शिव भक्तों ने भी डलमऊ के लिए प्रस्थान किया।

हैदरगढ़ नगर से कई दशक से डलमऊ गंगा जी को जाने वाले भगवान भोलेनाथ के भक्तों का जत्था आज बड़ी धूमधाम से रवाना हुआ। कांवरियों का यह जत्था बहुप्रसिद्ध नगर स्थित रामेश्वरम शिवाला से कतारबद्ध होकर निकला। भगवा रंग में रंगे व विभिन्न प्रकार से अपनी कांवरो को सजाये तथा उसे कांधे पर रखे कांवरियों का उत्साह देखते हुए बन रहा था। हर-हर महादेव व बोल बम के जयघोष लगाते कांवरिये सभी का ध्यान अपनी ओर बरबस ही आकृष्ट कर रहे थे।

कांवरिया संघ संयोजक राजू भैया ने बताया कि डलमऊ में13 की रात्रि विश्राम करने के बाद 6 की सुबह से कांवरिये गंगा स्नान कर अपनी कांवर की पूजा करेंगे। और फिर गंगाजल भरकर कांवर कांधे पर उठाकर बाबा औसानेश्वर धाम के लिए कूच कर जायेंगे।

### रास्ते भर कांवरियों का जमकर हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** रामेश्वरम शिवाला मंदिर से निकले कांवरियों का रास्ते भर जमकर स्वागत हुआ। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष योगेश द्विवेदी, भाजपा नेता वेद प्रकाश बाजपेई,खाटू श्याम परिवार हैदरगढ़ के राजकुमार सोनी,अमित शुक्ला, युवा नेता शक्ति सिंह, सभासद मो.मोहम्मद इशहाक, सत्यम द्विवेदी, डॉ अवधेश त्रिपाठी,हरि राम वैश्य उत्तम तिवारी, शनि सिंह, मोहित सिंह आदि ने कांवरियो पर जहां फूल बरसाये। वहीं मालाओं से मालामाल कर दिया। जबकि इस दौरान बोल बम का नारा है भोले तेरा सहारा है, औसानेश्वर बाबा की जय, गंगा मइया की जय व हर-हर महादेव के जयघोषों से नगर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। जाहिर था कि कांवरियों के स्वागत में हैदरगढ़ की गंगा जमुनी संस्कृति एक बार फिर नजर आई।

## ग्राम प्रधान ने लगाई चौपाल, सुनी शिकायतें

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** गांव की समस्या का समाधान गांव में को लेकर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में ग्राम खुर्दमऊ में ग्राम प्रधान जमशेद अली की अध्यक्षता एंव ग्राम सचिव वीरेन्द्र तिवारी की संयोजन में पंचायत भवन पर चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें किसान सम्मान निधि व पेंशन के सम्बंध में आयी शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में ग्राम कटका में ग्राम प्रधान सुहेल अहमद की अध्यक्षता एंव राजेश कुमार रावत के संयोजन में चौपाल हुई। शुक्रवार को विकास खण्ड सिरौलीगौसपुर की खुर्दमऊ ,कटका ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने किसान सम्मान निधि, विधवा, दिब्यांग पेंशन के मामले आये जिन्हें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने निस्तारित कर दिया।

# विद्युत विभाग ने लगाया मेघा कैम्प, काटे कनेक्शन

**कैंप में एक लाख 86 हजार का बकाया किया गया जमा**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत किंतूर में विद्युत मेगा कैंप लगाया गया। जिसमें उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया गया। विद्युत विभाग ने कनेक्शन काटे उपभोक्ताओं का बकाया बिल जमा किया गया। विद्युत विभाग के अवर अभियंता एसडीओ अभिषेक मल्ल व अवर अभियंता राज मौर्य के नेतृत्व में किंतूर में कैंप लगाया गया।

कैंप में उपभोक्ताओं के बिल जमा किया गया तथा बड़े बकायेदारों के कनेक्शन भी काटे गए। एसडीओ ने बताया कि कैम्प में उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया तथा बड़े बकाएदारो के कनेक्शन काटे गए।उपभोक्ताओं से अपना बकाया समय से जमा करने के लिए कहा गया।




कैंप में एक लाख 86 हजार का बकाया जमा किया गया उपभोक्ताओं से अपना बकाया समय से जमा करने के लिए भी अपील की गई। एसडीओ के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में विद्युत बिल जमाना करने वाले बड़े बकायेदारों के काटे 13 विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं। तथा उपभोक्ताओं को चेतावनी देकर कहा गया है कि अपना बकाया जल्द से जल्द जमा कर दें। शनिवार को अनुरक्षण कार्य के चलते ठप रहेगी सप्लाई शनिवार को सिरौलीगौसपुर पुराने तथा तहसील सब स्टेशन से चलने वाले फीडरो की सप्लाई सुबह 09 बजे 02 बजे तक बंद रहेगी इस बीच सभी फीडरों की टेस्टिंग का कार्य होगा।

## खबरें एक नजर में

### जश्न आमदे रसूल की तैयारियां जोरों पर

**जैदपुर, बाराबंकी।** जश्न आमदे रसूल की तैयारियां जोरों पर नाते नबी पढने के लिये अंजुमनों द्वारा सहयोगियों के साथ रात में मश्क़ जारी है। वहीं सजावट के लिये लगभग पूरी तैयारियां मुकम्मल हो चुकी है। बताते चलेकि हजूर अकरम स0 अ0 व0 की आमद को लेकर कस्बे सहित आस पास क्षेत्र में एक अलग माहौल देखने को मिल रहा है? जहां एक तरफ झंडों में नाते पढ़ने की तैयारियां अंजुमनों द्वारा जारी है। लोग रात में मश्क करते नजर आ रहे हैं। जबकि तमाम घरों की साफ सफाई भी लगभग पूरी हो चुकी है।

### कालेज प्रबंधिका सहित छह पर मुकदमा दर्ज

**कालपी, जालौन।** आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज के प्रबंधन को प्रधानाचार्या को निलंबित करना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को पुलिस ने अदालत के आदेश पर प्रबंधिका सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है। विदित हो कि काफी दिनों से नगर स्थित आर्यकन्या पाठशाला इण्टर कालेज में प्रबंधन और प्रधानाचार्या के मध्य कागजी जंग चल रही थी। इसी मामले को लेकर प्रबंधन ने गत दो माह पहले कालेज की प्रधानाचार्या को निलंबित कर दिया था और प्रबंधन की इस कार्यवाही को जिला विद्यालय निरीक्षक ने भी सही ठहराकर निलंबन की पुष्टि कर निलम्बित प्रधानाचार्य को दूसरे विद्यालय में संबद्ध कर दिया था और इसी उठापटक के बीच गत माह निलंबित प्रधानाचार्या ने कार्यवाहक प्रधानाचार्या रजनी पुरवार के साथ कालेज परिसर में मारपीट भी कर दी थी।

### मऊ गाँव में डेढ़ सैकड़ा से अधिक मकान पानी में डूबे

**कोंच,जालौन।** नदीगाँव विकास खंड क्षेत्र के मऊ गाँव में भी बाढ़ से नुकसान देखने को मिल रहा है। गाँव में करीब 150 घर बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं। गाँव में ऊंचाई वाले स्थान को छोड़कर समूचा गाँव जलमग्न हो गया। रात के अंधेरे में लोग एक दूसरे को बचाने में जुट गए। लोगों ने एक दूसरे के घरों की कच्ची दीवारें तोड़कर घरों के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित करना शुरू किया। एक दर्जन से अधिक कच्चे घर भरभराकर गिरने की आवाजों ने लोगों को कंपा दिया। लोगों ने अपनी जान बचाते हुए घरों में बंधे जानवरों को छुट्टा छोड़ दिया है। इन सैंकड़ों जानवरों का अब कोई अता पता नहीं है। घरों के अंदर भारी मात्रा में गृहस्थी का सामान जमा है। शुक्रवार की सुबह से बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को सामान सहित निकालने के लिए प्रशासन द्वारा कालपी से मंगाई गयीं लकड़ी की 2 नावों सहित 2 मोटर चालित वोट लगायी गयी हैं।

### शत प्रतिशत रहा चौधरी सुघर सिंह महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम

**इटावा।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर ने जारी बीएड द्वितीय सेमेस्टर व चतुर्थ सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में चौ. सुघर सिंह एजुकेशनल एकेडमी जसवंतनगर के प्रशिक्षुओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मेधावियों को महाविद्यालय ने पुष्पाहार, मैडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर चौ. सुघर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक अनुज मोंटी यादव ने सफल हुए सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएड में उत्तीर्ण होने के साथ आप सभी को आगे आने वाली यूपीटेट, सीटेंट व सुपरटेट की परीक्षाओं के लिए अभी से तैयारी में जुट जाना चाहिए।

## दुकान के लिये मरम्मत हेतु रखे जेनरेटर का सामान चोरी

**जालौन (उरई)।** दुकान के बाहर रखे मरम्मत के लिए रखे जनरेटर का सामान चारों द्वारा चोरी कर लिए जाने की सूचना दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर देकर दी है। पुलिस एक संदिग्ध से पूंछतांछ कर रही है। नगर में बस स्टैंड गांधी स्मारक के पास खराद, बैल्डिंग, जनरेटर मरम्मत आदि की दुकानें स्थित हैं। दुकानदार हाफिज रफीक, समीउल्ला, कल्लू, विशाल अग्रवाल, जाहिदउल्ला अंसारी, रामू विश्वकर्मा आदि ने बताया कि उनकी दुकानें गांधी स्मारक के पास स्थित हैं। कुछ दिनों से चोर रात में उनकी दुकानों को निशाना बना रहे हैं। बताया कि मरम्मत के लिए जनरेटर रात में जंजर से बांधकर दुकानों के बाहर रखे रहते हैं। इसके अलावा कुछ अन्य बड़ा सामान भी बाहर ही रखा रहता है।

# धान की फसल देख वापस लौटे किसान ने लगायी फांसी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

अज्ञात कारणें के चलते बुजुर्ग ने पीपल के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस विधिक कार्रवाई कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी टिल्लू (50) पुत्र करण सिंह परिहार शुक्रवार की दोपहर धान के खेत देखने के लिए गए थे। शाम को वापस लौटते समय गांव के बाहर धनु बाबा के देव स्थान पर खड़े पीपल के पेड़ पर उन्होंने गमछा फंसाकर फांसी का फंदा बना लिया और उस पर लटककर जान दे दी। देर शाम किसानों ने शव को फांसी पर लटके देखा तो उनके भाई राघवेंद्र को सूचना दी। सूचना मिलते ही भाई



के साथ गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को फांसी के फंदे से उतरवाया और विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पति की मौत की सूचना पाकर पत्नी सोमवती, समेत बेटे सत्यम (21) बेटी जान्हवी (18) एवं जुड़वा अभय व काजल (13) का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# बाढ़ प्रभावित मऊ गांव में पहुंचे डीएम ने लिया हालचाल

**डीएम बोले, हर परिस्थिति को निपटने के लिए अधिकारियों व डाक्टरो को लगाया गया**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने तहसील कोंच के ग्राम मऊ में मोटर बोट से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार भी मौजूद रहे। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को बाढ़ राहत पैकेट, पीने का पानी आदि वितरित किए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता कर हालचाल जाना। उन्होंने वहां रह रहे लोगों से कहा कि आप लोगों को किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है हम आपके लिए तत्पर



खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति को निपटने के लिए बाढ़ चौकियां तथा प्रशासनिक के अधिकारियों व डाक्टरों आदि को लगाया गया है जिससे किसी भी ग्रामीण को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित समस्त गांव को राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई है साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संयुक्त रसोई बनाई गई है जिससे किसी को खानपान की कोई समस्या न हो सके इसकी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जिन घरों में बाढ़ का पानी पहुंचा है उनके लिए राहत शिविर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर रही हैं तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों को रेस्क्यू करके बाढ़ राहत केंद्रों तक पहुंचाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणसील रहकर निगरानी रख रही है।

# अजीत सिंह यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में चयनित

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की ग्राम पंचायत अधिकारी की परीक्षा परिणाम में सफलता प्राप्त कर परिजनों सहित शुभचिंतकों को गौरवान्वित होने का मौका दिया है। बेटे की सफलता पर जहां घर वाले मिठाई बांटकर खुशियां मना रहे हैं तो वहीं पड़ोसियों सहित गांव वालों में भी खुशी की लहर है। बुधवार की रात उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित 2023 की ग्राम पंचायत अधिकारी की परीक्षा का परिणाम आते हैं कई जगह खुशियों की लहर दौड़ गई। संत कबीर नगर जिले के मूल निवासी और वर्तमान में गोरखपुर में आवास बनवा कर रहे महेंद्र सिंह जो पुलिस सेवा से रिटायर्ड है। उनके छोटे पुत्र



अजीत सिंह ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार और अपने शुभचिंतकों सहित गांव और मोहल्ले वालों को खुश होने का मौका दिया है। काफी संघर्ष के बाद उन्हें सफलता मिली है। वही उनके बड़े भाई अभिनंदन सिंह भी एलआईसी में अधिकारी के पद पर हैं। तो सबसे बड़े अभिषेक सिंह सिविल से डिप्लोमा कर ड्राफ्ट्समैन के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अजीत के माता-पिता से इस बारे में जब बात की गई तो खुशी के मारे उनकी आंखों में आंसू थे। मां कुछ दिनों से बीमार चल रही है, उनका कहना था कि आज बेटे की सफलता की खुशी में लगता है जैसे सारी बीमारी दूर हो गई हो। 2020/ 2021 में पीसीएस मेंस और आरओ की परीक्षा दी।एक बार फिर अंतिम समय में सफलता हाथ नहीं लगी। 2023 में वापस इलाहाबाद चला गया। इसी बीच ग्राम पंचायत अधिकारी की 2018 में आयोजित परीक्षा को कोर्ट ने 2021 में रद्द करने के निर्देश के साथ ही उसे पुनः आयोजित कराने के आदेश आयोग को दिए।तत्पश्चात 2023 में परीक्षा फिर से कराई गई। जिसका परिणाम 12 सितंबर 2024 को जारी किया गया। इस बार मुझे सफलता हासिल हुई यह मेरे मेहनत और परिजनों एवं गुरुजनो सहित मित्रों के आशीर्वाद और शुभकामना का फल है।

# टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई हृदय में राम पर चर्चा

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को शहर के टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हृदय में राम पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी थे। इस दौरान मुख्य रूप से विद्यालय की निर्देशिका बिन्नी सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, श्रीमती मुक्ति श्रीवास्तव,छात्र छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि द्वारा भगवान राम को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के नन्हें मुन्नें छात्रों द्वारा




प्रभु श्री राम के जीवन पर आधारित सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि ने छात्रों से हर हृदय में बसने वाले श्री राम पर चर्चा की।छात्रों ने भी अपनी जिज्ञासा के अनुसार हृदय में राम पर मुख्य अतिथि से प्रश्न पूछे तथा मुख्य अतिथि द्वारा उन प्रश्नों के समुचित उत्तरों ने छात्रों की जिज्ञासा को शांत किया।

## सूने घर में घुसकर चोरों ने पार किए जेवरात

**जालौन, उरई।** सूने घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवर के साथ 15 हजार रुपये नकद उड़ाए। पीड़ित बेवा महिला ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घुआताल निवासी गिरिजा वर्मा बेवा सुरेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि वह घर में अकेली थी। बेटा दिल्ली में रहकर काम करता है। बीती 16 जुलाई को वह अपने बेटे और पुत्रवधू से मिलने के लिए घर में ताला डालकर दिल्ली गई थी। कुछ दिनों तक उन्हें वहीं रूकना पड़ा। बीती 11 सितंबर को वह दिल्ली से वापस लौटी। घर पहुंचकर देखा तो अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा था। देखने पर पता चला कि अज्ञात चोरों ने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी तीन सोने की अंगूठी, दो चांदी की पायल और 15 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया।



## बाढ़ ने महेशपुरा गांव में भी मचायी तबाही

**कोंच,जालौन।** नदीगाँव विकास खंड क्षेत्र के ही गाँव महेशपुरा में भी बाढ़ के पानी ने तबाही मचाई है। बाढ़ के पानी से गाँव में करीब 2 दर्जन से अधिक कच्चे पक्के घर पानी में डूब कर बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं इनमें से एक दर्जन से अधिक कच्चे घर गिर कर जमींदोज हो गए हैं। घरों में रखा गृहस्थी का तमाम सारा सामान भी नष्ट हो गया है। क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने शुक्रवार की सुबह गाँव का दौरा किया और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। विधायक ने पीड़ित ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन और प्रशासन स्तर पर हर सम्भव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि पहली प्राथमिकता बाढ़ के पानी से घिरे लोगों को सकुशल बाहर निकाल कर उन्हें सुरक्षित करना है।

## बारिश से गरीब मजदूर के घर की दीवार गिरी

**इटावा।** जिले में हुई भारी बारिश के चलते सदर तहसील की ग्राम पंचायत प्रतापनेर के ग्राम पडुआ निवासी एक गरीब मजदूर के घर की दीवार गिरने से परिवार के सामने संकट उत्पन्न हो गया है। ग्राम पडुआ निवासी सत्यपाल पुत्र रामदास मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता है। गत तीन दिनों से जिले में हुई लगातार भारी बारिश के चलते उसके मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई, जिससे उसके परिवार के सामने रिहाइश का संकट हो गया है। उसकी माली हालत भी इतनी अच्छी नहीं है कि वह उस दीवार को बनवा सके। उसने जिला प्रशासन से दीवार बनाने के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है।

# इटावा के तीन शिक्षक गुजरात में किये जाएंगे सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत द्वारा आयोजित हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शिवधाम, कुंघेर, पाटन, गुजरात में 15 सितम्बर को आयोजित किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में गुजरात, बिहार, हरियाणा, राजस्थान आन्ध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र , सिक्किम, कर्नाटक, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, बिहार सहित उत्तर प्रदेश के उत्कृष्ट एवं नवाचारी शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारी शिक्षण एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। हेमचंद्राचार्य राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह के लिए जनपद इटावा के विकास खण्ड ताखा के प्राथमिक विद्यालय नगला मके के शिक्षक राम जी शर्मा, विकासखण्ड जसवन्त नगर, प्राथमिक विद्यालय भगवानपुरा के शिक्षक संजीव कुमार यादव और कंपोजिट विद्यालय नगला नया के शिक्षक दाऊदयाल वर्मा का चयन किया गया है। शिक्षा सागर फाउंडेशन भारत द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में देशभर से उत्कृष्ट कार्य कर रहे 100 शिक्षक शिक्षिकाओं का चयन किया गया है।

# एसएसपी ने थाना सैफई व वैदपुरा का किया निरीक्षण

**पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त उपकरणों को अपने पास रखने व सुव्यवस्थित रखरखाव के लिए किया निर्देशित**

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना सैफई एवं थाना वैदपुरा का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना सैफई एवं थाना वैदपुरा का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान




एसएसपी द्वारा थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया गया। इसी दौरान एसएसपी द्वारा डायल-112 की पीआऱबी गाड़ियों को चेक कर पीआरवी के मानक के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।









# मुनादी कराकर और पंचायत भवनों में नोटिस चस्पा कर अभिलेख बनाएं जाने की जानकारी दे: डीएम

- जिलाधिकारी ने जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, रिकॉर्ड सर्वे एवं यू-विन पोर्टल के प्रगति की समीक्षा बैठक की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**




बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी शुभ्रान्त** कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने, रिकॉर्ड सर्वे एवं यू-विन पोर्टल की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि 35 जले हुए ग्रामों के अभिलेख बनाए जाने के कार्य में किसी भी प्रकार की सिथिलता न बरती जाये। जिन गांवो में अभिलेख तैयार किये जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ करनी है। लोगो को प्रोत्साहित कर बताये कि जिन गांवो में अभिलेख तैयार कर खतौनी वितरण कर दिया गया है। अब वह सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही डुग्गी/ मुनादी बजवाकर और पंचायत भवनों में नोटिस चस्पा करवा कर लोगों को अभिलेख बनाये जाने की जानकारी भी दी जाएं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि 0 से 01एवं 0 से 05 वर्ष तक बच्चो का यू-विन पोर्टल पर सप्ताहिक टारगेट बनाकर वैक्सीनेशन की फीडिंग शत प्रतिशत करायी जाये। कहा कि फील्ड वर्कस को ड्यू लिस्ट निकालकर दें, उसी रोस्टर के अनुसार वैक्सीनेशन का कार्य संपादित किया जाये। टेक्नीकल ग्राउण्ड के कारण वैक्सीन न छूटने पाये इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने एमओआईसी को निर्देश दिये कि जहां वैक्सीनेशन होने की संख्या ज्यादा है। छुट्टी के दौरान (स्पेशल सेसन में) वैक्सीनेशन कराकर पोर्टल में फीडिंग करायी जाये। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि वैक्सीनेशन बच्चो की हेल्थ से जुड़ा है, क्वालिटी पर विशेष ध्यान दें, किसी भी दशा में फर्जी वेरीफिकेशन नही होना चाहिये। केन्द्र में एएनएम के न होने से वैक्सीनेशन का कार्य न बाधित नही होना चाहिये।

# खेत में भरे पानी को लेकर दो पक्षों में चले लाठी डंडे, वीडियो वायरल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** खेत में पानी को दो पक्षों में कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ता गया। दोनों पक्षों ने लाठी डंडों से एक दूसरे पर हमला बोल दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के अनौगी के बदलेपुरवा गांव मे गुरुवार दोपहर खेत में पानी भरे होने को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ता गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। आपस में लाठी डंडे चलने लगे। लाठी डंडे चलने का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। हालाकि समृद्धि न्यूज़ वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता। दोनों पक्षों ने अपनी शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला पंजीकृत कार्यवाही शुरू कर दी।

# एक्सप्रेस- वे पर ओवर स्पीड वाहनों पर पुलिस कर रही कार्रवाई

- आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्पीड लेजर गन से वाहनों की रफ्तार पर लगेगी लगाम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**



**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा टीम के साथ आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध स्पीड लेजर गन द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

यातायात प्रभारी ने बताया गया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर जो भी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं या तो ओवर स्पीडिंग की वजह से या चालक को नींद आने से या नशे की हालत में वाहन चलाने पर ही दुर्घटनाएं हो रही है। इस समय बारिश के मौसम में एक्सप्रेस वे में कहीं - कहीं पानी भर जाता है। और ऐसे में ओवर स्पीड से आ रहे वाहन फिसल करके दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसलिए ओवर स्पीडिंग करने वालों के विरुद्ध एक्सप्रेसवे में भी कार्यवाही लगातार की जा रही है।

# मकान की कच्ची दीवार ढहने से गृहस्वामी की मौत

- कानपुर जाते समय रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

कोतवाली क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया गांव में भारी बारिश के दौरान शुक्रवार की सुबह कच्चे मकान की दीवार गिर गई। जिससे मलबे में दबकर एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज में हालत में सुधार न होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर जाते समय रास्ते में ग्रामीण ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची तिर्वा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कन्नौज भेज दिया। जसपुरापुर सरैया गांव निवासी रामकिशुन (45) अपने घर में सो रहा था। सुबह 04 बजे के करीब उसके मकान की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर ढह गई। जिससे वह मलबे में दब गया। दीवार गिरने का शोर सुनकर परिजन व आसपास मोहल्ले के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने मलबे को हटाकर उसे बाहर निकाला। घायल अवस्था में उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां हालत में सुधार न होने पर उसको कानपुर रेफर कर दिया। कानपुर जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# खबरें चलते-चलते

## झमाझम बारिश से मिली राहत पर सड़कों पर जल भराव

**छिबरामऊ कन्नौज।** झमाझम बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली शाम करीव 5.00 कल गर्मी से राहत मिल गई दिन भर मरते घूमते में कभी तेज तो कभी हल्के बरसाते रहे जिससे मौसम खुशनुमा हो गया और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में खासी गिरावट आ गई सुबह धूप रही इसके बाद दोपहर दो 5.00 बजे झमाझम बारिश ने राहत दिलाई तेज ठंडी हवाओं से मौसम सुहाना हो गया अधिकतम तापमान 30 से डिग्री सेल्सियस से मन्वंतन तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया झमाझम बारिश से कई सड़कों पर जल भरा हो गया मौसम वैज्ञानिक के अनुरूप शुक्रवार को शाम 5ः00 बजे तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी कहीं-कहीं आदि भी आ गई शक्ति वही छिबरामऊ क्षेत्र में मूसलाधार बारिश में मुख मार्ग समिति नगर की अधिकांश गलियों में घुटनों तक पानी भर गया इससे जनजीवन जहां का कहां थम गया गलियों में भर पानी निकालने में लोगों को 1 घंटे का समय लग गया काली घटाएं चने शुरू हो गई देखते-देखते बारिश शुरू हो गई सरकारी कार्यालय में भी बारिश का पानी भर गया मुख मार्ग समिति पीपल वाली गली डाकघर तिराया बाद तिरंगा तिराया सब्जी मंडी बजरिया ऑनलाइगमा देवी मंदिर रोड ताजपुर रोड सुमित नगर की अधिकांश गलियों में पानी भर गया सड़कों पर सन्नाटा छा गया।

## सिकंदरपुर कस्बे के अंदर से मिलेगी रोडवेज बसें

**छिबरामऊ।** जीटी रोड हाईवे के चौड़ीकरण के दौरान कस्बा सिकंदरपुर में बाईपास बनाया गया है बाईपास बनने के बाद से रोडवेज की बसें भी बजे कस्बे के अंदर जाने के बाईपास से होकर निकल जाती है। जिससे कस्बे के लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। इसको लेकर व्यापारियों ने समाज कल्याण राज्य मंत्री को पत्र शॉप समस्या के निराकरण की मांग की थी। राज मंत्री की पहल पर परिवहन विभाग ने रोडवेज बसों के सिकंदरपुर कस्बे के अंदर से होकर निकलने के निर्देश दिए हैं। उद्योग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने 24 जुलाई को समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण को पत्र सोपा था जिसमें कहा गया था कि जब से सिकंदरपुर जीटी रोड हाईवे का चोरी कारण हुआ है तब से रोडवेज की सभी बसें सिकंदरपुर बाईपास से होकर निकल जाती हैं। राजमती ने व्यापारियों की इस समस्या को गंभीरता से लिया और 9 अगस्त को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक को पत्र भेज कर रोडवेज बेसन का सिकंदरपुर नगर के अंदर से संचालन कराई जाने की बात कही गई है। राजमती के पद पर कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के सहायक क्षेत्र प्रबंधक सुदेश निगम ने इटावा क्षेत्र के क्षेत्र प्रबंधक व छिबरामऊ डिपो के ए आर एम को पत्र भेज कर निदेशक किया है कि सिकंदरपुर जो की जीटी रोड दिल्ली मार्ग पर फेयर स्टॉपेज भी है।

## कानपुर मंडल प्रभारी बने अवनेश जाटव

**छिबरामऊ कन्नौज।** बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद बसपा प्रदेश सुप्रीमो द्वारा शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता को कानपुर मंडल प्रभारी घोषित किया गया। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री यह निर्देशानुसार बहुजन समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अवनेश जाटव को उनके पार्टी के प्रति लगनशीलता एवं कर्मठता के अनुसार कानपुर मंडल का इंचार्ज बनाया गया जिसकी सूचना श्री जिला अध्यक्ष बबलू गौतम जिला प्रभारी सुशील गौतम एडवोकेट दोनों लोगों ने दी एवं उपयुक्त लोग साथ रहे सत्येंद्र कुमार भारती एडवोकेट संजय भारती एडवोकेट सुधीर मौर्य जी अजीत गौतम एडवोकेट आदि लोगों ने बधाई दी।

## नगर के मदरसा की समस्याएं कराई जाएगी दूर : इफ्तखार अहमद

**छिबरामऊ कन्नौज।** नगर के मद्रास का निरीक्षण करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मदरसा शिक्षा परिषद के अध्यक्ष का इफितखार अहमद जावेद ने मदरसा उस्मानिया गरीब नवाज से सभी मद्रास से जुड़े लोगों को बुलाकर बैठक की। मदरसा में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार साथ है मदरसे की सभी कक्षाओं में जाकर निरीक्षण किया तथा अध्यापक एवं बच्चों को शिक्षा गुणवत्ता के बारे में बताते हुए अपने अनुभव को बात बताया कि अभी तक हुए प्रदेश के लगभग 60 जिलों के मदरसा का निरीक्षण कर चुके हैं एक सवाल पर कहा कि मदरसा में ऐसे बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जो आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर हैं अंतिम पायदान पर खड़े हुए हैं प्रत्येक बच्चे तक अच्छी शिक्षा पहुंच सके इसके लिए सरकार भरसक प्रयास में लगी है किसी भी मदरसे में समस्याएं हैं तो उनको दूर किया जाएगा उनको दूर किया जाएगा इससे पूर्व मद्रास से जुड़े लोगों ने फूल मलाई पहनकर उनका स्वागत किया।

## 10 दुकानदारों को नोटिस जारी

**छिबरामऊ।** नगर में गुरुवार को साप्ताहिक बंदी रहती है। साप्ताहिक बंदी को पूरी तरह पर आगे बनाने के लिए व्यापार मंडल के साथ श्रम प्रवर्तन अधिकारी काफी प्रयास किया। इसके बाद भी कुछ दुकानदार इस और की ध्यान नहीं दे रहे हैं। गुरुवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी अरविंद नेगी जब शहर का देश चेक करने निकले तो 10 दुकान कली मिल गई। इस पर उन्होंने सभी दुकानदारों को दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम के अंतर्गत कारण बताओं नोटिस जारी किए हैं। श्रम परिवर्तन अधिकारी की कार्रवाई से दुकानदारों में हड़काम मच गया।

## समधन के रिहुआ में जलसा कार्यक्रम का आयोजन आज

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** नगर के मोहल्ला लोहिया नगर के रिहुआ में एक रोजा अजीमुश्शान जलसा ए इजलासे आम का आयोजन आज होगा जलसा कार्यक्रम के आयोजन करता हाफिज मोहम्मद जाहिद ने जानकारी देते हुए बताया कि जलसा आज़ शाम बाद नमाज इशा से जलसा कार्यक्रम शुरू होगा जिसमे खुसूसी मेहमान हजरत मौलाना शिवली साहब बहराइच, असद आजमी आजमगढ़ व कारी अब्दुल रहीम कमालगंज के वंथल के तशरीफ ला रहे हैं इसके अलावा नाते पाक गुनगुनानें के लिए मो0 सादाब शेख कन्नौजी तशरीफ ला रहे हैं।

# हवाओं के साथ हुई बारिश से नगर व गांवों की चरमराई विद्युत व्यवस्था

- बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से शुरू करने में जुटे रहे लाइनमैन

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**बीते दो** दिन से हवाओं के साथ बारिश होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई जिसको सुचारू रूप से सप्लाई शुरू करने के लिये जेई के नेतृत्व में सभी लाइनमैन टूटे पड़े तारों व उखड़े पड़े बिजली पोलो को मरम्मत करने में लगे रहे। कस्बा समधन की बिजली व्यवस्था दो दिन से खराब रही जिससे लोगों काफी परेशानी का सामना करना पड़ा लोगों के घरों में लगे इनवेंटर भी दगा दे गय और मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ रहें उधर क्षेत्र के रामाश्रम स्थित विधुत उपकेन्द्र के एसएस ओ लालू ठाकुर ने बताया कि महोना फीडर निजामपुर फीडर मलिकपुर करीब बीस घन्टा जगह - जगह लाइनों में फाल्ट आने से बिजली व्यवस्था बाधित रही जो मरम्मत कार्य सम्पन्न होने के वाद सप्लाई सुचारू रूप से बहाल कर दी गई जब कि रामाश्रम व रायपुर फीडर की सप्लाई ग्राम दहिरापुर के पास हाईटेंशन लाइन के ऊपर पेड़ गिर जाने से सभी तार तहस-नहस होने से जेई रामकुमार के नेतृत्व में लाइनमैनो को लगाकर मरम्मत कराई जा रही जो करीब पैंतीस घन्टा से अधिक समय हों चुका है जैसे लाइन सही होती वैसे सप्लाई बहाल कर दी जायेगी।

# सूरजपुरा गांव में बाढ़ जैसे हालात ग्रामीणों के घरों में घुसा पानी

- ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप समस्या समाधान की मांग की

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**





तीन दिनों की बारिश के बाद गांवों में स्थिति खराब है। सूरजपुरा गांव में बाढ़ जैसे हालात हैं। पूरा गांव जलमग्न है। घरों में अंदर तक पानी घुस गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा निवासी पंकज तिवारी, मुखिया तिवारी, महेंद्र पाल, सुभाष, विजय शंकर, मुन्नीलाल, बृजेश कुमार, किरण कुमार, वीरसिंह, कशैल किशोर तिवारी, सोबरन, राजेश कुमार, दुर्गाप्रसाद, रघुवीर, उमाशंकर, रघुवर दयाल, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, बलवान सिंह आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि पिछले तीन दिनों हुई लगातार बारिश के चलते गांव में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। गांव में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गांव में पानी भर गया है। हर गली मोहल्ले में पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां तक कि बारिश का पानी घरों में भी घुस गया है। जिससे घरों में रखा सामान खराब हो गया है। अब पानी न निकलने से कच्चे घरों में सीलन आ रही है और उनके गिरने का खतरा मंडरा रहा है। इस पानी को सड़क काटकर ही निकाला जा सकता है। ग्रामीणों ने इसकी कोशिश भी की लेकिन मौजा बिरहरा, कुसमरा व पनहरा के ग्रामीण ऐसा करने नहीं दे रहे हैं। क्योंकि उन्हें लग रहा है कि पानी उनके खेतों में भर जाएगा और फ़सल नष्ट हो जाएगी। ऐसी स्थिति में गांव के लोग परेशान हैं। उन्होंने एसडीएम से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## त्रिवर्षीय बड़ी पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा

**कोंच (जालौन)।** 14 सितंबर शनिवार को कोंच के सबसे बड़े आयोजन त्रिवर्षीय बड़ी पूजा को लेकर जिला प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बारीकी से नजर रख रहा है। डीएम एवं एसपी खुद हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। शुक्रवार को डीएम राजेश पांडे एवं एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पड़री स्थित मां हुल्का देवी मंदिर से लेकर मालवीय नगर लाला हरदौल मंदिर तक का निरीक्षण किया व लाला हरदौल मंदिर समिति के पदाधिकारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कोतवाल अरुण राय, हरदौल मंदिर समिति के अध्यक्ष याज्ञिक, मंत्री नरेश वर्मा, नरेंद्र परिहार आदि उपस्थित रहे। डीएम व एसपी सबसे पहले पड़री स्थित मंदिर पहुंचे जहां जरूरी जानकारी लेने के बाद अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद लाला हरदौल मंदिर का मुआयना किया।

## मेडिकल कॉलेज में स्थापित दोनों ऑक्सीजन प्लांटों का हुआ मॉकड्रिल

**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्थापित दोनों ऑक्सीजन प्लाटों का शुक्रवार को मॉकड्रिल हुआ। मॉकड्रिल के दौरान सभी व्यवस्था दुरुस्त मिली। राजकीय मेडिकल कालेज उरई में शासन के निर्देशानुसार ऑक्सीजन प्लांटो का मॉकड्रिल शुक्रवार को हुआ। कोविड महामारी के प्रबंधन हेतु जनपद में केन्द्र सरकार की पीएम केयर योजना तथा विभिन्न पब्लिक सेक्टर यूनिट्स एवं कॉर्पोरेट सोशल रिस्पान्सबिलटी फंड्स इत्यादि के माध्यम से आक्सीजन प्लांट्स स्थापित किये गये थे। शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में स्थापित आक्सीजन प्लांट्स की कियाशीलता का आकलन मॉकड्रिल के माध्यम से किया जाता है। एसएमओ डब्लूएचओ डॉ. अश्विनी जनपद जालौन, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. डीके भिटौरिया एवं मेडिकल कॉलेज के मु य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रशांत निरंजन के द्वारा समस्त प्लांट की क्रियाशीलता को देखा गया। सभी प्लांट क्रियाशील पाए गए।

**बैठक** — सड़क सुरक्षा की मीटिंग में अधिकारियों को दिये सुहाग महल के समीप गड्ढे ठीक कराने के निर्देश

# सुगम यातायात व्यवस्था के लिये डीएम ने दिखायी गंभीरता

- सर्वाधिक दुर्घटना वाले मार्गो पर ब्लैक स्पॉट के रूप में करें चिन्हित

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा की बैठक कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कोंच बस स्टैण्ड के पास सुहाग महल के सामने मार्ग पर गड्डों को तत्काल ठीक कराए। प्राइवेट वाहन चालकों एवं सरकारी वाहन चालकों के समय समय और कै प आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, यह कै प निरंतर चलाए जाए।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग व स भागीय परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि विद्यालयों में यातायात संबंधित नियमों की जानकारी एवं उनका पालन करने हेतु विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम चलाए जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सर्वाधिक दुर्घटना वाले मार्गो पर ब्लैक स्पॉट के अतिरिक्त ऐसे ब्लैक स्पॉट जहां भविष्य में घातक दुर्घटना की संभावना हो उन्हें चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे, साथ ही हाईवे पर गौवंश विचरण करते हुए न दिखाई दे। उन्होंने निर्देशित किया कि शहरी मार्गो पर सड़क किनारे स्थित विद्युत पोलों एवं खुले में रखे हुए ट्रान्सफार्मरों को मार्ग से उचित दूरी पर विस्थापित करने की कार्ययोजना गठित कर अनुमोदित, स्वीकृत कराने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जाये एवं मार्गो पर विद्युत पोल या ट्रान्सफार्मर गठित लगाने से पहले स बन्धित विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी अवश्य प्राप्त कर लिया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि प्राइवेट बसों की फिटनेस जांच एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजो की समय समय पर जांच भी सुनिश्चित की जाए, साथ ही जजी के सामने ऑटो चालक अपना वाहन खड़ा न कर पाए। उन्होंने मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक अप्रिय दुर्घटना होने के समय स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संपादित की जाए जिससे घायलों को ससमय एवं सही इलाज उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने नगर पालिका उरई व उरई विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया कि उरई जालौन मार्ग के शहरी भाग से निकलने वाला मार्ग जो कि रजिस्ट्री ऑफिस तक अत्यन्त क्षतिग्रस्त है यातायात हेतु सुगम बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि उरई शहर में स्थित अ बेडकर चौराहा एवं मामा भांजे चौराहा में यातायात को सामान्य रूप से संचालित करने हेतु लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर तिराहों का निहित प्राविधानों के अनुसार निर्माण करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देशित किया कि ट्रैक्टर ट्राली, माल ढोने वाले वाहनों का उपयोग यातायात संचालन के लिए न किया जाए इसके लिए सघन अभियान चलाकर दण्डात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में मु य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, एआरटीओ, अधिशाषी अभियंता पीडी 3 सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# पीडी व बीडीओ ने बैठक कर आवास योजना सर्वे के संबंध में दिये दिशा निर्देश

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** कार्यालय पर नोडल अधिकारी बने परियोजना निर्देशक कपिल कुमार ने ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों के साथ बैठक कर आवास योजना सर्वे के तहत दिशा निर्देश दिये।

नवाबगंज विकासखंड कार्यालय सभागार परिसर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना सर्वे उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें जिले से आए नोडल अधिकारी परियोजना अधिकारी कपिल कुमार ने विकास खंड अधिकारी के साथ मिलकर ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सहायकों तथा ग्राम सचिव, क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने आवास योजना उन्मुखीकरण गोष्ठी में आए सभी ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों तथा ग्राम सचिवों को बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना का जल्द से जल्द सर्वे कराकर लाभार्थियों का चयन करें। वहीं मुख्यमंत्री आवासों का भी चयन किया जाए। जिससे कि मुख्यमंत्री आवासों का पैसा शीघ्र ही लाभार्थियों के खाते में डाला जाए। शासनादेश के अनुसार जरूरतमंद लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार बहुत सख्त है। जिसके चलते अधिकारी में सख्त होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया की लाभार्थियों के निम्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर लाभ दिलाया जाए। कोई भी लाभार्थी छूट न जाए और अपात्र कोई भी लाभ न ले सके। इसके लिए विकास खंड के सभी एडीओ सहित अन्य कर्मचारियों को नोडल बनाकर क्षेत्र में सर्वे करने का कार्य दिया गया है। वहीं एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने रोजगार सेवकों तथा पंचायत सहायकों को बताया कि वह शौचालय के लिए भी लाभार्थियों का चयन करें। प्रति गांव से कम से कम 20 लाभार्थी का चयन करें। कोई भी घर बिना शौचालय के ना रह सके। ऐसे ही कई दिशा निर्देश उच्च अधिकारियों ने अधीनस्थों को दिए। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव जगवीर सिंह यादव, कुलदीप सिंह, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, बृजेश यादव, अखिलेश कुमार, मोतीलाल यादव सहित समस्त ग्राम सचिव तथा तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, विनय सिंह, मनोज कुमार, सुशील कौशल, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दिनेश यादव, मनोज कुमार, अनुराग मिश्रा, पवन सिंह, विनोद कुमार सहित समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव तथा पंचायत सहायक, रोजगार सेवक बैठक में मौजूद रहे।



बैठक लेते पीडी व बीडीओ तथा मौजूद सचिव, पंचायत सहायक आदि — समृद्धि न्यूज

# दलित किशोर की हत्या में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दलित किशोर की हत्या मे वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बोरी व स्कूटी को बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 11 सितंबर को वादी सूरजपाल जाटव पुत्र जदुनाथ निवासी रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें कहा गया था कि दिनांक 5 सितंबर को उसका 15 वर्षीय पुत्र पिंकू तिकोना तिराहा स्थित राकेश भारद्वाज उर्फ लाला की परचून दुकान पर काम करने गया था। उसके बाद घर वापस नहीं आया था। सुबह उसका शव 10.15 बजे हैवतपुर गढ़िया के पास नाले में पड़ा मिला था। जिसकी हत्या राकेश भारद्वाज उर्फ लाला व उनके बेटों ने मिलकर कर दी थी। उपरोक्त सूचना पर थाना पुलिस ने 11 सितंबर को मु0अ0सं0 192/24 धारा 103, 128, 3(5), 62(2) बीएनएस व 3(2)(5) एससी/ एसटी एक्ट बनाम गुरु पुत्र राकेश भारद्वाज, राकेश भारद्वाज पुत्र नामालूम निवासीगण मोहल्ला रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा व अन्य अज्ञात में पंजीकृत किया था। शुक्रवार को नामजद अभियुक्त राकेश भारद्वाज उर्फ लाला पुत्र दयाराम निवासी रकाबगंज खुर्द थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त एक बोरी व स्कूटी को रेलवे स्टेशन फर्रुखाबाद से बरामद कर लिया।



# खबरें चलते-चलते

## एक ही प्रतिष्ठान सूरज डायग्नोस्टिक्स में होगीं सभी जांचें: डा. वैभव पाठक



फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सूरज अल्ट्रासाउंड सेंटर वालों का नवीतम् प्रतिष्ठान सूरज डायग्नोस्टिक्स जिले का एक मात्र सम्पूर्ण जांच केंद्र 15 सितम्बर को सुबह 10 बजे लोहिया मूर्ति तिराहा आवास विकास में खुल रहा है। एमबीबीएस एमडी रेडियोलॉजिस्ट डा0 वैभव पाठक ने बताया कि जनपद के मरीजों की समस्याओं को देखते हुए एक ही स्थान पर सम्पूर्ण जांच केंद्र 1.5 टेस्ला `एमआरआई खुल रहा है। जिसमें सिटी स्कैन, एक्स-रे, पैथोलॉजी, 3डी, 4डी, 5डी अल्ट्रासाउंड होगा। फीटल मेडिसिन फाउंडेशन यूके गोल्ड मेडलिस्ट द्वारा समस्त जांचे की जायेंगी। सूरज ग्रुप के चेयरमैन डा0 राजीव पाठक के नये प्रतिष्ठान का शुभारम्भ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रजनी तिवारी द्वारा 15 सितम्बर सुबह 10 बजे होगा। विशिष्ठ अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर, कायमगंज विधायक डा0 सुरभि गंगवार व एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी एवं नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल होंगी। जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह, सीएमओ डा0 अवनीन्द्र कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रंजन गौतम की मौजूदगी में शुभारम्भ होगा। आवास विकास स्थित लोहिया मूर्ति तिराहे पर खुलने वाले सूरज डायग्नोस्टिक्स में मरीजों को सभी सुविधायें दी जायेगी। अब उन्हें जांचे व एमआरआई के लिए कानपुर, दिल्ली, आगरा, लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। जनपद का मात्र एक प्रतिष्ठान सूरज डायग्नोस्टिक्स खुलने से सभी जांचें एक ही स्थान पर होगीं।

## मार्ग दुर्घटना में दो युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी आलोक मिश्रा उम्र 25 वर्ष बाइक द्वारा किसी काम से बाजार घूमने जा रहे थे। रास्ते में मार्ग दुघर्टना में घायल हो गये। वही कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कटिया निवासी नदीम उम्र 22 वर्षीय पुत्र बन्ने बाइक द्वारा कायमगंज कि ओर आ रहे थे। रास्ते में मार्ग दुघर्टना में घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनो घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

## करंट लगने से युवक झुलसा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** करंट लगने से युवक झुलस गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी अश्वनी उम्र 28 वर्षीय पुत्र सुभाष विद्युत करन्ट की चपेट मे आकर झुलस गया। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## वृद्ध की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद कासगंज थाना क्षेत्र के गाँव शाहपुर जरा निवासी अजय सिंह उम्र 70 वर्षीय पुत्र रक्षपाल की हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने वृद्ध अजय सिंह को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो मे कोहराम मच गया।

## महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलाँका निवासी आरजू उम्र 22 की हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लेकर पहुंचे। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 जितेन्द्र कुमार ने आरजू को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# करोड़ों की लागत से बने ओवरब्रिज की पहली बरसात में ही उखड़ने लगी गिट्टी

- स्थानीय नागरिकों ने सेतु निगम की गुणवत्ता पर उठाये सवाल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**करोड़ों की** लागत से बनवाये गये पुल की सात माह बाद ही गिट्टी उखड़ने लगी है। अंदर से मिट्टी निकल रही है। लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। जो बनने के सात माह के अंदर ही उखड़ने लगा है। जानकारी के अनुसार सांसद मुकेश राजपूत के प्रयास से फतेहगढ़ के भोलेपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया गया था। अभी पुल को बने सात माह ही हुए हैं, लेकिन बीते दो दिनों से हो रही बारिश से पुल की गिट्टी करीब 3 इंच उखड़ चुकी है और नीचे मिट्टी नजर आने लगी है। ओवर ब्रिज के संपर्क मार्ग की दीवारों से मिट्टी वह रही है। बताते चलें कि पुल से रोज तकरीबन दस हजार लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय निवासी मनोज कटियार ने बताया कि पुल की गुणवत्ता ठीक नहीं है। जिससे जगह-जगह से गिट्टी उखड़ने लगी है। ओवरब्रिज पर अभी तक लाइट आदि भी नहीं लगायी गयी हैं। जिससे यहां पर अंधेरा रहता है। उन्होंने सेतु निगम की गुणवत्ता पर सवाल उठाये। वहीं राजन राठौर ने बताया कि सात माह पूर्व ओवरब्रिज का निर्माण कराया गया था। जिसकी लागत करीब 25 करोड़ 89 लाख रुपये आयी थी। वहीं लाइट के लिए भी 3 लाख रुपया स्वीकृत हो चुका है, लेकिन अभी तक लाइट की व्यवस्था नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि पहली बरसात में ही पुल की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं।



ओवरब्रिज की उखड़ी गिट्टी — समृद्धि न्यूज

## बंदर भगाने गई वृद्धा छत से गिरकर घायल, इलाज के दौरान मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** बंदर भगाने गयी वृद्धा छत से गिरकर घायल हो गयी। परिजनों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम गूजरपुर पमारान निवासी रामबेटी उम्र 85 पत्नी राजाराम गुरुवार शाम को छत पर बंदर भगाने गई थी। उसी दौरान पैर फिसलने के चलते छत से नीचे आ गिरी। जिसके चलते वृद्ध महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को लेकर शहर के आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे। उपचार के दौरान वृद्ध की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बंदरों का काफी आतंक है। कई लोग पहले भी बंदरों के हमले में चोटिल भी हो चुके हैं। पुत्र बटेश्वर, बहू रामवती व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज व मारपीट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाली के विवाद में दो पक्षों के बीच गाली-गलौज व जमकर मारपीट हुई। जिससे महिला घायल हो गयी। दोनों पक्षों के लोगो ने एक दूसरे के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद नगर के मोहल्ला दलमीर खाँ निवासी देवेंद्र पुत्र लालाराम ने पड़ोसी महेश गुप्ता तथा शुभम गुप्ता के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि आरोपी दिन आए दिन गली में नाली में कूड़ा करकट करते थे। इसको लेकर मेरे द्वारा कई बार विरोध किया गया। इस दौरान आरोपी अक्सर गाली-गलौज कर धमकियां दिया करते थे। आरोप है 13 सितंबर को आरोपियों द्वारा अचानक गाली-गलौज कर हमला बोल दिया गया। आरोपियों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट की गई। शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ ने जैसे तैसे बीच बचाव कराया। इस दौरान आरोपियों ने देख लेने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से सुषमा पत्नी महेश वर्मा ने भी प्रथम पक्ष के आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपी अक्सर नाली के सहारे गंदगी उसकी तरफबहाया करते थे। जिसका समय-समय पर विरोध किया जाता रहा। महिला के अनुसार जब आरोपियों से इसकी शिकायत की, तो आरोपियों द्वारा गाली-गलौज हुए लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। फिलहाल दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी। वहीं शमशाबाद थाना पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# 48 घंटे बाद बहाल हो सकी गंगापार की बिजली व्यवस्था

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**विद्युतकर्मियों ने** करीब 48 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गंगापार क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बहाल कर पायी। बिजली आने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार बीते करीब तीन दिनों से हो रही भारी वारिश के चलते लाइन पर पेड़ गिरने से गंगापार क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गयी थी और गंगापार क्षेत्र के चारों फीडरों ने काम करना बंद कर दिया था। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां तक कि मोबाइल आदि लोगों ने जनरेटर आदि चलाकर चार्ज किये। लगभग 48 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एसडीओ सुरजीत गुप्ता, जेई हरिओम सिंह चौहान ने बिजली कर्मचारियों के साथ बिजली व्यवस्था बहाल कर पायी। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि पूर्व जेई होरीलाल वर्मा ठीक प्रकार से कार्य कर रहे थे, लेकिन सांसद ने उन्हें निलंबित करा दिया। वर्तमान अवर अभियंता हरिओम सिंह चौहान मनमाने तरह से कार्य करते हैं। जिससे लोगों को इतना अधिक बिजली संकट से जूझना पड़ा।



लाइन पर गिरे पेड़ों को हटाते बिजली कर्मचारी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की लोहिया में मौत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति की लोहिया अस्पताल में मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थिति ग्राम खुड़िनाखार थाना शमशाबाद के सामने बीते दिवस की देर शाम एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष के करीब थी, को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गयी। उधर, सूचना पर मौके पर पहुंची कस्बा पुलिस ने गंभीर हुए अधेड़ को एंबुलेंस द्वारा लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बुधवार को मृतक की पहचान हुई। ग्राम प्रधान सुधीर गंगवार ने बताया मृतक बदरुद्दीन पुत्र जुम्मन खाँ शमशाबाद का निवासी है। उन्होंने यह भी बताया घटना के समय युवक की स्थिति काफी खराब हो गयी थी।

# फांसी पर लटकी मिली महिला, ससुरालीजन फरार

- मायके वालों ने लगाया हत्या करने का आरोप

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**घर के** कमरे में फांसी के फंदे पर महिला का शव लटका मिला। शव को नीचे उतारकर ससुरालीजन फरार हो गये। मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर हरिहरपुर निवासी विवेक सिंह राठौर का विवाह बीते मई 2015 में जनपद हरदोई के पिहानी निवासी राजपाल की 32 वर्षीय पुत्री सुमन के साथ हुआ था। विवेक ट्रक चालक है। विवेक घर से बाहर था। सुमन का शव कमरे के अंदर पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे में झूलता मिला। ससुरालीजन शव को उतारकर मौके से फरार हो गये। सूचना मिलने पर सीओ अजय वर्मा, प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह सोलंकी, दरोगा अक्षय कुमार व फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और जाँच की। मृतका के एक 4 वर्षीय पुत्री परी व एक वर्षीय पुत्र शिव है। मृतका के भाई अनिल सिंह ने बहन सुमन के साथ आये दिन मारपीट करने और प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पीएम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु फांसी लगने से होना पायी गयी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।



मृतका का फाइल फोटो



## बच्ची की हालत बिगड़ी, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव कुंवरपुर खास निवासी साजिया उम्र 6 वर्षीय पुत्री इसरार को परिजन गम्भीर हालत में कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर जितेन्द्र कुमार ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# बासमती धान की फसल में प्रयोग किये जाने वाले दस कीटनाशक प्रतिबंधित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कृषि अधिकारी सत्येन्द्र सिंह ने किसान भाइयों से कहा कि जनपद में बासमती चावल की खेती बहुतायत क्षेत्रफल में की जा रही है। कृषि विभाग का यह प्रयास होता है कि आपके द्वारा जो भी फसल का उत्पादन किया जा रहा है। उसका आपको अधिक से अधिक मूल्य मिल सके। बासमती चावल से अधिक मूल्य प्राप्त करना, तभी संभव है जब बासमती चावल का अधिक से अधिक दूसरे देशों में निर्यात हो, इसके लिए हमें कुछ सावधानियां बरतनी होंगी, क्योंकि बासमती चावल आयात करने वाले देश यूरोपीय संघ, यू0एस0ए0 एवं खाड़ी देशों में निर्यात पर फसल में प्रयोग किये जाने वाले कीटनाशकों की मात्रा मानक से अधिक होने के कारण प्रतिबंध लगा दिये हैं। जिसके कारण विगत वर्षों में निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट आयी है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मांग कम हो जाने से इसका सीधा असर यहां के बाजार मूल्य पर पड़ा है। जिससे आपको जो मूल्य मिलना चाहिए वह नहीं मिल सका। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने सरदार पटेल कृषि विश्वविद्यालय मेरठ, कृषि एवं सहकारिता और किसान कल्याण विभाग/पौध संरक्षण विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की संस्तुतियों को दृष्टिगत रखते हुए बासमती चावल में निम्न कीटनाशकों के सभी फार्मुलेशन की बिक्री वितरण और प्रयोग को बासमती चावल पैदा करने वाले जनपद सहित 30 जनपदों में प्रतिबंधित कर दिया है। ताकि गुणवत्तायुक्त बासमती चावल का उत्पादन कर निर्यात में वृद्धि की जा सके। प्रतिबंधित कीटनाशक ट्राइसाइक्लाजोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, क्लोरपाइरीफॉस, हेक्साकोनोजोल, प्रोपीकोनाजोल, थायोमैथाक्साम, प्रोफोनोफॉस, इमिडाक्लोप्रिड, कार्वेडाजिम आदि कीटनाशक शामिल हैं।



धान की फसल में प्रयोग किये जा रहे कीटनाशक

# तीन दिनों से हो रही बारिश की भेंट चढ़े दर्जनों कच्चे मकान

शमशाबाद/अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

बीते तीन दिनों से हो रही वारिश में घरगिरी की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। बीते दिन कमालगंज में करीब दो दर्जन कच्चे मकान गिर गये थे। वहीं शमशाबाद में भी कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला जारी है। बीते दिन गुरुवार से लेकर शुक्रवार तक करीब एक दर्जन कच्चे मकान गिर चुके है। शुक्रवार को गॉव रोशनाबाद निवासी हफीज अहमद के कच्चे मकान का एक कमरा भरभरा कर गिर गया। कच्चा कमरा गिरने से मिट्टी में सामान दब गया परिवार के लोग दूसरे कमरे में मौजूद थे। जिसके कारण एक बड़ी घटना टल गई। गॉव के ही विवेक का भी कच्चे मकान का एक कमरा भरभरा कर गिर गया। जिसमें सामान दब गया। गॉव के ही सईद की दूकानें गॉव के मुख्य मार्ग पर हैं। बारिश होने से एक कच्ची दूकान की छत भरभरा कर गिर गई। गॉव में एक साथ तीन जगह दुकान व मकान की छत गिरने से ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सामान निकलवाया। कच्चे मकान गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई। जिस पर परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली।

वहीं अमृतपुर प्रतिनिधि के अनुसार लगातार हो रही बारिश ने आम जनमानस में हाहाकार मचा दिया है। चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। वहीं कच्चे मकान धराशाई हो रहे हैं। बता दे की तहसील अमृतपुर क्षेत्र के गांव बरुआ निवासी रजनेश तिवारी पुत्र दयाराम तिवारी का 40 वर्ष पुराना कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत यह रही कि परिवार गिरने से पहले ही घर से बाहर निकल गया। जिससे परिवार के लोग बाल-बाल बच गये। जो गृहस्थी में समान था वह मकान में दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया है कि उन्हें आज तक कभी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला। जिससे वह अपना मकान पक्का बना लेते। जब इस संबंध में उप जिलाअधिकारी अतुल कुमार से फोन पर वार्ता की गई, तो उन्होंने बताया कि लेखपाल को निर्देशित कर दिया गया है। क्षति का आंकलन कर पीड़ित को लाभ दिया जाएगा।





शमशाबाद व अमृतपुर में गिरे कच्चे मकान — समृद्धि न्यूज

# जितेंद्र सिंह यादव सिरौली की पुनः राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा पर बहाली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गत दिनों** संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी में लंबे समय से सक्रिय पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा जितेंद्र सिंह यादव सिरौली को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद द्वारा बहाल कर पुनः राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान जितेंद्र सिंह यादव सिरौली को जनपद में ही उन्हीं के गांव के किसी व्यक्ति द्वारा शिकायत के आधार पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा द्वारा पद मुक्त करने एवं निलंबन की संस्तुति कर युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद को भेज दिया गया था।

## लोकसभा चुनाव के उपरांत पदमुक्त एवं हुए थे निलंबित

जिस पर उन्हें पद मुक्त कर निलंबित कर दिया था। पदमुक्त होने के बावजूद जितेंद्र यादव विभिन्न पार्टी के कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय दिखते रहे। जितेंद्र यादव ने पिछले दिनों सपा से लोकसभा प्रत्याशी रहे डॉ0 नवल किशोर शाक्य एवं जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लखनऊ में मुलाकात की थी। इस मुलाकात के उपरांत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जितेंद्र यादव को पार्टी में दोबारा से अनुशासन में रहकर के कार्य करने हेतु निर्देशित किया था। इसी क्रम में युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद फहद ने पत्र जारी कर जितेंद्र यादव को पुनः युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया है। जैसे ही जितेंद्र यादव के समर्थकों को खबर मिली तो सैकड़ो की संख्या में उनके निवास स्थान सिरौली में उन्हें बधाई देने पहुंच गए। जितेंद्र यादव ने कहा कि उन्होंने हमेशा समाजवादी पार्टी में निष्ठा के साथ कार्य किया है। वह पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके बूथ पर समाजवादी पार्टी भरी अंतर से इस लोकसभा चुनाव में जीती भी है। इस अवसर पर उनके समर्थक साजिद खान, गोपाल वर्मा, कमल सागर, अजय पाल सिंह, विजेन्द्र शाक्य, लाल यादव, ठा0 सनी सिंह, रामरहीम यादव, हरगोविन्द सिंह, रामविलास, विनोद यादव, कामेश यादव, बाबा यादव, विजनेश सिंह आदि ने उन्हें फूल माला पहनाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया। जितेंद्र यादव ने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह के निवास पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया और पत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सौरव कटियार आदि लोग उपस्थित रहे।



जिलाध्यक्ष से पत्र प्राप्त करते जितेन्द्र सिरौली वाले

# बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था चरमरायी, अंधेरे में डूबा रहा शहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बीते दिन** भारी बारिश के चलते विद्युत व्यवस्था धड़ाम हो गयी और पूरे शहर में अंधेरा छाया रहा। विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के चलते रात भर लोग उमस व मच्छरों का प्रकोप झेलते रहे। पानी बरसने के कारण कोई भी विद्युत अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। सभी ने अपने फोन स्वीचऑफ कर लिये। विद्युत व्यवस्था चरमराने से लोगों के मोबाइल फोन तक बंद हो गये। इस लापरवाही के चलते लोगों ने उमस और गर्मी के चलते रात गुजारी। व्यापार मण्डल ने ऐलान किया कि इसी तरह से विद्युत व्यवस्था चरमराती रही तो विद्युत विभाग के खिलाफ आंदोलन किया जायेगा। शहर में बीती रात विद्युत व्यवस्था चरमारने के चलते लोग बेहाल रहे। सुबह विद्युत व्यवस्था बहाल होने पर लोगों ने अपने मोबाइल चार्ज किये और पानी की टंकियां भरी। पूरा शहर अंधेरे में रहा। सभी फीडर बंद रहे। जिस कारण आम जनता ने रात बिना बिजली के गुजारी। ऐसे में जिम्मेदारी लेने से सभी अधिकारी कतरा रहे है और कोई बोलने को तैयार नहीं है। व्यापार मण्डल ने कहा कि यही विद्युत विभाग का रवैया रहा तो विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा।



बारिश के चलते बंद पड़ा पावर हाउस — समृद्धि न्यूज

# मण्डलीय जूडो प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** माध्यमिक शिक्षा परिषद की मण्डलीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन क्रिश्चियन इंटर कालेज में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग कानपुर नगर, कन्नौज के खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। अंडर-14 बालिका वर्ग में 23 किलो भार वर्ग में मानवी, 27 किलो भार वर्ग में चाहत चौरसिया, 32 किलो भार वर्ग में कशिश गुप्ता, 36 किलो भार वर्ग में आराध्या, 44 किलो भार वर्ग में समृद्धि, 40 किलो भार वर्ग में सामी कश्यप चयनित हुई। अंडर-17 बालिका वर्ग में 40 किलो भार वर्ग में निधि भारद्वाज, 44 किलो भार वर्ग में सोनाली भारद्वाज, 36 किलो भार वर्ग में अनन्या शर्मा, 48 किलो भार वर्ग में सनरेला, 57 किलो भार वर्ग में अंशिमा का चयन हुआ। अंडर-19 बालिका वर्ग 40 किलो भार वर्ग में हिमांशी, 44 किलो भार वर्ग में अनू चयनित हुई। अंडर-14 बालक वर्ग में 35 किलो भार वर्ग में सौरभ कुमार, 30 किलो भार वर्ग में सत्यपाल, 40 किलो भार वर्ग में कृष्णा सिंह, 45 किलो भार वर्ग में मनु तिवारी, 50 किलो भार वर्ग में अनुराग कमल का चयन हुआ। अंडर-17 बालक वर्ग 40 किलो भार वर्ग में शोभित, 45 किलो भार वर्ग में दिव्यांशु, 50 किलो भार वर्ग में सौरभ शर्मा, 55 किलो भार वर्ग में साहिल सोनकर का चयन हुआ। अंडर-19 बालक वर्ग में 40 किलो भार वर्ग में अनुज कुमार, 45 किलो भार वर्ग में शिवशंकर, 50 किलो भार वर्ग में आर्यन गौतम, 55 किलो भार वर्ग में आयूष कुशवाहा चयनित हुए। जिला क्रीड़ा सचिव क्रिश्चियन इंटर कालेज के अतुल दास व शिवसेवक शर्मा, ओमप्रकाश त्रिवेदी, रजनीश कनौजिया, सतेन्द्र सिंह, देवेन्द्र कुमार, अर्जुन प्रताप, प्रियंका गंगवार आदि ने निर्णायक मण्डल में भूमिका निभाई।



जूडो प्रतियोगिता सम्पन्न कराते अतुल दास व सतेन्द्र सिंह

# नगर विधायक ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोलर प्लांट का किया लोकार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सरस्वती शिशु** विद्या मंदिर सेनापति में शुक्रवार को नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी द्वारा 7.50 किलो वाट का ग्रिड सोलर प्लांट का लोकार्पण किया। समिति के अध्यक्ष रामविलास त्रिवेदी, प्रबंधक संजीव चौहान, सह प्रबंधक सुधाकर चतुर्वेदी, विभाग कार्यवाहक विजय अवस्थी, सह विभाग प्रचारक अमित ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने कहा कि सभी लोगों की मांग पर विधायक निधि से निर्मित 7.50 किलो वाट का ग्रिड सोलर प्लांट का लोकार्पण हुआ है। विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर है। विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने आभार जताया और कहा कि मैने भी अल्प समय में इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और संस्कार व संस्कृति विद्या भारती के विद्यालयों के अलावा कहीं नहीं प्राप्त हो सकती। शिक्षा तो हम ग्रहण कर सकते है, परन्तु अच्छे संस्कार विद्या मंदिर के विद्यालयों से प्राप्त कर सकते है। सोलर ऊर्जा के लाभ के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर रामानंद पाण्डेय, कृष्ण मुरारी, सर्वेश कुमार शुक्ला, संजीव शाक्य, शिव मोहन, रजनीश, आलोक, गोविंद प्रसाद, शिवकुमार, प्रदीप कुमार, वीरेश सिंह, अर्पण अवस्थी, अंजली, अम्रता, पल्लवी, बृजपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



सोलर प्लांक का लोकार्पण करते नगर विधायक — समृद्धि न्यूज

## दबंगों ने खेत में खड़े बाजरे को जानवरों से चरवाया, पीड़ित को दी धमकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने खेत में अपने जानवर करके खड़ा बाजरा चरवा लिया। जब खेत मालिक को जानकारी हुई तो उनके घर जाकर शिकायत की तो तरह-तरह की धमकी देते हुए कहा कि तूने कहीं शिकायत की तो तेरे पर दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न में फांस देगें। पीड़ित ने इस घटना के संबंध में संबंधित चौकी पर लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराकर न्याय दिलाये जाने की मांग की। थाना जहानगंज के ग्राम गढ़ाखेरा निवासी बृजकिशोर लोधे राजपूत ने पुलिस से लिखित शिकायत कर बताया कि उसका खेत गुगौरा गांव के निकट है। जिसमें उसने बाजरा किया है। 12 सितम्बर को सुबह लगभग 6 से 8 बजे के बीच मेरे खेत में गुगौरा के बृजेश पुत्र जगदीश, जगदीश, राजेश पुत्र कृपाशंकर ने अपनी भैंस खेत के अंदर कर दी और बाजरा चरवा दिया।

# भारत स्काउट गाइड जिला परिषद की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारत स्काउट** और गाइड फर्रुखाबाद जिला परिषद की बैठक जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। लार्ड वेडेन पॉवेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक को स्कार्प पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने बैठक में एजेंडा प्रस्तुत किया। बैठक में वर्ष भर की समीक्षा व सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। अध्यक्ष ने स्काउट गाइड भवन की जगह दिलाने का आश्वासन दिया। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व डायट के विभागाध्यक्षों को प्रादेशीय मुख्यालय द्वारा दिये गये लक्ष्यों को पूरा करने के

## स्काउट भवन की जगह दिलाने का अध्यक्ष द्वारा मिला आश्वासन

निर्देश प्रदान किये गये। वन ड्रिस्टिक वन प्रोजेक्ट के लिए अति शीघ्र स्थान चयनित कर कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये गये और बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में 1 हजार आवेदन बेसिक शिक्षा व 2 हजार आवेदन माध्यमिक शिक्षा से पंजीकरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। डा0 एल0एड0 ने 500 पंजीकरण स्पेशल इट्रोडक्ट्री कोर्स डायट प्राचार्य को कराने का निर्देश दिया गया। जनपद में बेसिक कोर्स, एडवांस कोर्स कराने की चर्चा हुई। कानपुर मण्डल प्रभारी सहायक प्रादेशीय आयुक्त आरसी शर्मा द्वारा स्काउटिंग गाइड में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा0 प्रभात कुमार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रशिक्षणों की जानकारी दी गई। बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में जनपद में उत्कृष्ट स्काउट गाइड को जिलाधिकारी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डीआईओएस व बीएसए द्वारा लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिये गये। बैठक में डायट प्राचार्य अनुपम अवस्थी, जिला विकास अधिकारी, श्याम किशोर तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी डा0 महेश चन्द्र राजपूत, सचिव संतोष कुमार त्रिपाठी, डा0 बृजभूषण सिंह, विनीत कुमार चौहान, रिचा यादव, कैप्टन बलविन्दर सिंह, रामदास, ओमपाल सिंह रघुवंशी, सुमन त्रिपाठी, इंदू मिश्रा, रचना उमराव, प्रेमपाल सिंह, अनिल सिंह, पुष्कर मिश्रा, चमन शुक्ला, दीपिका राजपूत, रीता दुबे, संगीता यादव, राकेश कुमार राजपूत, राजेश राम शास्त्री, योगेश तिवारी, संदीप चतुर्वेदी, राजिन्द्र सिंह, सौरभ प्रताप सिंह, राजवीर सिंह, राघवेन्द्र सिंह, गजेन्द्र सिंह, राजकुमार, भारती मिश्रा, पुष्पा सिंह, वीना गौतम, हिमलेश शाक्य, सीमा, शैलेन्द्र यादव, राजीव शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद डीएम, डीआईओएस व अन्य — समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### जनपद की यशस्वी ने छोटी सी उम्र में ताइक्वांडो में हासिल की ब्लेक बेल्ट

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ कक्षा 2 की 8 वर्षीय छात्रा यशस्वी ने ताइक्वांडो कोरियन करांटे में छोटी सी उम्र में ब्लेक बेल्ट हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया है। जून माह में ब्लेक बेल्ट के लिए लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया था। जिसका परिणाम आने के बाद कोरिया द्वारा बेल्ट प्रमोशन करते हुए ब्लेक बेल्ट से आठ वर्षीय यशस्वी को सम्मानित किया गया। यशस्वी केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 2 की छात्रा है। छोटी सी उम्र में उसने यह उपलब्धि हासिल कर करांटे के क्षेत्र में मुकाम हासिल किया है। ताइक्वांडो प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में सम्पन्न हुई थी। ब्लेक बेल्ट प्राप्त होने पर यशस्वी को केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बधाई दी। यशस्वी के पिता मनीष भी ताइक्वांडो में ब्लेक बेल्ट सेकेंड डॉन है। वर्तमान में कई बच्चों को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दे रहे है। शहर में बालक-बालिकाओं को आत्मरक्षा में निपुण बनाने के लिए मनीष अभिभावक की तरह भूमिका निभाते है और बच्चों को पारांगत कर करांटे में महारात हासिल कराते है। उनके द्वारा सिखाये गये कई बच्चे ब्लेक बेल्ट है। होनहार छात्रा की इस उपलब्धि पर सभी करांटे खिलाड़ियों ने बधाई दी।



ब्लेक बेल्ट प्राप्त छात्रा यशस्वी

### नगर में धूमधाम से निकाली गई गणेश विसर्जन यात्रायें



गणेश विसर्जन यात्रा में मौजूद भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गणेश महोत्सव के सातवें दिन धूमधाम से शुक्रवार को गौरी के लल्ला को विदा किया गया। शहर के मुख्य मार्गों पर आधा सैकड़ा से ज्यादा विसर्जन यात्रायें निकली। भक्तों ने धूमधाम से नाचते गाते हुए गणेश महोत्सव विसर्जन यात्रा में भाग लिया। आसपास के लोगों सहित गणमान्य नागरिक गणेश विसर्जन यात्रा में शामिल होकर गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश को विदा किया। जगह-जगह मटकी फोड़ी गयी। डीजे की धुन पर महिलायें व युवतियां थिरकती रही और गणपत्ति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विदा किया गया। रास्ते में अबीर गुलाल उड़ाते हुए लोग चल रहे थे। जगह-जगह प्रसाद वितरित किया गया। सातवें दिन गणेश विसर्जन के दौरान टाउन हाल से लेकर पांचाल घाट तक मेला जैसा माहौल रहा। एक के बाद एक लगातार गणेश विसर्जन यात्रायें निकल रही थी। यातायात भी बाधित रहा। पांचाल घाट पर कई घंटे जाम की स्थिति बनी रही। प्रशासन ने बड़ी मशक्कत के बाद गणेश यात्राओं को सम्पन्न कराते हुए मूर्तियों को विसर्जन कराया। जगह-जगह पुलिस फोर्स तैनात रहा। बड़ी संख्या में अबीर गुलाल लगाते हुए भक्तगण नाचते गाते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए।

# स्वाती की हुई गोदभराई तो सनी का हुआ अन्नप्रासन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**बाल विकास** सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से आयोजित पोषण माह के तहत नवाबगंज ब्लॉक के ग्राम अचरा खलबारा में चौपाल लगाकर गर्भवती महिला स्वाती की गोद भराई कराई गई और छह माह के सनी का खीर खिलाकर अन्नप्रासन किया गया। कार्यक्रम में पोषक आहार वितरण के साथ बेहतर पोषण और प्रसवपूर्व जांच की जानकारी दी गई। नवाबगंज ब्लॉक की मुख्य सेविका सुनीता उपाध्याय ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में पोषण माह चल रहा है जो 30 सितंबर तक चलेगा। इसमें बच्चों के वजन से लेकर गर्भवती महिलाओं के गोद भराई व किशोरियों को कैल्शियम की गोली वितरण करने समेत अन्य कार्यक्रम शामिल है। सुनीता ने बताया कि गोदभराई दिवस मनाने को लेकर विभाग का उद्देश्य महिलाओं में पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। गर्भावस्था में खान-पान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त वसा की जरूरत को पूरा करने के लिए चिकनाई पूर्ण खाद्य पदार्थो का सेवन करें। साथ ही जिन महिलाओं में खून की कमी हो, इसके लिए महिलाओं को कैल्शियम आयरन की गोलियां वितरित की गई। गोद भराई के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली दी गई। जिसमें गुड़, चना, सहजन, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, आयरन की गोलियां आदि शामिल है। मौसमी फलों व सब्जियों के सेवन से होने वाले पोषण लाभ के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं के परिजनों को घरों में पोषण वाटिका का निर्माण कराने की सलाह दी गई। इस दौरान पिछड़ा वर्ग समाज कल्याण अधिकारी, समूह अध्यक्ष सैंपी, ग्राम प्रधान कमलेश, ग्राम सचिव सुनील गौतम, पंचायत सहायक आकांक्षा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित गर्भवती और धात्री महिलाएं मौजूद रहीं।



स्वाती की गोद भराई करते बाल पुष्टाहार विभाग के लोग

# टेबल टेनिस टूर्नामेंट क्लस्टर-4 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के प्रांगण में सीबीएसई द्वारा टेबल टेनिस टूर्नामेंट क्लस्टर-4 के तीन दिवसीय कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। जिसके अंतर्गत प्रयागराज मंडल के 22 विद्यालयों के बालक एवं बालिकाओं ने भाग लेने हेतु नामांकन दर्ज कराया। जिसमें सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल बहराइच, एलेन हाउस पब्लिक स्कूल कानपुर, एसएसडी एजुकेशन सेंटर कानपुर, जीडी गोनाइका पब्लिक स्कूल लखनऊ, डीपीएस बर्रा कानपुर, डीपीएस कल्याणपुर कानपुर, डीपीएस शहीदपथ लखनऊ, लखनऊ पब्लिक स्कूल उन्नाव, लखनऊ पब्लिक स्कूल लखनऊ, नवयुग रेडियंस स्कूल लखनऊ, एसडीपीएस इंटरनेशनल ललितपुर, पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर कानपुर, डीपीएस जानकीपुरम लखनऊ, दी चिंतेल स्कूल कानपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल नाथूसिंह कानपुर, डीपीएस आजादनगर कानपुर, रोजी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़, एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल जसवंत नगर इटावा, डीपीएस इटावा, एसजेए लखनऊ, डीपीएस लखनऊ, रसपिल अकादमी लखनऊ के नाम शामिल है। प्रतियोगिता को संपन्न कराने हेतु सीबीएसई से प्रसून त्रिपाठी एवं उत्तर प्रदेश के टेबल टेनिस संघ के सचिव संजय टंडन अपनी रेफरी टीम के साथ शामिल हुए। 14 सितम्बर को खेल आयोजन किया जाएगा।

## खेत में लगे सोलर पैनल चोरी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने खेत में लगे सोलर पैनल चोरी कर लिये। किसान ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम कुबेरपुर कुड़रा निवासी गौतम पुत्र महेश ने बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत पांच एचपी का सोलर पैनल अपने खेतों में लगाया था। जिससे पंपिंग सेट चलाकर खेतों में सिंचाई करते थे। बीती रात अत्यधिक वर्षा और बिजली न होने के कारण वह अपने खेतों की तरफ देखभाल करने नहीं पहुंचे। जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके खेत में लगे नौ पैनलों में एक कीमती पैनल चोरी कर लिया। वहीं थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी नें बताया कि घटना के संबंध में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

# लोधी महासभा ने मनायी स्वामी ब्रह्मानंद की पुण्य तिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** लोधी लोध महासभा के तत्वावधान में शुक्रवार को पूर्व सांसद स्वामी ब्रह्मानंद की 40वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शीशमबाग फतेहगढ़ में रमेश चन्द्र राजपूत फौजी के आवास पर सम्पन्न हुआ। समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि के रुप में महासभा के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा ने बताया कि हमारे प्रवर संत स्वामी ब्रह्मानंद का जन्म हमीरपुर जिले की राठ तहसील के बरहरा गांव में साधारण किसान परिवार में हुआ था। पिता मातादीन लोधी व माता जशोदाबाई थीं तथा प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर में मिली। उन्होंने बचपन से ही समाज में फैले अंधविश्वास, अशिक्षा तथा अनेकों कुरीतियों का डटकर विरोध किया और घर पर रहकर ही रामायण, गीता, उपनिषदों, शास्त्रों का गहन अध्ययन किया। स्वामी ने 24 वर्ष की आयु में पुत्र और पत्नी का मोह त्याग गेरु, वस्त्र धारण कर हरिद्वार में हर की पौड़ी पर सन्यास की दीक्षा ली। 1921 में महात्मा गांधी से भेंट कर स्वतंत्रता-संग्राम आंदोलन में कूद पड़े। उन्होंने नारा दिया था कि उठो वीरों दासता की जंजीरों को तोड़ दो, दासता के जीवन से मृत्यु कहीं श्रेयस्कर है, आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए। बुंदेलखंड में 1938 से शिक्षा की अलख जगाई और उच्च शिक्षा हेतु कई विद्यालयों की स्थापना की। पहली बार जनसंघ से लोकसभा हमीरपुर से 1967 में भारी मतों से रिकार्ड जीत दर्ज की। 1977 तक दस साल सांसद रहे, विशेष रूप से संन्यास लेने के बाद उन्होंने अपने हाथ से पैसा न छूने का प्रण लिया और मरते दम तक प्रण का पालन किया। 13 सितंबर 1984 को बृह्मलीन हो गये। प्रेमपाल सिंह ने कहा कि स्वामी ब्रह्मानन्द हमेशा ही गरीबों की लड़ाई लड़ने के कारण बुंदेलखंड के मालवीय से प्रख्यात हुए। उनके शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण हैं। जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी के पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है, तभी हम सभी विकास के पथ पर अग्रसर हो सकते हैं। इस अवसर पर बेचेलाल वर्मा, रामलड़ैते राजपूत, फौजी वीरेंद्र सिंह राजपूत, अनिल राजपूत, डा0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, विक्रांत सिंह राना, रामरहीस राजपूत, प्रदीप लोधी, नरेन्द्र सिंह राजपूत, अरविन्द राजपूत, राकेश सिंह, रामसरकार राजपूत, महिपाल सिंह लोधी, लालाराम राजपूत, रमेशचन्द्र राजपूत, अजय राजपूत आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जवाहर सिंह राजपूत ने की व संचालन महेशचंद्र राजपूत ने किया।



पुण्य तिथि मनाते लोधी समाज के लोग — समृद्धि न्यूज

**कार्यालय ग्राम पंचायत अछरौड़ा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 — दिनांक 13/09/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अछरौड़ा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/09/2024 से 20/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | पंचायत घर में इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.86 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | प्राथमिक स्कूल से सीताराम के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 7.20 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (देवेन्द्र कुमार) — ग्रा0पं0 अछरौड़ा, मोहम्मदाबाद — सचिव (रोहित पटेल)

# भारत को कोई सुई भी चुभेगी, तो 140 करोड़ लोगों को होगा दर्द : धनखड़

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र को स्वहित और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर रखने का आह्वान करते हुए शुक्रवार को कहा कि किसी भी स्थिति में राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए और शत्रुओं को प्रोत्साहन नहीं देना चाहिए।

श्री धनखड़ ने राजस्थान के अजमेर में राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी हालत में दुश्मन के हित को प्रोत्साहन नहीं दिया जा सकता। उन्होंने कहा, ÷ दुखद विषय है, चिंता का विषय है, चिंतन का विषय है, मंथन का विषय है कि अपने में से कुछ भटके हुए लोग संविधान की शपथ के बावजूद भारत मां को पीड़ा दे रहे हैं। राष्ट्रवाद के साथ समझौता कर रहे हैं। राष्ट्र की परिकल्पना को समझ नहीं पा रहे हैं। पता नहीं कौन से स्वार्थ को ऊपर रख कर भारत मां को लहुलुहान करना चाहते हैं। हमारे भारत को कोई सुई भी चुभेगी, तो 140 करोड़ लोगों को दर्द होगा।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि हर भारतीय देश के बाहर कदम रखता है तो वह भारतीय राष्ट्रवाद का राजदूत है। भारतीय संस्कृति का राजदूत है। इसको पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रतिपक्ष के नेता के रूप में प्रमाणित किया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री दूसरे दल के थे, कांग्रेस पार्टी के थे, नरसिम्हा राव जी थे, भारत का नेतृत्व विदेश में एक महत्वपूर्ण संवेदनशील मुद्दे पर, कश्मीर से जुड़े मुद्दे पर अटल बिहारी वाजपेयी ने किया वह प्रतिपक्ष के नेता थे। श्री धनखड़ ने कहा कि देश के अंदर या बाहर ऐसा काम नहीं करना चाहिए तो देश के साथ उपयुक्त आचरण नहीं है। भारतीय राष्ट्रवाद को बढ़ावा नहीं देता है, राष्ट्रवाद को कुंठित करता है। उन्होंने कहा, हमारे सपने पूरे करो, दुश्मनों के सपने पूरे करने में क्यों लगे हुए हो। इतिहास ने उनको कभी माफ नहीं किया है जिन्होंने देश के साथ ऐसा आचरण किया है। उन्होंने कहा कि मूल अधिकारों के साथ-साथ मूल कर्तव्यों पर भी बात करना अति आवश्यक है।भारतीय संविधान के चौथे भाग में नीति निर्देशक सिद्धांत हैं। इसमें भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को कुरुक्षेत्र में उपदेश देने का चित्र हैं। उन्होंने कहा, वह उपदेश है, एकाग्रता से, बिना भटके हुए, बिना रिश्तों को देखे हुए लक्ष्य प्राप्ति करो। और हमारे लक्ष्य क्या हैं? हमारा राष्ट्रवाद। हमारा लक्ष्य है, हमारा भारत। श्री धनखड़ ने कहा कि पिछले 10 साल में पारदर्शी और उत्तरदायित्वपूर्ण शासन व्यवस्था मिली है और कोई कानून से ऊपर नहीं है। लेकिन कुछ लोगो को इससे छटपटाहट है और परेशानी है। उन्होंने कहा, राजनीति इस तरीके से हावी हो गई उन पर कि वे राष्ट्र को भूल गए, राष्ट्रहित को भूल गए, और भूलना तो छोड़िए, राष्ट्रहित पर कुठाराघात करने लगे। विदेश में करने लग गए, उन लोगों से मिलकर करने लग गए ।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डोडा में भाजपा की चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर का चुनावी दौरा करेंगे। विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद केंद्र शासित प्रदेश में उनका पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री मोदी डोडा जिले में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जहां 18 सितंबर को चिनाब घाटी के तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में भी 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के दौरे से निश्चित रूप से केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी उम्मीदवारों की चुनावी संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। पूरे चिनाब घाटी क्षेत्र में पहले से ही हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पार्टी जम्मू संभाग की सभी 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पिछली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा के 25 विधायक थे। प्रधानमंत्री मोदी के 19 सितंबर को घाटी का दौरा करने की उम्मीद है।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी : पाक के खिलाफ हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में 14 सितंबर को चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। जहां शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत टेबल टॉपर के रूप में मैच में उतरेगा, वहीं अम्माद बट के नेतृत्व वाला पाकिस्तान अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के रूप में भारत से भिड़ेगा।

गत चैंपियन ने टूर्नामेंट को पसंदीदा के रूप में खेला है और प्रत्येक मैच जीता है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से हराया, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से हराया और पिछले मैच में कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान इस अभियान में लचीला रहा है। हॉकी के दिग्गज ताहिर ज़मान के सतर्क मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, मैं अपने जूनियर दिनों से ही पाकिस्तान टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं और हमारा उनके साथ एक विशेष रिश्ता है। वे मेरे भाई जैसे हैं. बेशक, मैदान पर हम मैच के बारे में वैसे ही सोचेंगे जैसे हम किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। हरमनप्रीत ने कहा, विश्व हॉकी में, दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता अद्वितीय है और मुझे यकीन है कि दुनिया भर के प्रशंसक भारत-पाकिस्तान मैच का इंतजार कर रहे होंगे।÷ पाकिस्तान के कप्तान अम्माद ने कहा, ÷भारत ने टूर्नामेंट में अब तक सच्चे प्रबल दावेदार की तरह खेला है। हमने जो मैच खेले हैं उनसे हमें प्रेरणा मिलेगी और मुझे कहना होगा कि हमने हर एक गेम में सुधार किया है, बिना कार्ड गंवाए और अनुशासित हॉकी खेली है।

# डाबर च्यवनप्राश ने छात्राओं के लिए आयोजित किया जागरुकता सत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारत में मानसून और उसके बाद बदलते मौसम में कई तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर खासकर बच्चे इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। तापमान में कमी और नमी के स्तर में वृद्धि के कारण मानसून के दौरान संक्रमण होना एक आम बात है। जिसकी वजह से आमतौर पर मानसून में सर्दी एवं खांसी, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड और निमोनिया जैसी बीमारियां फैलती हैं।


उष्ण, नम और आर्द्र जलवायु के कारण कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं, जो प्रतिरोधक क्षमता के कमजोर होने पर ज्यादा तेजी से फैलते हैं। इन रोगों से बचने के लिये रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाये रखने के लिये डाबर च्यवनप्राश ने यहां बाल निकुंज गर्ल्स अकेडमी, बेलीगारद शाखा, सेक्टर पी, अलीगंज में छात्राओं के लिये जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस दौरान शिवा हॉस्पिटल के आयुर्वेद फिजिशियन डा- आर-सी-उप्रेती, अकेडमी के एमडी एच-एन-जायसवाल, प्रधानाचार्या डा- अनूप कुमारी शुक्ला, कोआर्डिनेटर सुधीर मिश्रा व ओपी वर्मा आदि मौजूद थे। प्रशांत अग्रवाल, मार्केटिंग हेड- हेल्थ सप्लीमेंट्स, डाबर इंडिया लिमिटेड ने कहा आयुर्वेद की समृद्ध विरासत और प्रकृति के गहन ज्ञान के साथ, डाबर ने हमेशा प्रामाणिक अध्ययन के माध्यम से सभी के लिए सुरक्षित, लागत प्रभावी और प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया है। हम अपने उत्पाद के माध्यम से वर्तमान में भारत में विभिन्न बीमारियों से निपटने का प्रयास कर रहे हैं। डाबर च्यवनप्राश आयुर्वेद के प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किया गया फॉर्मूलेशन है।

# सेंको गोल्ड ने शुरू किया दुर्गा पूजा कैम्पेन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** 85 वर्षों की विरासत वाले भारत के प्रमुख ज्वेलरी रिटेलर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स को टीआरए द्वारा लगातार चौथे वर्ष दूसरे सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। ब्रांड के पूरे भारत में 167 शोरूम्स हैं।

सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स लंबे समय से सिर्फ आकर्षक ज्वेलरी की पेशकश करके ही नहीं, बल्कि विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से भी महिलाओं का सम्मान करता आ रहा है। इस परंपरा को जारी रखते हुए, सेंको ने एक नया दुर्गा पूजा कैम्पेन शुरू किया है, जिसे उन्होंने अपरूपा नाम दिया है। यह कैम्पेन महिलाओं की आंतरिक सुंदरता, सौम्यता और शक्ति का सम्मान करने पर आधारित है। प्रत्येक बंगाली के जीवन में दुर्गा पूजा का बहुत महत्व है, जो खुशी, श्रद्धा, सांस्कृतिक विरासत और गौरव को दर्शाता है। यह वर्ष का वह समय है, जब पूरे भारत और विश्व स्तर पर लोग, विशेष रूप से बंगाली, वर्ष का



सबसे बड़ा उत्सव दुर्गा पूजा मनाने के लिए अपने-अपने घर लौटते हैं। अपरूपा अभियान का लक्ष्य बोनेडी राज बारी (कुलीन घरेलू) शैली की दुर्गा पूजा को जीवंत बनाए रखना है। सेंको संस्कृति का जश्न मनाते हुए अल्पोना, शोंडे अरोती, ढाकी की धुन पर नृत्य और उत्सव में गायन जैसे अनुष्ठानों को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैम्पेन की थीम लाल रखी गई है, को माँ दुर्गा की दिव्य उपस्थिति और सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ब्रांड की पहचान दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। अपरूपा का अर्थ है दैवीय और मानवीय दोनों तरह की अद्वितीय सुंदरता, जो शक्ति, अनुग्रह और परंपरा का प्रतीक है। यह माँ दुर्गा के अतुल्य सौंदर्य और उनकी कृपा को प्रतिबिंबित करने वाली हर महिला का प्रतिनिधित्व करती है। ज्वेलरी की डिज़ाइन्स परंपरा और आज के समय में पहने जाने के अनुरूप तैयार की गई हैं, जो सांस्कृतिक महत्व और समकालीन शैली के बीच एक नाजुक संतुलन प्रदर्शित करती हैं। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स की डायरेक्टर और मार्केटिंग एवं डिज़ाइन की हेड जोइता सेन ने कहा, यह कैम्पेन दुर्गा पूजा के दौरान बंगाल की सांस्कृतिक समृद्धि का जश्न मनाता है, और उस कारीगरी को उजागर करता है, जो इस त्यौहार को जीवंत बनाता है। यह महिलाओं की भावना और आंतरिक सुंदरता का भी सम्मान करता है, जो विभिन्न प्रकार की ज्वेलरीज़ की आकर्षक डिज़ाइन्स के माध्यम से परिलक्षित होता है।

## लव जेहाद में 31 युवतियों को फंसाने के मामले में एक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात में लव जेहाद का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मोहम्मद जहेबाज खान नामक मुस्लिम युवक अपने छद्म नामक हर्षित चौधरी के जरिए युवतियों को आर्मी मैन होने का झांसा दिया करता था। आरोप है कि इस युवक ने करीब 31 युवतियों को प्रेम जाल में फंसाया। अब एक आर्मी जवान की बेटी की शिकायत पर पूरा मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। अहमदाबाद के जमालपुर का निवासी मोहम्मद जहेबाज खान सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर युवतियों को फंसाने की कोशिश करता था। उसने गुजरात और इसके बाहर कई राज्यों में युवतियों को लक्ष्य किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार अलीगढ़ के आर्मी ऑफिसर की बेटी को भी उसने अपने जाल में फंसाया। आर्मी के जवान की बेटी ने जब मामले की जांच की तो पता चला कि वह आर्मी मैन नहीं है। इसके बाद उसने सारी घटना पुलिस को बताई गई।

# डॉ. रितेश ने गंभीर ब्लॉकेज वाले मरीज का किया सफल इलाज

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जाने-माने इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रितेश सिंह गंगवार ने हृदय की गंभीर और जटिल बीमारी से जूझ रहे एक 55 वर्ष के मरीज का सफलतापूर्वक इलाज कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस जटिल प्रक्रिया को उत्तर प्रदेश के लखनऊ में स्थित अल्यंत्रा मेडिसिटी अस्पताल में अंजाम दिया गया। जिस मरीज का इलाज किया गया उसे पिछले एक हफ्ते से सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत थी इसलिए उसे अस्पताल के एमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। शुरुआती मेडिकल जांच में पता चला कि मरीज की दो प्रमुख कोरोनरी आर्टरीज, लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग और राइट कोरोनरी आर्टरी में गंभीर ब्लॉकेज हैं।

आगे की जांच के लिए एंजियोग्राफी की गई जिसमें पता चला कि मरीज की प्रमुख आर्टरीज में क्रॉनिक टोटल ओक्लूजन है। इसका मतलब यह है कि छ्ञ्ज्ञ की वजह से आर्टरी पूरी तरह ब्लॉक हो जाती है और लंबे समय तक ब्लॉक ही रहती है, किसी भी सामान्य प्रक्रिया के द्वारा इसे ठीक करना मुश्किल हो जाता है। डॉ. गंगवार जटिल कोरोनरी इन्टरवेंशन के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने आधुनिक इंटरवेंशनल तकनीकों के उपयोग के साथ इन सीटीओ का इलाज करने की चुनौती स्वीकार की। इस प्रक्रिया में सबसे पहले लेफ्ट एंटिरियर डिसेंडिंग पर एंजियोप्लास्टी की गई, उसके बाद राइट कोरोनरी आर्टरी पर इंटरवेंशन किया गया जहां हाई कैल्सिफाइड के लक्षण मौजूद थे। डॉक्टर गंगवार ने रेट्रोग्रेड और एंट्रोग्रेड दोनों तरह की तकनीकों का इस्तेमाल करके राइट कोरोनरी आर्टरी को सफलतापूर्वक खोला और उसमें तीन स्टेंट डाले।

